रांची सोमवार
अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
22:01:2024
जय श्री राम, जय जय राम, जय सियाराम पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 15 अंक » 022 epaper.rashtriyakhabar.com पौष, शुक्लपक्ष द्वादशी, विक्रम संवत 2080 web: www.rashtriyakhabar.com

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

## युवा झारखण्ड के बढ़ते कदम...

# रोजगार मेला

## 2500 कौशल प्राप्त युवाओं का ऑफर लेटर वितरण कार्यक्रम



मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड



दिनांक - 22 जनवरी 2023

समय - अपराह्न 2 बजे

स्थान - टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव, रांची

कौशल प्राप्त युवाओं को रांची के ओरमांझी स्थित कुल्ही इंडस्ट्रियल एरिया में संचालित अरविंद टेक्सटाइल, किशोर एक्सपोर्ट, श्री गणपति क्रिएशन, अर्बन डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड, मैट्रिक्स क्लोथिंग, वेलेंसिया अपैरल्स एवं ओरिएंट क्राफ्ट टेक्सटाइल कंपनियों के लिए ऑफर लेटर सौंपा जायेगा।

**अन्य महत्वपूर्ण बातें**

- स्थानीय युवाओं के लिए निजी क्षेत्र में 75 आरक्षण का हुआ प्रावधान।
- पूर्व में आयोजित रोजगार मेलों के अंतर्गत कुल 56 हजार युवाओं को दिया गया ऑफर लेटर।
- पलायन हुआ कम। राज्य में ही मिल रहा युवाओं को रोजगार।
- उद्योगों से विदेशों में प्रोडक्ट्स का हो रहा एक्सपोर्ट।
- वर्तमान में कुल्ही इंडस्ट्रियल एरिया में 10 हजार युवाओं को रोजगार का लाभ। यह संख्या 1 लाख तक ले जाने का संकल्प।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार PR 316713 (IPRD)23-24

शहर >> अपडेट

## जनजातीय क्षेत्रों में कौन सा उद्यमिता मॉडल विकसित किया जाये

रांची: कृषि उच्चतर प्रसंस्करण पर आयोजित विचार मंथन कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में कौन सा उद्यमिता मॉडल विकसित किया जाये, अधिकारी ये सोचें। कहा कि अगर आप जनजातीय क्षेत्रों के बारे में विचार करते हैं सिर्फ गरीब, कमजोर मानते हुए कार्य योजना बनाने की बजाय वहां उद्यमिता मॉडल कैसे विकसित कर सकते हैं, इस पर मंथन करने की जरूरत है। उत्पादन इस तरीके का हो कि वह व्यक्ति के विकास के साथ-साथ देश के विकास में भी योगदान दे सके। कार्ययोजना अर्थव्यवस्था में योगदान, जीवन पद्धति में सुधार के साथ-साथ ग्रामीण अस्तित्व को बरकरार रखते हुए तैयार की जाए। बता दें कि कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय उच्चतर कृषि प्रसंस्करण संस्थान, रांची में आयोजित किया गया था और इसमें लाख व तसर उत्पादन प्रणालियों पर चर्चा की गयी।

अवसर

### स्थानीय को निजी क्षेत्र में रोजगार देने की ओर अग्रसर राज्य सरकार

# मुख्यमंत्री हजारों हुनरमंद युवाओं को सौंपेंगे ऑफर लेटर

▶▶ रांची के कुल्ही गांव की बदल रही है तस्वीर

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राज्य के स्थानीय युवाओं को निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत नियोजन सुनिश्चित करने की दिशा में राज्य सरकार लगातार आगे बढ़ रही है। इस कड़ी को और मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सोमवार (22जनवरी 2024) को 2500 युवाओं को निजी क्षेत्र में ऑफर लेटर सौपेंगे। खेलगाँव स्थित टाना भगत स्टेडियम में कौशल प्राप्त युवाओं को अरविंद टेक्सटाइल, किशोर एक्सपोर्ट, श्री गणपति क्रिएशन, अर्बन डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड, मैट्रिक्स क्लोथिंग, वेलेंसिया अपैरल्स एवं ओरिएंट क्राफ्ट टेक्सटाइल कंपनियों के लिए ऑफर लेटर सौंपा जायेगा। इससे पूर्व मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन कर करीब 56 हजार युवाओं को निजी क्षेत्र में ऑफर लेटर प्रदान किया जा चुका है।

### प्लांट्स के शुरू होने से कुल्ही गांव की बदली तस्वीर

हेमन्त सोरेन के प्रयासों का ही प्रतिफल है कि दिसंबर 2021 में राँची के ओरमांझी स्थित कुल्ही इंडस्ट्रियल एरिया में कई टेक्सटाइल प्लांट्स का शुभारम्भ किया गया था। आज उन प्रयासों से महज तीन वर्ष में 10 हजार से अधिक युवाओं को रांची में रोजगार मिला है। यहां स्थित कपड़े की फैक्ट्रियां न सिर्फ लोगों को रोजगार दे रही हैं, बल्कि उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। यहां काम करने वालों में 90 प्रतिशत महिलाएं हैं। ये सभी युवा कुल्ही स्थित अरविंद टेक्सटाइल, किशोर एक्सपोर्ट, श्री गणपति क्रिएशन, अर्बन डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड, मैट्रिक्स क्लोथिंग, वेलेंसिया अपैरल्स एवं ओरिएंट क्राफ्ट की अत्याधुनिक कपड़े की यूनिट्स में काम कर अपना जीवन यापन कर रहें हैं। जिस कुल्ही गाँव में सड़क नहीं थी आज मुख्यमंत्री की दूरदृष्टि ने कुल्ही गांव की तकदीर और तस्वीर दोनों ही बदल दी है। कुल्ही गांव रोशन है, लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी मिल रही है। प्रत्येक घर में रोजगार है। यहां की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर कार्य कर रहीं हैं। विभिन्न राज्यों से लाई गईं बेटियों और श्रमिकों को भी मिला रोजगार

इन उद्योगों में विभिन्न राज्यों में कार्य करने गई झारखण्ड की बेटियों को भी रोजगार से आच्छादित किया गया है। नियोजित बेटियां कोरोना संक्रमण काल में वापस लाई गईं थीं या विभिन्न राज्यों में कार्य के दौरान उन्हें बंधक बना कर कार्य लिया जा रहा था। ऐसी सभी बेटियों को मुख्यमंत्री के निर्देश पर वापस झारखण्ड लाकर नियोजित किया गया है। उत्तराखंड के नवनिर्मित टनल हादसे से सुरक्षित रेस्क्यू किए गए कुछ श्रमिकों को भी कुल्ही स्थित प्लांट्स में रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

### विदेशों में हो रहा वस्त्रों का एक्सपोर्ट

कुल्ही इंडस्ट्रियल एरिया में संचालित वस्त्र उद्योग में यहां के हुनरमंद युवाओं और विश्व स्तरीय मशीनों से विश्व विख्यात ब्रांड्स के कपड़े बनाए जा रहे हैं। रांची से पूरे देश एवं यूके, अमेरिका, जर्मनी समेत कई देशों में यहां के बने कपड़ों को एक्सपोर्ट किया जा रहा है। रांची से ही ब्रांडेड जिंस, पैंट, शर्ट, बच्चों के कपड़े, लेडिज वेयर, वुलेन वेयर, अंडर गार्मेंट्स आदि की डिमांड देश-विदेश में है। झारखण्ड में टेक्सटाइल इंडस्ट्री यहां की बेहतरीन नई टेक्सटाइल पॉलिसी और राज्य सरकार से मिल रहे समर्थन की वजह से काफी ग्रो करेगी, जिससे आने वाले कुछ वर्षों में कुल्ही की फैक्ट्रियों की क्षमता एक लाख लोगों को रोजगार देने की होगी।

## सरकार को गिराकर राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश थी:झामुमो

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** शनिवार को जमीन घोटाला केस में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ के दौरान सीएम आवास के बाहर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की तैनाती को झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश बताया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कहा कि यह संभवत मौजूदा सरकार को अपदस्थ कर यहां राष्ट्रपति लगाने की साजिश के तहत किया गया प्रयास था। झामुमो ने कहा कि जब ईडी की कार्रवाई के मद्देनजर रांची जिला प्रशासन ने ईडी अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की। उनके कार्यालय को पर्याप्त सुरक्षा दी। विधि-व्यवस्था संभालने के लिए 2 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी और वरीय दंडाधिकारियों की नियुक्ति की गई थी तो वहां सीआरपीएफ जवानों की तैनाती का क्या औचित्य था। झामुमो ने कहा कि केंद्र सरकार की जांच एजेंसियों द्वारा पक्षपातपूर्ण कार्रवाई के विरुद्ध जनता और कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन कर रहे थे।

## हेमंत सरकार की नाकामियों को जन जन तक ले जाने में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण: बाबूलाल

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** भाजपा के नव नियुक्त मीडिया एवम प्रवक्ताओं की परिचयात्मक बैठक आज प्रदेश भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई । बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाईक, प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, राफिया नाज, कुणाल षड़ंगी, रमाकांत महतो, डॉ अरुण उराँव, जेबी तुबिद, विनय कुमार सिंह, अविनेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष एवम संगठन महामंत्री का स्वागत योगेंद्र प्रताप सिंह एवम राफिया नाज ने अंग वस्त्र देकर किया। संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पार्टी का प्रवक्ता पार्टी का प्रतिबिंब होता है। यह आइना भी होता है जिसमे पार्टी का चेहरा दिखता है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसी जिम्मेवारी है जिसके माध्यम से पार्टी की उपलब्धियां और विपक्ष की नाकामियों को जन जन तक पहुंचाया जाता है। आज मोदी सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं से देश के हर तबके की सेवा हुई है।जनता इसे नजदीक से महसूस कर रही है।वहीं राज्य सरकार की नाकामियों से भी जनता त्रस्त है और हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश में है।प्रदेश के प्रवक्ताओं की दोहरी जिम्मेवारी है।हमे मोदी सरकार की उपलब्धियों को भी जन जन तक पहुंचाना है और हेमंत सरकार की नाकामियों,राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार ,बेरोजगारी,महिला उत्पीड़न,आदिवासी ,दलित,पिछड़े सभी वर्गों के साथ हो रहे अन्याय को भी जनता के बीच बार बार ले जाना है।श्री मरांडी ने इस अवसर पर मीडिया एवम प्रवक्ताओं की टीम को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

## एचईसी प्रबंधन अपनी हठधर्मिता को छोड़ें : विजय शंकर नायक

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** एचईसी प्रबंधन अपनी हठधर्मिता को छोड़ें और मजदूरों से वार्ता कर उनके बकाए वेतन को भुगतान करने की दिशा में सकारात्मक ठोस पहल करें नहीं तो एर्च्ईसी को बंद होने से दुनिया की कोई ताकत नहीं बचा सकता उपरोक्त बातें आज संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड , छत्तीसगढ़ के प्रभारी विजय शंकर नायक ने आज एचईसी के सीएमडी को ईमेल भेजकर उनसे अपील किया ।इन्होंने यह भी कहा कि मजदूरों के लगातार आंदोलन से एचईसी का घाटा उत्पादन नहीं होने के कारण बढ़ता जा रहा है अनुमानतः अभी तक 300 करोड़ से अधिक का घाटा हो चुका है और अगर इसी तरह यह आंदोलन चलता रहा तो एचईसी को बंदी होने से नहीं बचाया जा सकता है । श्री नायक ने आगे कहा कि एचईसी के मजदूरों का करीब 2600 मजदूरों का वेतन मजदुरो का 16 माह से और अफसरो का 20 माह से अभी तक भुगतान नहीं किया गया है इसमें 1600 श्रमिक मजदूर एवं 1000 अफसर स्तर के पदाधिकारी का वेतन नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और लगातार आंदोलन होने से एचईसी के भविष्य में आने वाले दिनों में प्रतिकूल असर पड़ेगा जो एचईसी के हित में नहीं होगा इसलिए संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी अनुरोध करता है की एचईसी प्रबंधन अपने मजदूरों को वेतन बकाया भुगतान की दिशा में जल्द से जल्द सकारात्मक ठोस पहल कर उनके उनके बकाए वेतन का भुगतान करने का काम करें ताकि चल रहे आंदोलन को समाप्त करने एक दिशा में ठोस पहल हो श्री नायक ने यह भी कहा कि एचईसी कर्मियों के हक और अधिकार को प्रबंधन टाल मटोल रवैया करना बंद करें और अपने मजदूरों के हक और अधिकार की अपेक्षा ना करते हुए उनके जो भी जायज मांग है उनका पूरा किया जाना चाहिए और एचईसी में कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जाना चाहिए ताकि आईसीयू में भर्ती एचईसी को जीवन दान मिल सके अन्यथा इसी तरह प्रबंधन हठधार्मिता चलता रहा तो एचईसी की जान आईसीयू में ही निकल जाएगी ।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लेने पत्नी के साथ रवाना हुए सुदेश महतो

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो अपनी पत्नी के साथ अयोध्या रवाना हो गए हैं। सुदेश महतो कल राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लेंगे। सुदेश महतो को समारोह में झारखंड से राजकीय अतिथि के रूप में शामिल होने का न्योता मिला था। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्रियों, खेल, सिनेमा, कला और समाजसेवा से जुड़ी चर्चित शख्सियतों और साधु-संतों की मौजूदगी में राम मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। झारखंड में बीजेपी के नेता, सांसद और विधायक 29 जनवरी को एक जत्थे में श्रीरामलला के दर्शन-पूजन के लिए अयोध्या जाएंगे। इससे पहले 22 जनवरी को रांची में दीपोत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो एनडीए गठबंधन का हिस्सा हैं। पिछला विधानसभा चुनाव अलग लड़ने के बाद इस बार सुदेश महतो भारतीय जनता पार्टी के साथ हैं। राष्ट्रपति चुनाव में भी सुदेश महतो ने एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन किया था। इसके बाद रामगढ़ और डुमरी का उपचुनाव भी साथ मिलकर लड़ा। आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव भी साथ लड़ेंगे। इसी बीच राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सुदेश महतो को बतौर राजकीय अतिथि आमंत्रित किया गया था। 22 जनवरी को होने वाले समारोह के लिए सुदेश महतो 21 जनवरी को ही अपनी धर्मपत्नी के साथ रवाना हो गए हैं।

बैठक

### झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल की अध्यक्षता में बैठक

# झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी की बैठक मे भारत जोड़ो न्याय यात्रा की कार स्टीकर एवं न्याय यात्रा के संदेशों का पोस्टर पर्चा जारी

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन, रांची में अपराह्न 03 बजे प्रदेश प्रदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्षों की बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य रूप से भारत जोड़ो न्याय यात्रा, आगामी लोकसभा चुनाव-2024 एवं प्रोफेशनल्स कांग्रेस मेम्बरशीप पर विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक में प्रोफेशनल्स कांग्रेस की ओर से सर्वप्रथम भारत जोड़ो न्याय यात्रा की कार स्टीकर एवं न्याय यात्रा की संदेशों की पोस्टर पर्चा जारी की गई।प्रोफेशनल्स कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संदेशों एवं उद्देश्यों को बताया तथा कहा कि राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में झारखंड पहुंचेगी। इस दौरान राहुल गांधी जी करीबन आठ दिनों तक झारखंड में प्रवास करेंगे और इस यात्रा के दौरान लगभग 804 किलोमीटर की यात्रा तय करेगी। इस यात्रा की सफलता हेतु प्रोफेशनल्स लोगों की शत प्रतिशत सहभागिता करानी है। श्री जयसवाल ने कहा कि भारत जोड़ों न्याय यात्रा का उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, हनन को बचाने, आपस में फैली नफरत को खत्म करने के लिए जनता को न्याय देने के निकाली जा रही है। भाजपा की तानाशाही की मानसिकता से देश की जनता त्रस्त है, मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों से देश का हर नागरिक परेशान है। प्रधानमंत्री को जनता के दुख दर्द से कोई लेना देना नहीं है। देश की जनता के हितों की रक्षा करने के लिए कांग्रेस द्वारा सरकार के खिलाफ भारत जोड़ों न्याय यात्रा से सत्याग्रह शुरू किया है। श्री जयसवाल ने कहा कि प्रोफेशनल्स कांग्रेस का मेंबरशीप अभियान भी चला रहा है जिसमें प्रदेश प्रोफेशनल्स लोगों को ऑनलाइन मेंबरशीप के माध्यम से पार्टी में जोड़ने का काम करेंगे। साथ ही प्रोफेशनल्स कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के पार्टी मेनिफेशटो में प्रोफेनल्स लोगों को समस्याओं को सामने रखेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस युवाओं के रोजगार, वंचितों के अधिकार, किसानों की वाजिब हक, और महिलाओं बेटियो के आत्मसम्मान के लिए संघर्ष कर रही है। उन्होंने कांग्रेसजनों के साथ-साथ आमलोगों को भी राहुला गांधी जी की न्याय यात्रा में शामिल होकर न्याय योद्धा बनने की अपील की है। बैठक में प्रदेश सचिव मिनाक्षी सिंह, लोकसभ अध्यक्ष भुवनेश ठाकरु, उपाध्यक्ष जेनेट एन्ड्रू, महानगर अध्यक्ष कृष्णा सहाय, ग्रामीण अध्यक्ष संजीव महतो, प्रदेश को-ऑर्डिने ऐलन एंड्रू, अनिल सिंह, सरवर पॉल, जगरनाथ साहु, शुभम छेयावन, आशुतोष नाथ पाठक, प्रभात अग्रवाल रोहित कुमार दास, राजीव चौरसिया, सुरज झा, विवेक धान आदि शामिल थे।

## पेज एक का शेष

### हिमंत की धमकी से हम .. .. ..

उन्हें रोजगार नहीं मिल सकता। किसानों को फसल का सही दाम नहीं मिलता, छोटे दुकानदारों को नोटबंदी और जीएसटी से बर्बाद कर दिया गया। देश की पूरी सरकार चुनिंदा उद्योगपतियों के लिए चलाई जाती है। इसी के खिलाफ हमने भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली है। श्री गांधी ने भाजपा आरएसएस पर भी हमला किया और कहा, भाजपा आरएसएस देश में नफरत और हिंसा फैला रही है। इनका लक्ष्य जनता का धन छीनकर देश के दो-तीन बड़े उद्योगपतियों को देने का है। इसलिए हमने पिछले साल कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा की और उस यात्रा में हम लाखों लोगों से मिले। युवाओं ने हमसे बेरोजगारी और किसानों ने फसल के सही दाम न मिलने के मुद्दे उठाए। अब एक बार फिर से आपकी आवाज सुनने के लिए हमने भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की।

इस बीच कांग्रेस ने कहा है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा कांग्रेस पार्टी का नाम आते ही संतुलन खो देते हैं और उलटे-सीधे कदम उठाना शुरू कर देते हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश, असम कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोहरा तथा राज्य विधानसभा में कांग्रेस के नेता देवव्रत सैकिया ने रविवार को यहां संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री शर्मा को भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मिल रहे समर्थन को देखकर आपा नहीं खोना चाहिए और शांत होकर अपना काम करते रहना चाहिए। उनका कहना था कि श्री गांधी की यात्रा का रूट तीन सप्ताह पहले बन गया था और उन्हें उनके रूट के अनुसार भारत जोड़ो न्याय यात्रा करने में परेशान नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे पहले जब श्री गांधी ने दक्षिण से उत्तर की भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी और कई भाजपा शासित राज्यों से होती हुई, यह यात्रा गुजरी तो कहीं परेशानी नहीं हुई लेकिन असम के मुख्यमंत्री का संतुलन बिगड़ चुका है इसलिए वह गलत निर्णय ले रहे हैं। कल वह बोरदोवा थान जाएंगे, जो श्री श्री शंकरदेव का जन्मस्थान है। राहुल जी इस मौके पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

### श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा .. .. ..

जुड़े रहे थे और वर्तमान में आरएसएस की अवध क्षेत्रीय इकाई के सदस्य हैं। उनकी पत्नी उषा, स्नातक हैं, एक गृहिणी हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में कई बार मंदिर स्थल का दौरा किया है लेकिन उन्हें प्रतिष्ठा समारोह में एक प्रमुख व्यक्ति बनने की उम्मीद नहीं थी। सबसे बड़े बेटे रवि मिश्रा ने कहा, यह गर्व की बात है कि मेरे परिवार को भगवान राम की सेवा में काम करने का अवसर मिला है। परिवार के सभी सदस्य राम भक्त हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से 14 जोड़े यहां राम मंदिर अभिषेक समारोह के दौरान यजमान का कर्तव्य निभाएंगे।

### मामले पर विवाद के बाद .. .. ..

मिठाइयों को राम मंदिर का प्रसाद बताकर बेचा जा रहा है और ग्राहकों को गुमराह किया जा रहा है। जो किसी भी तरह से वांछनीय नहीं है। सिर्फ अमेजन ही नहीं साइबर अपराधी भी राम मंदिर के प्रसाद के नाम पर जाल बिछा रहे हैं। राम मंदिर के प्रसाद के लिए पूरा देश उत्सुक है। और साइबर अपराधी इसका फायदा भी उठा रहे हैं। मंदिर के विधिवत उदघाटन के बाद ही प्रसाद का वितरण होता है। इससे पहले ही प्रसाद बेचने का सीधा अर्थ ग्राहकों से ठगी करना है।

### कृत्रिम बर्फ बनाकर पर्यटकों .. .. ..

सीएसआईसी के वैज्ञानिक अल्बर्ट वडार्गुएर ने कहा, विचार यह है कि बादलों में होने वाली प्रक्रियाओं की नकल की जाए।

स्पेन चिलचिलाती गर्मी की लहरों और वर्षों से चले आ रहे सूखे से जूझ रहा है और कैटेलोनिया, वह क्षेत्र जहां ला मोलिना स्थित है, विशेष रूप से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। पूरे यूरोप में स्की रिसॉर्ट्स में बर्फ नहीं थी, और इस साल, भारतीय हिमालय में रिसॉर्ट्स खाली पड़े हैं क्योंकि बर्फ की कमी के कारण पर्यटक दूर रहे।

### पालतू कुत्ता टीवी पर .. . ...

कुत्ते की रुचि को अन्य जानवरों को दिखाने वाले वीडियो देखने में सबसे ज्यादा व्यस्त रहते हैं। अन्य कुत्तों की विशेषता वाली सामग्री सबसे लोकप्रिय थी। लेकिन अगर कुत्ते के विकास के बारे में नेशनल ज्योग्राफिक डॉक्यूमेंट्री आपके चार पैरों वाले दोस्त के लिए बहुत ऊंची लगती है, तो स्कूबी डू भी एक पूरी तरह से स्वीकार्य विकल्प हो सकता है। स्क्रीन पर कुत्ते किस प्रकार की सामग्री से सबसे अधिक आकर्षित हो सकते हैं, इसे बेहतर ढंग से समझने के लिए, मोवाट ने दुनिया भर के कुत्ते मालिकों के लिए अपने कुत्ते साथियों की टीवी देखने की आदतों की रिपोर्ट करने के लिए एक वेब-आधारित प्रश्नावली बनाई।

प्रतिभागियों ने अपने घरों में स्क्रीन के प्रकार, उनके कुत्ते स्क्रीन के साथ कैसे इंटरैक्ट करते हैं, उनके कुत्ते किस प्रकार की सामग्री के साथ सबसे अधिक इंटरैक्ट करते हैं, साथ ही उनके कुत्ते की उम्र, लिंग, नस्ल और वे कहाँ रहते हैं, के बारे में जानकारी के बारे में सवालों के जवाब दिए। उन्होंने वीडियो देखते समय अपने कुत्तों के व्यवहार का विवरण भी दिया। कुत्ते के मालिकों के पास अपने कुत्ते को चार लघु वीडियो दिखाने का विकल्प भी था, जिसमें संभावित रुचि के विषय शामिल थे, जिसमें एक तेंदुआ, एक कुत्ता, एक पक्षी और सड़क पर चल रहा यातायात शामिल था। फिर उनसे प्रत्येक वीडियो में अपने कुत्ते की रुचि का मूल्यांकन करने के लिए कहा गया और कुत्ते ने स्क्रीन पर चलती वस्तुओं को कितनी बारीकी से ट्रैक किया। मोवाट को संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, यूरोपीय संघ और ऑस्ट्रेलिया सहित दुनिया भर के कुत्ते मालिकों से 1,600 प्रतिक्रियाएं मिलीं। उन उत्तरदाताओं में से 1,246 ने अंततः अध्ययन पूरा किया। यह पता चला कि स्पोर्टिंग और चरवाहा कुत्तों की नस्लें अन्य नस्लों की तुलना में सभी सामग्री को अधिक देखती हैं। जानवरों को दशार्ने वाली वीडियो सामग्री सबसे लोकप्रिय थी, जबकि अन्य कुत्ते अब तक देखने के लिए सबसे आकर्षक विषय थे।

### स्वदेशी उपग्रहों की मदद से .. .. ..

दृश्य भी प्रदान किया जाता है। करीब एक महीने पहले ही पिछले साल 16 दिसंबर को निमार्णाधीन मंदिर पर नजर रखी जा रही थी। तब से, अयोध्या पर घने कोहरे के कारण स्पष्ट दृश्य प्राप्त करना मुश्किल हो गया है।

भारत के पास वर्तमान में अंतरिक्ष में 50 से अधिक उपग्रह हैं, और उनमें से कुछ का रिजॉल्यूशन एक मीटर से भी कम है। छवि को हैदराबाद में राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग सेंटर द्वारा संसाधित किया गया है, जो भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी का एक हिस्सा है। मंदिर के निर्माण के अन्य चरणों में एसआरओ प्रौद्योगिकियों का भी उपयोग किया गया है। इस भव्य परियोजना में एक बड़ी चुनौती भगवान राम की मूर्ति लगाने के लिए सटीक स्थान की पहचान करना था।

विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक शर्मा राम मंदिर प्रोजेक्ट से करीब से जुड़े हुए हैं. उन्होंने बताया कि 1992 में बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद, 40 फीट मलबे ने उस स्थान को ढक दिया, जहां माना जाता है कि भगवान राम का जन्म हुआ था। इस मलबे को हटाना पड़ा और स्थान को सुरक्षित करना पड़ा ताकि नई मूर्ति ठीक उसी स्थान पर हो। यह कहना जितना आसान था, करना उतना आसान नहीं था क्योंकि मंदिर का निर्माण विध्वंस के लगभग तीन दशक बाद शुरू हुआ था। फिर, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी बचाव में आई।

सटीक स्थान की पहचान करने के लिए, निर्माण फर्म लार्सन एंड टुब्रो के ठेकेदारों ने सबसे परिष्कृत डिफरेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस)-आधारित निदेशांक का उपयोग किया। लगभग 1-3 सेंटीमीटर तक सटीक निदेशांक तैयार किए गए थे। उन्होंने मंदिर के गर्भ गृह या गर्भगृह में मूर्ति की स्थापना का आधार बनाया। इन भौगोलिक उपकरणों में उपयोग किए जाने वाले सटीक उपकरण में भारत के अपने स्वदेशी जीपीएस - इसरो निर्मित नेविगेशन विद इंडियन कॉन्स्टेलेशन उपग्रह समूह से सटीक स्थान संकेत भी शामिल होते हैं। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने बताया कि इस तकनीक में पांच उपग्रह काम कर रहे हैं, और सिस्टम वर्तमान में अपग्रेड के लिए तैयार है।

रांची सोमवार
अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
22:01:2024
जय श्री राम, जय जय राम, जय सियाराम ➡ पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 15 अंक ›› 022 epaper.rashtriyakhabar.com ➡ पौष, शुक्लपक्ष द्वादशी, विक्रम संवत 2080 web: www.rashtriyakhabar.com

एतान्गुणांस्तात महानुभावानेको गुणः संश्रुयते प्रसह्य।

राजा यदा सत्यकुरुते मनुष्यं सर्वान् गुणानेष गुणो विभाति॥

भावार्थ : उपरोक्त आठ गुण हालांकि बहुत प्रभावशाली हैं, फिर भी है तात! जो एक ही गुण अकेला इन आठ गुणों को पछाड़ देता है वह है राजा से सम्मान प्राप्त होना। यह राजसम्मान पाने का गुण इन सब गुणों से बढ़कर है।

रांची **पारा** अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 22.00 °c | 08.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .28 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 06 .31 बजे

## अर्जेंटीना में भूकंप के मध्यम झटके

**ब्यूनस आयर्स:** अर्जेंटीना में शनिवार मध्यरात्रि के बाद भूकंप के मध्यम झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने रविवार को बताया कि सैन एंटोनियो डी लॉस कोबरेस के 102 किमी उत्तर पश्चिमोत्तर में भूकम्प के मध्यम झटके महसूस किये गये। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.4 मापी गयी। स्थानीय समयानुसार शनिवार देर रात करीब 02:36 बजे आये भूकंप का केंद्र 23.35 डिग्री दक्षिणी अक्षांश और 66.67 डिग्री पश्चिमी देशांतर पर सतह से करीब 206.5 किमी की गहराई में था।

## केदारनाथ धाम यात्रा के मार्ग पर सुविधाएं बढ़ेंगी

**रुद्रप्रयाग:** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जनपद अंतर्गत स्थित बाबा श्री केदारनाथ धाम की वर्ष 2024 की यात्रा को सुगम, सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए जिला प्रशासन अभी से जुट गया है। आगामी वर्ष 2024 की भगवान शंकर के ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग बाबा श्री केदारनाथ धाम यात्रा को सुगम एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए तथा केदारनाथ धाम में दर्शन करने पहुंचने वाले तीर्थ यात्रियों को सभी सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं चाक-चैबंद हो इसके लिए जिला अधिकारी सौरभ गहरवार ने संबंधित अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग सहित यात्रा मार्ग के विभिन्न पड़ावों का गौरीकुंड तक रविवार को निरीक्षण किया। इस दौरान, जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिस स्तर से जो भी सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जानी हैं वह यात्रा शुरू होने से पहले पूर्ण कर ली जाएं। इसमें किसी भी तहत से कोई लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाए। यात्रा मार्ग में लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए यात्रा मार्ग में मस्ता गांव में आर्यन हैलीपैड के समीप, बगड़वाल धार नारायण कोटी, कोरखी, मैखंडा, रामपुर डाट पुलिया, सोनप्रयाग जीएमवीएन गेस्ट हाउस के समीप सहित आदि स्थानों पर पार्किंग स्थल चिन्हित किए गए। उक्त स्थलों पर पार्किंग तैयार किए जाने के लिए जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग, ग्रामीण निर्माण विभाग, पर्यटन विभाग को तत्परता से आवश्यक कार्यवाई करने के निर्देश दिए।

## रूस में गैस निर्यात टर्मिनल पर विस्फोट

**मॉस्को:** रूस के सेंट पीटर्सबर्ग शहर के पास रविवार को एक गैस निर्यात टर्मिनल पर विस्फोट के बाद आग लग गई। सरकारी स्वामित्व वाली आरआईए नोवोस्ती समाचार एजेंसी ने बताया कि विस्फोट के कारण गैस निर्यात टर्मिनल पर भीषण आग लग गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है और किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। आग लगने का कारण ज्ञात नहीं है। रूसी समाचार आउटलेट शॉट ने स्थानीय निवासियों के हवाले से बताया कि उन्होंने एस्टोनिया के साथ रूस की सीमा के करीब उस्त-लुगा में एक ड्रोन के बाद कई विस्फोटों की आवाज सुनी। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने शनिवार रात यूक्रेन की सीमा के करीब स्मोलेंस्क क्षेत्र में तीन यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया। इसने पहले कहा था कि उसने पश्चिमी रूस के तुला और ओरियो में ड्रोन को मार गिराया है। इन घटनाओं में किसी के हताहत होने की रिपोर्ट नहीं है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से रूस और यूक्रेन एक-दूसरे के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहे हैं।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**राजनीति** › राहुल गांधी के साथ सीधे टकराव की तरफ बढ़ते सीएम

# हिमंत की धमकी से हम डरने वाले नहीं : राहुल

- पूरी राज्य सरकार एक परिवार के पास
- यह असम राज्य के जनता की यात्रा है
- किसी राज्य में पहले कोई परेशानी नहीं रही





**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को फिर से देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार देते हुए रविवार को कहा कि वह प्रदेश में लूट मचा रहे हैं और भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मिल रहे भारी समर्थन से बौखला कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को धमका रहे हैं लेकिन कांग्रेस के लोग उनकी धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। श्री गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के अरुणाचल से फिर असम पहुंचने पर रविवार को यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि श्री शर्मा देश के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं। असम की पूरी सरकार सिर्फ एक परिवार के लिए चलाई जा रही है और दिल्ली की भाजपा सरकार अडानी को फायदा पहुंचा रही है। उन्होंने कहा, हिंदुस्तान का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री कौन है। जवाब है, हिमंत विश्व शर्मा और ये बात असम की जनता और पूरा देश जानता है। जो लोग हमें धमका रहे हैं, वो ये जान लें कि ये राहुल गांधी की यात्रा नहीं है, असम की जनता की यात्रा है। राहुल गांधी और असम की जनता मुख्यमंत्री से डरते नहीं हैं, उन्हें जो करना है, कर लें। भारत जोड़ो न्याय यात्रा का लक्ष्य बताते हुए उन्होंने कहा आपके मुद्दे सुनना और उनके लिए लड़ाई लड़ना ही भारत जोड़ो न्याय यात्रा का लक्ष्य है। मैं जानता हूं कि हमारे कार्यकर्ताओं को धमकाया जाता है, लेकिन आप हमारी विचारधारा के लिए लड़ते हैं। आप हमारे बब्बर शेर हैं। आप सबने इतना प्यार दिया, हमारी मदद की और इसके लिए मैं आपका दिल से धन्यवाद करना चाहता हूं।

उन्होंने कहा असम के युवाओं और किसानों पर अन्याय हो रहा है। यहां के युवा लाखों रुपए लगाकर स्कूल-कॉलेज जाते हैं लेकिन फिर पता चलता है कि असम में ›› पेज 2 भी देखें

अनिल मिश्रा के अलावा चौदह और यजमान

## श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में मुख्य अतिथि होंगे नरेंद्र मोदी



**राष्ट्रीय खबर**

**अयोध्या:** 22 जनवरी यानी सोमवार को अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक समारोह से पहले, मंदिर में भव्य तैयारियां जारी हैं, जहां आरएसएस कार्यकर्ता अनिल मिश्रा और उनकी पत्नी उषा इस कार्यक्रम के लिए ₹प्रधान यजमान₹ (मुख्य यजमान) के रूप में अनुष्ठान कर रहे हैं। 63 वर्षीय मिश्रा, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के 15 ट्रस्टियों में से एक हैं, जिसका गठन 2020 में मंदिर के निर्माण की देखरेख के लिए किया गया था। मिश्रा अयोध्या में रहते हैं और चूंकि उन्हें 2020 में राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य के रूप में नामित किया गया था, इसलिए उन्होंने मंदिर के निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में अक्सर मीडिया और स्थानीय लोगों को संबोधित किया है। उन्होंने जनवरी में राम लला के अभिषेक के लिए अनुष्ठान शुरू किया था। 16 को मंत्रोच्चार के बीच सरयू नदी में डुबकी लगाई, जिसके बाद उन्होंने व्रत शुरू किया। इसके बाद उन्होंने प्रश्चिता, संकल्प और कर्मकुटी पूजा की, जो आठ घंटे तक चली। अयोध्या शहर में, जहां सुरक्षाकर्मी, भक्त और कार्यकर्ता प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियों में लगे हुए हैं, मंदिर के निर्माण के दौरान मिश्रा की भूमिका और अनुष्ठान (अनुष्ठान) में उनकी भागीदारी के बारे में स्थानीय लोग चर्चा कर रहे हैं।मिश्रा पतौना के रहने वाले हैं उत्तर प्रदेश के अम्बेडकर नगर जिले का एक गाँव। आपातकाल (1975-77) के दौरान वह आरएसएस से जुड़े। वह संगठन की सीढ़ियां चढ़ते हुए प्रांत सह-कार्यवाह बने और बाद में अवध क्षेत्र में आरएसएस के प्रांत कार्यवाह बने। वह राम मंदिर आंदोलन से ›› पेज 2 भी देखें

मंदिर उदघाटन से पहले ही ऑनलाइन राम मंदिर प्रसाद

## मामले पर विवाद के बाद अमेजन को नोटिस




**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** श्रीराम मंदिर केउद्घाटन से पहले अमेजन पर राम मंदिर प्रसाद बेचा जा रहा है। इस बात पर जनता की तीखी प्रतिक्रिया सामने आने के बाद केंद्र सरकार ने अमेजन को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने शिकायत की है कि अमेजन राम मंदिर की आम मिठाई को प्रसाद के नाम पर ऑनलाइन बेचकर आम लोगों को गुमराह कर रहा है। यह राम मंदिर का उद्घाटन नहीं था, इससे पहले आम मिठाई बेचने की शिकायत आई थी। जनता को प्रसाद के रूप में। मामला सामने आते ही केंद्र ने ट्रेड एसोसिएशन को नोटिस भेजा है।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने केंद्र से शिकायत की है कि एक प्रतिष्ठित मार्केटिंग कंपनी अमेजन राम मंदिर का प्रसाद नाम की आम मिठाई ऑनलाइन बेचकर आम लोगों को गुमराह कर रही है। उनका सवाल है कि राम मंदिर के उद्घाटन में अभी एक दिन बाकी हैं। उससे पहले साधारण मिठाई को प्रसाद बताकर ग्राहकों को धोखा दिया जा रहा है। यह शिकायत मिलने के बाद केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने अमेजन को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है।

अमेजन से अगले सात दिनों के भीतर जवाब देने को कहा गया है कि उसने ऐसा क्यों किया है। यह भी चेतावनी दी गई कि यदि कंपनी निर्धारित समय के भीतर जवाब देने में विफल रहती है, तो उनके खिलाफ उपभोक्ता अधिनियम, 2019 के तहत कार्रवाई की जाएगी। सीसीपीए ने कहा कि उसने देखा कि अमेजॅन पर विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ और कन्फेक्शनरी बेचे जा रहे थे। जिसमें कुछ ›› पेज 2 भी देखें

## छह सौ और सैनिक भागकर मिजोरम की सीमा के अंदर आये



**ने प्यी ताव:** म्यांमार में स्थिति अत्यधिक गर्म होती जा रही है। विद्रोही अराकान सेना एक के बाद एक इलाके पर कब्जा कर रही है। इस बीच, म्यांमार के कम से कम 600 सैनिकों ने सीमा पार कर भारत में शरण ली है। एक रिपोर्ट के अनुसार, म्यांमार-भारत सीमा के कई महत्वपूर्ण हिस्से अब अराकान कबीले के नियंत्रण में हैं। चीन से सटने वाली सीमा के कई शहरों पर पहले ही विद्रोहियों ने कब्जा कर लिया है। कुछ शहरों पर कब्जा वापस पाने के लिए म्यांमार जुंटा तो हवाई हमला भी करना पड़ा है। म्यांमार की सेना की स्थिति अब घिर गई है। इस बीच, म्यांमार के अधिकांश सैनिक व्यावहारिक रूप से युद्ध के मैदान से भाग रहे हैं। कम से कम 600 म्यांमार सैनिक सीमा पार कर मिजोरम में प्रवेश कर चुके हैं। इन जवानों को मिजोरम में असम राइफल्स के एक कैंप में रखा गया है। मिजोरम की राज्य सरकार ने इस मामले पर केंद्र सरकार से बात की है। उनकी मांग है कि इन विदेशी सैनिकों को उनकी धरती से तुरंत हटाया जाए। मालूम हो कि म्यांमार में अब तक 150 सैनिक भेजे जा चुके हैं। हालात इतने गंभीर हैं कि बाकी सेना वहां वापस नहीं जाना चाहती।म्यांमार का सबसे गर्म पश्चिमी हिस्सा। यहां रखाइन क्षेत्र पर व्यावहारिक रूप से अराकान सेना का कब्जा है। अराकानी समूह भारत और बांग्लादेश की सीमा पर एक के बाद एक महत्वपूर्ण शहरों पर कब्जा कर रहे हैं।

जलवायु परिवर्तन की मार झेल रहे हैं दुनिया के सारे बर्फीले इलाके

## कृत्रिम बर्फ बनाकर पर्यटकों को रिझाने की कोशिश



**राष्ट्रीय खबर**

**मैड्रिड:** स्पेन के पाइरेनीज पहाड़ों में बसा, ला मोलिना स्पेन का सबसे पुराना स्की रिसॉर्ट है। यह पाइरेनीज में सबसे बड़े सुपरपाइप का दावा करता है और इसकी ढलानों ने अल्पाइन स्कीइंग विश्व कप से लेकर स्नोबोर्ड विश्व चैंपियनशिप तक हाई-प्रोफाइल कार्यक्रमों की मेजबानी की है। लेकिन ला मोलिना को अब अस्तित्व संबंधी खतरे का सामना करना पड़ रहा है। वहां की परेशानी बर्फ. की कमी है। जैसे-जैसे वैश्विक तापमान बढ़ रहा है, रिसॉर्ट, दुनिया भर के कई लोगों की तरह, कृत्रिम बर्फ पर तेजी से निर्भर होने के लिए मजबूर हो रहा है। लेकिन नकली बर्फ की कीमत चुकानी पड़ती है। यह पानी और ऊर्जा दोनों पर गहन है - कहीं भी एक कठिन संयोजन, लेकिन विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन के कारण लंबे समय तक और गंभीर सूखे से जूझ रहे देश में।

यही कारण है कि ला मोलिना अगले तीन साल एक नई बर्फ बनाने की तकनीक का परीक्षण करने में बिताएंगे जो बहुत कम संसाधन गहन होने के साथ-साथ गर्म तापमान पर बर्फ का उत्पादन करने में सक्षम होने का वादा करती है। स्नो लेबोरेटरी कहा जाता है, और बार्सिलोना इंस्टीट्यूट ऑफ मैटेरियल्स साइंस (आईसीएमएबी-सीएसआईसी) और एफजीसी टूरिज्म द्वारा चलाया जाता है, जो सार्वजनिक स्की ढलानों का प्रबंधन करता है, यह परियोजना स्नो गन में जाने वाले पानी में एक खनिज जोड़कर नकली बर्फ बनाएगी, मशीनें जो बर्फ बनाने के लिए उच्च दबाव पर पानी और हवा बाहर निकालें। परियोजना का नेतृत्व कर रहे आईसीएमएबी- ›› पेज 2 भी देखें

**अध्ययन** › नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र से कुत्तों के बारे में मिली जानकारी

# पालतू कुत्ता टीवी पर जानवर देखना पसंद करता है

- एक सर्वेक्षण से इसका पता चला
- टीवी पर इंसान को देखना पसंद नहीं
- जीवन शैली को बेहतर बनाने की पहल



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** आम तौर पर घरों में पाले गये कुत्ते परिवार के साथ ही टीवी देखते हैं। कई बार घर के दूसरे सदस्यों को दूसरे काम में लगे होने के दौरान भी वे टीवी के सामने खड़े रहते हैं। इसके बीच कभी हमलोगों ने मन में यह विचार नहीं आया कि अगर कुत्ते को अपनी पसंद चुनने का मौका होता तो वह टीवी के रिमोट कंट्रोल से किस प्रकार का टीवी शो देखना पसंद करता। यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कॉन्सिन-मैडिसन स्कूल ऑफ वेटरनरी मेडिसिन का नया शोध कुछ उत्तर प्रदान करता है, लेकिन अध्ययन में कुत्तों के साथियों को आलसी बनकर एक जगह बैठे रहने की तुलना में पशु चिकित्सा में एक लंबे समय से चली आ रही समस्या को हल करने में अधिक रुचि थी।


पशु चिकित्सा नेत्र रोग विशेषज्ञ और स्कूल ऑफ वेटरनरी मेडिसिन के सर्जिकल विज्ञान विभाग में प्रोफेसर फ्रेया मोवाट के अनुसार, शोधकर्ता उम्र और दृष्टि सहित कारकों का निर्धारण करना चाहते थे, जो वीडियो सामग्री के साथ बातचीत करने में ›› पेज 2 भी देखें

### अध्ययन का लक्ष्य, जो दो साल पहले शुरू किया गया था

मोवत कहते हैं, का उपयोग करते हैं वह बहुत कम मानक है। मनुष्यों में, यह हाँ या ना कहने के बराबर होगा यदि कोई व्यक्ति अंधा है। हमें डॉग आई चार्ट समकक्ष का उपयोग करके कुत्तों में दृष्टि का आकलन करने के लिए अधिक संवेदनशील तरीकों की आवश्यकता है। हम अनुमान लगाते हैं कि दृश्य फंक्शन का आकलन करने के लिए वीडियो में कुत्ते का ध्यान लंबे समय तक बनाए रखने की क्षमता है, लेकिन हमें नहीं पता था कि किस प्रकार की सामग्री सबसे अधिक है कुत्तों के लिए आकर्षक और आकर्षक। हाल ही में एप्लाइड एनिमल बिहेवियर साइंस जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में पाया गया कि कुत्ते प्रभावित करते हैं। अंततः, अध्ययन का लक्ष्य, जो दो साल पहले शुरू किया गया था, कुत्तों की दृष्टि का आकलन करने के लिए अधिक संवेदनशील तरीकों के विकास का समर्थन करना था - कुछ ऐसा जिसकी पशु चिकित्सा में भारी कमी रही है।

आसमान से कुछ ऐसा नजर आता है राम मंदिर

## स्वदेशी उपग्रहों की मदद से अंतरिक्ष से भी जानकारी मिली



**राष्ट्रीय खबर**

**नई दिल्ली:** अयोध्या में भव्य प्रतिष्ठा समारोह से पहले, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने देश को हमारे अपने स्वदेशी उपग्रहों का उपयोग करके अंतरिक्ष से देखे गए भव्य राम मंदिर की पहली दर्शन या झलक दी है। 2.7 एकड़ के राम मंदिर स्थल को देखा जा सकता है और भारतीय रिमोट सेंसिंग श्रृंखला के उपग्रहों का उपयोग करके इसका एक विस्तृत ›› पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**चांडिल** : अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलाला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे भारत में जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। रविवार को कपाली ओपी पुलिस द्वारा ओपी प्रभारी संदीप कुमार के नेतृत्व में कपाली क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया ताकि विधि व्यवस्था बनी रहे। ओपी प्रभारी ने बताया कपाली ओपी क्षेत्र में पड़ने वाले चौक चौराहा में एंटी क्राइम चेकिंग भी लगाया जाएगा।

## क्राइम शॉर्ट अपडेट्स >>

### बाइक सवार ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर युवक गंभीर रूप से घायल

**पेटरवार** : पेटरवार न्यू बस पड़ाव स्थित मां लक्ष्मी हॉस्पिटल के पास एक बाइक सवार ने अनियंत्रित होकर ट्रेक्टर के पीछे जोरदार टक्कर मार दी जिसके कारण बाइक सवार युवक गंभीररूप से घायल हो गया। यह घटना रविवार को दोपहर बाद करीब तीन बजे की है। घटना की सूचना पाकर पहुंची 108 एम्बुलेंस से गंभीररूप से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेटरवार में भर्ती कराया जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार ने प्राथमिक उपचार करते हुए सदर अस्पताल बोकारो भेज दिया है। इस घटना में उसके सर में गंभीर चोट लगी है। बताया जाता है कि प्रखंड के मायापुर पंचायत अंतर्गत रोहर गांव रामचंद्र हांसदा (35 वर्ष) प्रखंड के चरगी पंचायत अंतर्गत ए गांव स्थित अपने ससुराल से बाइक में सवार होकर अपने घर रोहर जा रहा था कि पेटरवार एन एच 23 स्थित मां लक्ष्मी हॉस्पिटल के पास बाइक से अपना नियंत्रण खो दिया और पीछे से एक ट्रेक्टर में जोरदार टक्कर मार दी जिसके कारण उसके सर सहित विभिन्न स्थानों पर चोट लगी है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाने का निर्णय

**बोकारो** : त्रिवेणी कालीबाड़ी समिति की बैठक को-ऑपरेटिव कॉलोनी हुई। अध्यक्षता बीके? सिंह ने की। जिसमें आगामी 23 जनवरी को बिरसा मुंडा निशुल्क विद्यालय में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर विद्यालय संस्थापक परशुराम राम, श्यामल मित्रा, अमिताभ सिंह, राजीव रंजन सिंह, आईसी जयसवाल, सुनिल कुमार, बीबी मोदी, सुधांशु आदि उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**बेड़ो**: प्रखंड के करांजी गांव स्थित पंचायत भवन में रविवार को ग्रामीण सुलभ विकास केंद्र के तत्वाधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मानवाधिकार कार्यकर्ता ने मनरेगा 2005 कानून और पंचायती राज अधिनियम 2001 के बारे में जानकारी दिए। मनरेगा के उद्देश्य,कार्य और मजदूरी के बारे में जानकारी दिए। वही हाई कोर्ट के अधिवक्ता अमित कुमार ने वन अधिकार कानून 2006 के बारे में विस्तार से बतलाया। जल जंगल जमीन पर अधिकार के बारे में जानकारी दिए। संस्था के सचिव मंजुर अंसारी ने ग्रामीण सुलभ विकास केंद्र के कार्य व उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मौके पर उपप्रमुख मोद्दसिर हक, नवल किशोर सिंह, रूसतम अन्सारी, उमेश ठाकुर,ऑस्कर तिर्की, इस्माईल अंसारी, कुदूस खान, बबलू खान , संजय तिर्की,अनिता तिगा,तौहीद अंसारी , फगनी कच्छप, तनवीर अहमद सहित कई लोग उपस्थित थे।

**आस्था** 101 वाहनों के साथ निकली 40 फीट लंबी राम रथ, उमड़ा आस्था का सैलाब

# मोदी ने पूरा किया राम भक्तों का सपना : डॉ प्रकाश सिंह

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो** : अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर बोकारो-चास में रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ प्रकाश सिंह ने 101 वाहनों के साथ 40 फीट लंबी राम रथ यात्रा निकाली। राम रथ यात्रा निकली तो मानो पूरा शहर राममय हो गया। पुष्पवर्षा और राम नाम के साथ जगह-जगह रथयात्रा का स्वागत किया गया। इसके पूर्व सेक्टर 3 स्थित डॉ प्रकाश के आवास पर विधि-विधान के साथ भगवान श्री राम की पूजा-अर्चना और महाआरती हुई। उसके बाद महाप्रसाद खीर का वितरण किया



गया। 21 पंडितों के शंखनाद के साथ राम रथ यात्रा सेक्टर थर्ड से निकली। जो सिटी सेंटर सेक्टर 4, नया मोड़, हवाई अड्डा, योधाडीह मोड़ चास, आईटीआई मोड होते हुए सेक्टर 3 पहुंचकर समाप्त हुई। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ प्रकाश सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने राम भक्तों का 500 वर्षों का सपना पूरा किया। आज प्रत्येक भारतीय युवाओं को राम के आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। तब जाकर पुन भारत को विश्व गुरु का दर्जा मिलने का सपना साकार होगा। साथ ही साथ प्रत्येक सनातनियों को घर में रामायण रखने और पढ़ने की जरूरत है। उन्होंने हर चास बोकारो वासियों से 22 जनवरी को घर में दिया जलाने का आह्वान किया। मौके पर भाजपा नेत्री अर्चना सिंह, आदिवासी मोर्चा के अध्यक्ष रामलाल सोरेन, सांसद प्रतिनिधि एके वर्मा, समाजसेवी रामकृष्ण त्रिपाठी, जगतपति सिंह आदि उपस्थित थे।

# स्वर्ण रेखा महोत्सव का भव्य आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**चांडिल** : ईचागढ़ प्रखंड के चोगा आदरडीह में रविवार को स्वर्णरेखा महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ उरांव, तूता पंचायत के मुखिया संगीता देवी एवं अन्य अतिथियों के द्वारा विधिवत रुप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कला संस्कृति के संरक्षण में ऐसे आयोजन होना जरूरी है। वही अनुमंडल पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो ने इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए नटराज कला केंद्र चोगा को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में



आजसू नेता हरेलाल महतो, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह प्रमुख अशोक अग्रवाल, प्रमुख गुरुपद मार्डी, उप प्रमुख दीपक कुमार साव उपस्थित हुए। संस्कृति मंत्रालय,भारत सरकार के सौजन्य से नटराज कला केंद्र चोगा के द्वारा आयोजित इस महोत्सव में सबसे पहले श्रीमती बुटन देवी एवं साथी पंचपरगनिया सांस्कृतिक दल बुंडू रांची के द्वारा पांच परगनिया नृत्य संगीत की आकर्षक प्रस्तुति से उपस्थित दर्शक भाव विभोर हो गए। वहीं दूसरे स्थान सुश्री देवला मुर्मू एवं साथी कला मंदिर जमशेदपुर के द्वारा माथे पर लोटा लेकर महिलाओं के द्वारा बहुत ही सुन्दर संथाली साड़फा नृत्य की प्रस्तुति दी। श्री गुलाप सिंह मुंडा एवं साथी मानभूम सांस्कृतिक समिति ईचागढ़ के 20 सदस्य के द्वारा बीर योद्धाओं के लड़ाई पर आधारित बीर रस का पाइका नृत्य की प्रस्तुति किया गया। कलाकार हाथ में ढाल तरवाल लेकर ढाक नागरा भेर की धुन पर विभिन्न प्रकार की करतब दिखाए एवं अंतिम में सुश्री लक्ष्मी मनी महतो एवं साथी साराम्ब, पुरुलिया के द्वारा एक से बढ़कर एक कुड़माली पाता झूमर की प्रस्तुति दी गई। देर रात तक दर्शक झूमते रहे। कार्यक्रम का संचालन ठाकुर दास महतो ने किया।

# चास रोटरी क्लब के सदस्यों ने हनुमान चालीसा का पाठ




राष्ट्रीय खबर

**चास** : राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर चास रोटरी क्लब के सदस्यों ने हनुमान चालीसा का पाठ कर राम भक्त की रस धारा में सरोबर हो गए। अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि प्रभु राम हमारे जीवन में सर्वत्र रचे बसे हैं। संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा की प्रभु राम हमारे आदर्श जननायक हैं। इस अवसर पर सचिव डिंपल कौर ने समस्त बोकारो वासियों को बधाई देते हुए कहा कि श्री राम से बढ़कर दूसरा कोई नहीं। मौके पर पर मनोज चौधरी, बिनय सिंह, डॉ परिंदा सिंह, कुमार अमरदीप, विपिन अग्रवाल, कमल तनेजा, बिनोद चोपड़ा, डॉ सुमन कुमार, माधुरी सिंह, नरेंद्र सिंह, डॉ पुष्पा, मुकेश अग्रवाल, मंजीत सिंह आदि उपस्थित थे।

# अखंड रामचरितमानस पाठ का हुआ शुभारम्भ

राष्ट्रीय खबर

**गोला**: 22 जनवरी को श्री राम मंदिर अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पुरा देश अपितु लगभग 56 देशों में सनातनी बन्धुओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ विभिन्न पुजन स्थलों में रामचरितमानस एवं रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। लगभग पाँच सदी के लम्बे इन्तजार के बाद वो शुभ घड़ी आई है , इसी क्रम में गोला प्रखंड क्षेत्र भी पुरी तरह से भगवामय हो गया है। इस कड़ी में गोला के बक्शी टोला स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में रविवार को 24 घंटे का अखंड रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ किया गया। पुजारी गुरुबाबा एवं यजमान संजय बक्शी के द्वारा पुजन कार्य करने के बाद अखंड रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ किया गया। रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ वाचक पं. शिवानन्द पाठक के द्वारा किया गया तत्पश्चात क्रमवद्ध तरीके से वाचकों द्वारा ये पाठ अनवरत जारी है। समापन पाठ अन्तिम दिन सोमवार को पं. शिवानन्द पाठक द्वारा हीं किया



जायेगा। मौके पर चित्रांश महापरिवार के सचिव रविंद्र कुमार सिन्हा, अजीत कुमार सिन्हा, कुँवर कुमार बक्शी, ज्योति कुमार बक्शी, प्रदीप चन्द्र लाला, सुमन कुमार सिन्हा, प्रमोद कुमार बक्शी, सुजीत सिन्हा, धीरेंद्र बक्शी, संजय कुमार सिन्हा(झुन्नू), रजनीश आनंद, अमित कुमार, संदीप बक्शी, सुदीप बक्शी, महेन्द्र बक्शी, आनंद बक्शी, लाला चन्द्रमोहन, जीवन बक्शी, प्रीतेश बक्शी, प्रवीण बक्शी, सुमीत बक्शी सहित चित्रांश महापरिवार के कई लोग उपस्थित थे।

# प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिर में की जा रही विशेष तैयारी



राष्ट्रीय खबर

**रजरप्पा** : 22 जनवरी को होने वाले प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर झारखंड के प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तीका मंदिर में विशेष पूजा अर्चना एवं अनुष्ठान किया जाना है। इस दौरान रजरप्पा मंदिर के मुख्य पुजारी असीम पंडा ने बताया की अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मां छिन्नमस्तिका मंदिर में 11 हजार दीप प्रज्जवलित किया जायेगा। इसके साथ ही, मंदिर में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रभु श्री राम जी का प्राण प्रतिष्ठा लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। वही दोपहर में भव्य भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिर को कोलकाता के सुगंधित फूलों एवं गुब्बारे से सुसज्जित किया गया है। जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग मंदिर आना शुरू कर दिए हैं। मंदिर में 22 जनवरी को काफी भीड़ होने की संभावना है जिसको लेकर तमाम व्यवस्थाएं एवं तैयारी की जा रही है।

इधर रजरप्पा मंदिर के अष्ट मंदिर के पुजारी पंकज मिश्रा ने बताया की, अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रजरप्पा के अष्टम मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। इसके बाद यहां पहुंचे तमाम भक्तों के बीच प्रसाद के रूप में खीर एवं खिचड़ी का वितरण किया जाएगा।

**धर्मकोड** सरना धर्म कोड जनसभा का आयोजन

# भाजपा जबरन आदिवासियों को हिंदू बनाना चाहती है : जयराम

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो** : चास प्रखंड के अंतर्गत राधागांव पंचायत के दुधीमाटी गांव टोला डाहारडीह में आदिवासी सेंगेल अभियान के तत्वाधान में राधागांव? पंचायत सेंगेल टावर शिवानी हांसदा के अध्यक्षता में सरना धर्म कोड जनसभा की गई। संचालन डाहरडीह सेंगेल?टावर मधु हांसदा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बोकारो जोनल? संयोजक जयराम सोरेन ने कहा कि सरना धर्म कोड भारत के




प्रकृति पूजक लगभग 15 करोड़ आदिवासियों के अस्तित्व, पहचान, हिस्सेदारी की जीवन रेखा है। मगर आदिवासियों को उनकी धार्मिक आजादी से वंचित करने के लिए कांग्रेस-बीजेपी दोषी हैं। 1951 की जनगणना तक यह प्रावधान था। जिसे बाद में कांग्रेस ने हटा दिया और अब भाजपा जबरन आदिवासियों को हिंदू बनाना चाहती है। मौके पर कृष्णा किस्कू, सीता सोरेन, कमली सोरेन, शांति मुर्मू, सुबोध मुर्मू, कविता टुडू, संजना टुडू, ललिता टुडू, बिरान्ति टुडू, सरिता हांसदा, अदरी टुडू, रासमुनी हेंब्रम, राखी, पुसा मुर्मू, गंगाराम टुडू आदि महिला पुरुष उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### मंदिर स्वच्छता में किया श्रम दान



**चांडिल** : चांडिल बाजार में रविवार को पुराना विवेकानंद मंदिर परिसर एवं चांडिल बाजार हरि मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। समुचे देश जब राम मय होकर ?स्वच्छता, रंगोली एवं पूजा अर्चना जैसे दैविक कार्य में लगे हैं तो अपना चांडिल भी पीछे नहीं रह सकता। इसके लिये श्री राम के भक्तों ने मिलकर मंदिर परिसर की सफाई की। इस पुनीत कार्य में सुब्रत चटर्जी, संजय चौधरी, मनोज वर्मा, नीलरतन खां, देवाशीष मंडल, बाबुलाल सिंह सरदार, संजय गोप एवं राजेश वर्मा ने अपना ईश्वरीय कार्य में अपना श्रम दान किया।

### पीएलवी के कार्तिक ने लोगों को दी कानूनी जानकारी



**चांडिल** : ईचागढ प्रखंड क्षेत्र के चिमटिया गांव में रविवार को विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएलभी कार्तिक गोप ने कहा कि बाल विवाह, वाल मजदूर, घरेलू हिंसा, डायन प्रथा, अनाथ बच्चों को प्रायोजन एवं पालन पोषण योजना से लाभ लेने को कहा। उन्होंने ग्रामीणों को उनके हक और कानून से संबंधित अधिकारों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी।साथ ही वर्तमान में सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया ताकि पंचायत स्तर पर लाभुक उनका लाभ उठा सकें। उन्होंने नि:शुल्क मिलने वाली विधिक सेवाओं के बारे जानकारी दी और मोके पर लोगों को पंपलेट का वितरण किया जिसमें विस्तार पूर्वक उनके अधिकार और कानूनी जानकारी दी गई है।उन्होंने कहा किसी प्रकार की और जानकारी के लिए लीगल एड क्लिनिक प्रखंड ईचागढ कार्यालय में आकर अपनी समस्याओं को दे ताकि उन्हें हर संभव मदद दी जा सके। इस अवसर पर भुतनाथ गोप, चुनु गोप, प्रदीप गोप, दिपो शेन गोप आदि काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### विहिप ने मंदिरों में चलाया स्वच्छता अभियान



**चांडिल** : रविवार को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर लोकार्पण को लेकर चांडिल मे रविवार को विश्व हिन्दू परिषद के द्वारा चांडिल के विभिन्न मंदिरों मे स्वच्छता अभियान चलाया गया। विश्व हिन्दू परिषद के जिला कोषाध्यक्ष संजय चौधरी के अगुवाई में पुराना विवेकानंद हनुमान मंदिर परिसर एवं आसपास मे साफ सफाई किया गया। वही कदमडीह दुर्गा मंदिर मे मनोज वर्मा एवं नील रतन खां के अगुवाई मे मंदिर परिसर मे सफाई अभियान चलाया गया एवं चौक बाजार स्थित हरी मंदिर मे सुब्रत चटर्जी के अगुवाई मे पूरे मंदिर परिसर मे स्वच्छता अभियान चलाया गया। विहिप जिला कोषाध्यक्ष संजय चौधरी एवं सुब्रत चटर्जी ने कहा की अयोध्या मे होने वाले प्रभु श्री राम के मंदिर लोकार्पण को लेकर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। आज पूरा देश राममय होकर ? स्वच्छता, रंगोली एवं पूजा अर्चना जैसे दैविक कार्य में लगा हुआ है अपना चांडिल भी पीछे नहीं रह सकता इसी क्रम मे रामभक्तों ने मिलकर विभिन्न मंदिरों मे साफ सफाई की। इस पुनीत कार्य में सुब्रत चटर्जी, संजय चौधरी, मनोज वर्मा, नीलरतन खां, देवाशीष मंडल, बाबुलाल सिंह सरदार, अरिजीत खा, संजय गोप एवं राजेश वर्मा सहित अन्य ने ईश्वरीय कार्य में अपना श्रम दान किया।

### धर्म और राजनीति का घाल-मेल सिंडिकेट हिंदुत्व की साजिश

बोकारो : सीपीआई (एम) बोकारो लोकल कमेटी के सचिव राज कुमार गोरांई ने विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि अयोध्या में बन रहे मंदिर में राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूरी तरह एक धार्मिक अनुष्ठान है। इसे राजकीय आयोजन में तब्दील करना हमारे संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र और अनुच्छेद 25, 26 और 27 के खिलाफ है। जिसमें उल्लेखित है कि राज्य विभिन्न धर्मों को मानने वाले अपने नागरिकों को इजाजत देता है कि वे अपने-अपने धर्म का पालन करें, लेकिन राज्य का अपना कोई धर्म नही होगा और वह धर्म के प्रति निरपेक्ष होगा। कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र और राज्य सरकारें इस धार्मिक आयोजन में कार्यपालिका का इस्तेमाल कर और प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग कर इसे आगामी संसदीय चुनाव का राजनीतिक एजेंडा बनाने की कोशिश कर रही है। इसलिए केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा 22 जनवरी को पूरे देश में बैंकों और बीमा क्षेत्र सहित सभी प्रतिष्ठानों में आधे दिन के अवकाश की घोषणा किए जाने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। माकपा सभी धर्मों के प्रति आदर और सम्मान की भावना का पालन करती है। माकपा की स्पष्ट समझ है कि धर्म नितांत एक व्यक्तिगत आस्था का मामला है और इसमें राजनीति की मिलावट नहीं होनी चाहिए।

### जिप सदस्य के प्रतिनिधि ने सोलर युक्त जलमीनार का किया उद्घाटन



**तालगड़िया** : चंदनकियारी प्रखंड के बाट बिनोर मोड़ स्थित बजरंगबली मंदिर के समीप 15वें वित्त आयोग आबद्ध अनुदान मद से स्वीकृत सोलर युक्त जलमीनार का उद्घाटन जिप सदस्य अंबिका देवी के प्रतिनिधि रामपद दास ने किया। कहा कि यहां लोगों को जल के लिए काफी कठिनाई हो रही थी। जल मीनार निर्माण से लोगों को सुविधा उपलब्ध होगी। कहा कि विकास के लिए प्रतिबद्ध है। गर्मी के पूर्व क्षेत्र के सभी प्रमुख स्थलों पर जलमीनार निर्माण कार्य पूरा कर दिया जाएगा। लोगों के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर लीगल वालंटियर रतिलाल कुंभकार, सुधीर गोप, तपन दूबे, सुरेश सिंह, अंबुज माहथा, भागीरथ महतो, गणेश चंद्र महतो, शंकर गोप, नव गोपाल महतो, सूर्यकांत सिंह, दीनबंधु दास समेत अन्य उपस्थित थे।

शहर >> अपडेट

### ट्रक एसोसिएशन ने निकाला बाइक जुलूस

**बेरमो** :अमलो ट्रक एसोसिएशन के द्वारा मोटरसाइकिल के द्वारा 22 जनवरी को एसोसिएशन के द्वारा निकाले जा रहे जुलूस में शामिल होने के लिए आमंत्रण जुलूस निकाला गया। यह जुलूस अमलो से प्रारंभ होकर अमलो बस्ती, सुभाष नगर, जवाहर नगर, बेरमो, करगली गेट, करगली बाजार, ढोरी स्टाफ क्वार्टर, पुराना बीडीओ ऑफिस, फुसरो बाजार, ब्लॉक कॉलोनी, नया रोड, सिंह नगर होते हुए वापस एसोसिएशन के कार्यालय पहुंचा।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### भगवान श्रीराम के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश हुआ राममय

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट** : 22 जनवरी को अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में भगवान श्री राम के मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरा देश राममय हो गया है। उसी कड़ी में झारखंड के बोकारो में जगह जगह 22 जनवरी को राम उत्सव के रूप में मनाने की तैयारी चल रही है। बोकारो में राम उत्सव को शांति व सौहार्दपूर्ण में वातावरण में मनाने को लेकर जिले के तेनुघाट ओ पी परिसर में शांति समिति की बैठक पेटरवार सी आई शंकर पंडित की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान लोगों से सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में पूजा अर्चना करने की अपील की गई। सी आई शंकर पंडित ने कहा कि 22 जनवरी को नवनिर्मित अयोध्या मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम निर्धारित है। उस दिन सभी लोग शांतिपूर्ण माहौल में मंदिरों पर पूजन अर्चना, भजन-कीर्तन करें। उन्होंने कहा की अफवाहों पर कोई भी ध्यान नहीं देंगे। किसी तरह की समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। अगर कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करे तो प्रशासन को सूचित करें। शरारती तत्वों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी आशीष कुमार ने शोभा यात्रा के दौरान किसी संप्रदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक नारा नहीं लगाने की अपील की।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बोकारो में शांति समिति की बैठक आयोजित

**बेरमो** :भगवान श्रीराम जी की जन्म भूमि अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा को ले कर शनिवार को बोकारो थर्मल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर रूपेंद्र कुमार राणा ने किया। बैठक में प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी मंदिरो में पूजा-अर्चना करने एवं दीप प्रज्वलित करने का कार्यक्रम आयोजित है। जिसमे भारी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु मन्दिर पहुंच कर पूजा-अर्चना करने की आसंका व्यक्त की जा रही है। जिसे शांति पूर्वक संपन्न करवाने एवं पूजा करने आने-जाने वाले भागतो को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिए थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

### राज्य मंत्री ने लट्टकुट्टा गांव में नया विद्युत ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

**बेरमो /गोमिया** :गोमिया प्रखंड अंतर्गत पलिहारी गुरुडीह पंचायत के लटकुट्टा गांव में शनिवार को राज्य मंत्री सह राज्य समन्वय समिति सदस्य योगेंद्र प्रसाद महतो ने 200 केवीए क्षमता का नया विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन फीता काट कर किया। पुराना ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण गांव में एक सप्ताह से बिजली बाधित थी। पूर्व उपमुखिया चंदन पासवान के नेतृत्व में ग्रामीणों के आग्रह करने पर योगेंद्र प्रसाद ने नया विद्युत ट्रांसफर्मर उपलब्ध कराया है। इस दौरान काफी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण मौजूद थे। ग्रामीणों ने योगेंद्र प्रसाद को गुलदस्ते भेंट कर व शॉल ओढाकर स्वागत किया। मौके पर कई लोगों ने योगेंद्र प्रसाद के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा जिस पर त्वरित कार्रवाही किया गया।

महायज्ञ

हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह तीन दिवसीय महायज्ञ को लेकर निकाली कलश यात्रा

# राम और हनुमान की भक्ति में ही शक्ति है:सुनीता

- यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है
- गांव की सैकड़ों महिलाएं यज्ञ मंडप में एकत्रित हुईं

राष्ट्रीय खबर



**रजरप्पा** :चितरपुर प्रखंड के सुकरीगढा पंचायत के नायक टोला में शनिवार को श्री श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह तीन दिवसीय महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी व विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव अमृतलाल मुंडा उपस्थित हुवे।इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि सुकरीगढ़ा के नायक टोला में श्री श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह तीन दिवसीय महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई है इसमें हम सनातनियो को बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले कर इस यज्ञ को सफल बनाना है।यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है। वहीं मन को असीम शांति मिलती है।राम और हनुमान की भक्ति में ही शक्ति है।इस लिए बजरंग बली का नीत दिन पाठ करे और अपने जीवन को खुश रखे।इससे पूर्व यहां पहुँचे अथितियों का स्वागत चुनरी ओढ़ाकर किया गया।वही गांव की सैकड़ों महिलाएं यज्ञ मंडप में एकत्रित हुईं।

तत्पश्चात गाजे बाजे के साथ कलश लेकर पनशाला के सिमरा गढ़ा तट पर पहुंची।वहा पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महिलाओं को गंगा पुजन कराया गया। इसके साथ ही महिलाएं कलश में शुद्ध जल भरकर यज्ञ मंडप के लिए प्रस्थान कीं। इस दौरान हर-हर महादेव, जय श्रीराम, पवनपुत्र हनुमान, धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो के जयकारे से सारा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। यज्ञ मंडप पहुंचने के बाद आचार्यो द्वारा कलश स्थापित कर मंडप प्रवेश व वेदी निर्माण की पूजन कराया गया।मौके पर स्थानीय मुखिया दिल्ली कुमारी एवं पंसस आसू कुमारी ने सक्रिय भूमिका निभाई।इस आयोजन को सफल बनाने के लिए यज्ञ समिति के संरक्षक माला देवी, अध्यक्ष मुन्नु नायक, सचिव मलेश्वर नायक, कोषाध्यक्ष सोहित नायक, विक्की नायक, सच्चू प्रसाद सहित दर्जनों लोगों ने बीड़ा उठाया है।

## आज नगर भ्रमण के साथ रामायण पाठ की होगी पूणार्हुति



राष्ट्रीय खबर

**गोला** : डॉ अजित चितरंजन सेवा सदन गोला परिसर क्षेत्र अंतर्गत श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में तीन दिवसीय रामायण पाठ की पूणार्हुति 22 जनवरी को किया जाएगा। सेवा सदन के प्रबंधक वंदनाअम्बष्ट ने बताया कि अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में राम उत्सव समारोह को लेकर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में रामायण हो रहा है। पूणार्हुति के दिन मंदिर से प्रभात फेरी के तहत नगर भ्रमण किया जाएगा। साथ ही भंडारा होगा। रविवार को मंदिर में भक्तों के बीच अयोध्या से आया अक्षत का वितरण किया गया। इधर क्षेत्र के सार्वजनिक दुर्गा मंदिर गोला में रामचरितमानस के सुंदरकांड पाठ के साथ प्रसाद वितरण और भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में सार्वजनिक दुर्गा मंदिर समिति के प्रतिनिधि और सदस्य शामिल हैं, जिन्होंने लोगों से भंडारा कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। पाठक टोला स्टेशन रोड गोला स्थित जोड़ा शिवालय परिसर में प्रतिष्ठा को लेकर कार्यक्रम किया गया है। यहां भगवान श्री महाकाल श्रृंगार पूजन उत्सव के साथ भंडारा होगा। बक्शी टोला स्थित चित्रगुप्त मंदिर, प्राचीन महावीर मंदिर सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसका भंडारा के साथ पूणार्हुति होगी।

## श्री श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का प्रकाश उत्सव धूमधाम से मनाया



राष्ट्रीय खबर

**कुजू** : श्री श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 357 वी प्रकाश उत्सव गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कुजू में शनिवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही सिखों का समूह गुरुद्वारा परिसर पहुंचकर माथा टेक गुरु महाराज के चरणों में अपनी हाजिरी लगाई। गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव को लेकर गुरु महाराज की पालकी को फूलों से सुसज्जित किया गया । तत्पश्चात रामगढ़ से आए रागी जत्था सरबजीत सिंह के कीर्तनियां जत्था द्वारा गुरबाणी ,शब्द, कीर्तन किया गया । मौके पर रागी जत्था का स्वागत गुरुद्वारा प्रधान अरविंदर सिंह बग्गा कोषाध्यक्ष मनजीत सिंह और गुरमीत सिंह और गुरमीत सिंह के द्वारा सरोपा प्रदान कर किया गया । वही हजारीबाग से आए एक गुरु के सेवक ने गुरु का गुणगान किया। जिसको गुरप्रीत सिंह बागा ने सरोपा प्रदान कर सम्मानित किया । तत्व पश्चात गुरुद्वारा के ग्रंथी कुलबीर सिंह बाबा कुलबीर सिंह के अरदास के पश्चात गुरु का अटूट लंगर का वितरण किया गया जिसमें सिख समाज सहित अन्य सभी कुजू वासियों ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया ।गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 357 वी प्रकाश उत्सव गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कुज्जू में धूमधाम के साथ मनाया गया । इस अवसर पर गुरु महाराज की पालकी को फूलों से सुसज्जित किया गया । तत्पश्चात रामगढ़ से आए रागी जत्था सरबजीत सिंह के कीर्तनीय जत्था द्वारा गुरु महाराज का सबद कीर्तन किया गया । मौके पर रागी जत्था का स्वागत गुरुद्वारा प्रधान अरविंदर सिंह बग्गा कोषाध्यक्ष मनजीत सिंह और गुरमीत सिंह और गुरमीत सिंह के द्वारा सरोपा प्रदान कर किया गया ।

वही हजारीबाग से आए एक गुरु के सेवक गुरु के सेवक ने गुरु का गुणगान किया। जिसको गुरप्रीत सिंह बागा ने सरोपा प्रदान कर सम्मानित किया । तत्व पश्चात गुरुद्वारा के ग्रंथी कुलबीर सिंह बाबा कुलबीर सिंह के अरदाश के पश्चात गुरु का अटूट लंगर का वितरण किया गया जिसमें सिख समाज सहित अन्य सभी कुजू वासियों ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया । वहीं प्रकाश उत्सव की पूर्व संध्या कुजू गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। गुरुद्वारा प्रधान अरविन्दर सिंह बग्गा के कुंदरिया बांध, डटमामोड़ स्थित आवास से फूलों से सुसज्जित वाहन पर पवित्र श्री गुरुग्रंथ साहिब को फूलों से सुसज्जित पालकी में लेकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया।

## रोजी रोटी पर किसी का प्रहार सहन नहीं किया जाएगा :दुलारचंद



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /कथारा:** कृष्ण चेतना क्लब कथारा के प्रांगण में प्रोग्रेसिव संवेदक समिति कथारा क्षेत्र के संगठन से जुड़े सदस्यो की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष दुलारचंद्र यादव ने की। जबकि कार्यक्रम का संचालन संगठन के सचिव विजय कुमार सिंह ने किया। यहां वर्ष 2024-25 के वित्तीय वर्ष में संगठन से जुड़े संवेदकों को कैसे ज्यादा से ज्यादा कार्य स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा के माध्यम मिल पाए इसको लेकर विमर्श किया गया। वही इस बात पर भी गहन मंथन हुआ कि कथारा क्षेत्र से इतर दूसरे इलाके के लोग स्थानीय संवेदकों के काम मिलने पर प्राथमिकता को परे करके रोजी रोटी छीनने का काम कर रहे हैं, उनको ऐसा नही करने के लिए समझाने और बुझाने का काम किया जाए। ऐसा नही होने पर क्षेत्र के संवेदकों के आजीविका चलाने और उनके परिवार के भरण पोषण के कार्य में मुश्किलों और भुखमरी की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है।

संगठन के अध्यक्ष दुलारचंद्र यादव ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोयला मंत्री के साथ यह समझौता किया था कि करोड़ तक के काम स्थानीय संवेदकों को ही मिलना चाहिए। उसे लागू करवाने के लिए विभिन्न स्तरों पर बातचीत और पत्राचार का कार्य किया जाए। श्रीयादव ने कहा कि रोजी रोटी पर प्रहार का कार्य बर्दाश्त नही किया जाएगा। यहां सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर बैरिष्टर सिंह, मो मुर्शिद अली और मनोज तिवारी को संगठन का पदाधिकारी बनाने और 28 जनवरी को कृष्ण चेतना क्लब कथारा में वनभोज का आयोजन करने का निर्णय हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष दुलारचंद्र यादव, सचिव विजय कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष मुर्शिद अंसारी, बैरिष्टर सिंह, मनोज तिवारी, मो इलियास, मो मुर्शिद अली, प्रणवानंद चौधरी, मो आजाद, अतिकुल रहमान उर्फ बबलू, करण यादव, नाजिर अली, मो साजिद, सीताराम महतो आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## आजसू प्रखंड कमिटी की बैठक संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**गुवा:**जगन्नाथपुर विधानसभा अंतर्गत नोवामुंडी प्रखंड के डुकासाई ग्राम में प्रखंड अध्यक्ष शनि लोहार की अध्यक्षता मे आजसू प्रखंड कमिटी की बैठक संपन्न हुई ।इस बैठक मे मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव सह जगन्नाथपुर विधानसभा प्रभारी उपस्थित हुए प्रखंड कमिटी द्वारा सर्वसम्मति से अखिल झारखण्ड अनुसूचित जनजाति महासभा नोवामुंडी प्रखंड अध्यक्ष विजय बारजो एवं सचिव कृष्णा बारजो को चयनित किया गया ।साथ ही अन्य दलों के कार्यकर्ता पार्टी पर आस्था और विश्वास रखते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया मौके पर मंगल सुरेन ने सभी का अभिनन्दन एवं स्वागत करते हुए कहा की नये युवा साथियों को इस पार्टी में किसी भी प्रकार का मान सम्मान में कमी नहीं होने दिया जायेगा । इनके लिए पार्टी सदैव खड़ी रहेगी । उक्त कार्यक्रम में जिला सचिव राकेश राउत, एस सी महासभा प्रखंड अध्यक्ष अरुण करुवा, उपाध्यक्ष संतोष करुवा,सचिव नंदन करुवा, श्रमिक संघ उपाध्यक्ष बापी करुवा, पंचायत समिति सदस्य सतीश ठाकुर, गणेश सोलंकी, श्याम सुन्दर, सतीश पूर्ति मंगल संडील विश्वाजीत लागूरी सिद्धार्थ टूटी भीम बारजो करण बारजो सुखराम बारजो प्रताप पूर्ति विजय देवगम आदि उपस्थित हुए ।

मांग

झाकोमयू ने किया जीएम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन

# प्रबंधन को 15 दिनों का अल्टीमेटम : इकबाल

- मांगो पर सकारात्मक पहल नही करती है
- यूनियन पुरे सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र का चक्का जाम करेगा

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो /कथारा :** अपने 23 सुत्री मांगो को लेकर शनिवार को झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन ने सीसीएल कथारा मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया और चेतावनी देते हुए मांग पत्र सौंपा की अगर 15 दिनों के भीतर सीसीएल प्रबंधन उनकी मांगो पर सकारात्मक पहल नही करती है तो यूनियन पुरे सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र का चक्का जाम करेगा। एक छटाक भी कोयला ना तो उत्पादन होने दिया जायेगा और ना ही कोयले की ट्रांसपोटिंग हो पायेगा जिसका जिम्मेवार सीसीएल प्रबंधन स्वंय होगा।मौके पर यूनियन के नेताओं ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन सिर्फ अपने कोल उत्पादन पर ध्यान देती है उसे ना तो मजदूरों की समस्याओं से कोई लेना देना है और ना ही विस्थापितों की परेशानियों से कोई सरोकार है।

कहा कि झारखंड सरकार के अधिनियम के अनुसार स्थानीय विस्थापितों और बेरोजगारों को ठेका कार्यो में भागीदारी और आउटसोर्सिंग के कार्यो में रोजगार से जोड़ना। मगर सीसीएल प्रबंधन को राज्य सरकार के किसी आदेश का मानो कोई परवाह ही नहीं है। मगर अब ऐसा नहीं चलने दिया जायेगा। हमारी यूनियन इस तरह के कार्य प्रणाली किसी किमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। कहा कि यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष गुरुजी शिबू सोरेन जी का आदेश मिला तो क्षेत्र में सीसीएल के सभी क्रिया कलापों पर पूर्ण विराम लग जायेगा। मौके पर उपरोक्त यूनियन प्रतिनिधियों के अलावे सैकड़ो की संख्या में सीसीएल कर्मी, कामगार, ठेका मजदूर व विस्थापित शामिल थे।

### गोला में लगा झारखण्ड का पहला हनुमान टॉवर सुबह शाम हनुमान चालीसा का पाठ देगा सुनाई



**गोला** : गोला में देश का दूसरा और झारखण्ड का पहला हनुमान टॉवर लगाया गया है। यह टावर गोला के प्राचीन महावीर मंदिर के परिसर में लगाया गया है। टॉवर की ऊंचाई 51 फीट है, जिसमें महावीर पताका और 16 लाउडस्पीकर लगाया गया है। लाउडस्पीकर से सुबह शाम हनुमान चालीसा का पाठ सुनाई देगा। बताया जाता है कि देश का पहला हनुमान टॉवर राजस्थान प्रदेश में है और झारखण्ड के गोला में यह दूसरा लगाया गया है, जो झारखण्ड प्रदेश का पहला हनुमान का टॉवर है। हनुमान टॉवर समिति के प्रतिनिधि और सदस्यों ने बताया कि टॉवर का निर्माण राजस्थान के हनुमान टॉवर के तर्ज पर किया गया है। इस टॉवर के निर्माण में 150 दिन लगा है और लागत लगभग डेढ़ लाख रुपया का है। टॉवर निर्माण का कार्य समिति के सदस्यों ने खुद किया है, इस कार्य के लिए कोई मजदूर नहीं लगाया गया। क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने आर्थिक सहयोग किया है। हनुमान टॉवर के उद्घघाटन अवसर पर क्षेत्र में शोभा यात्रा निकाली गयी। अयोध्या में प्रभु श्री रामोत्सव समारोह के अवसर पर 22 जनवरी को टॉवर का उद्घघाटन किया जाएगा।

### जरीडीह बाजार में निकाला गया भव्य कलश यात्रा



**बेरमो** : बेरमो प्रखंड के जरीडीह बाजार में रविवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाए, युवतियां शामिल थी। सभी अपने सरो पर कलश रख जरीडीह बाजार के लगभग सभी मंदिरों का भ्रमण करते हुए पुरे जरीडीह बाजार का भ्रमण किया। इस दौरान धार्मिक नारो से पुरा वातावरण भक्ति मय हो गया। बताता चलू की 22 तारीख को अयोध्या में निर्मित श्री राम मे प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पुरे देश में मानो श्री राम की बयार बह रही है। इसमे बेरमो कोयलांचल कही से भी पिछे नही दिखती है। हर दिन बेरमो कोयलांचल के विभिन्न क्षेत्रों से शोभायात्रा, कलश यात्रा या फिर पूजित अक्षत वितरण को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बीते दिनों कुरपनिया से बाइक जुलूस निकाला गया जो बारीग्राम संडेबाजार होता हुआ फ्राइडे बाजार तक गई वही आज जरिडीह बाजार में कलश यात्रा निकाल क्षेत्र में धार्मिक बयार बहाने मे लगे दिखे। कुल मिलाकर 22 जनवरी को बेरमो कोयलांचल के विभिन्न स्थानों पर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण देखने और दिखाने की व्यवस्था खास तौर से की गई है। जिसमे शामिल होकर लोग अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा का सिधा प्रसारण देख सकते हैं।

### गोमिया काली मंदिर के पिछला हिस्सा बना नशेड़ियों का अड्डा



**बेरमो /गोमिया** : गोमिया प्रखंड अंतर्गत काली मंदिर के सामने चाय की दुकान के पीछे शाम ढलते ही काफी दिनों से गांजा का सेवन युवाएं करते आ रहे हैं साथ ही अड्डा बाजी लगी रहती है गांजा का महक और हल्ला गुल्ला होता रहना आम बात बन गया है। समाजसेवी लोगों ने बताया कि कई बार खदेड़ा भी लेकिन फिर अड्डा बाजी चालू हो जाता है। महिलाएं एवं छोटे बच्चे और बच्चियों तथा दूर दराज के लोग काली मंदिर में पूजा अर्चना के लिए लोग पहुंचते हैं यहां पर अड्डा बाजी नशापान का सेवन मंदिर के पीछे करते हैं इससे लोगों को काफी दिक्कत होती है इसकी सूचना स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन को भी दी गई है लेकिन अभी तक किसी ने हटाने का काम नहीं किया।

### डीएवी स्कूल के शिक्षक का हुआ निधन

**जमशेदपुर** :झारखंड ए जोन संचालित डीएवी पब्लिक स्कूल झींकपानी के वरीय भौतिकी विज्ञान शिक्षक सुनील कुमार आकस्मिक निधन हृदय गति रुक जाने के कारण हो गई ।विगत 2007 से निरंतर डीएवी संस्था के डीएवी झींकपानी में कार्यरत थे ।उनका पैतृक निवास स्थान बिहार के गया स्थित सोनडीहा गांव था ।वे एक अनुभवी, ईमानदार, लग्नशील एवं बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए चिंतनशील रहने वाले शिक्षक थे । वे करीब 53 वर्ष के थे। डीएवी गुवा के दर्जनों शिक्षकों ने प्राचार्या उषा राय की अध्यक्षता मे गहरी संवेदना व्यक्त की है। अन्य डीएवी संस्था के भी दर्जनों शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के साथ - साथ संवेदनशील बच्चों एवं अभिभावकों ने दुख व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की । डीएवी संस्था झारखंड ए जोन संचालित डीएवी पब्लिक स्कूल एन आई टी जमशेदपुर के शिक्षकों के सेमीनार में कई बार उन्होंने बेहतर प्रशिक्षक शिक्षक मास्टर ट्रेनर के रूप में अपनी भूमिका निभाई थी। बहुत ही हँसमुख एवं प्रतिभा शाली शिक्षक के निधन से बच्चों में शोक की लहर देखी जा रही है। डीएवी झींकपानी के प्राचार्य एस के पाठक के अनुसार भौतिकी विज्ञान के अच्छे शिक्षक के रूप में सुनील कुमार सदैव याद किए जाते रहेंगे।

### नगर भ्रमण कर बांटा अयोध्या में पूजित अक्षत एव निमंत्रण पत्र

**गुवा/ जमशेदपुर** :आगामी 22 जनवरी को अयोध्या नगरी मे राम लला के नव निर्मित मंदिर एव नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर गुआ मे भी उत्साह का माहौल बना हुआ है । इनदिनो श्री राम मंदिर समिति के सदस्यो द्वारा गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण कर अयोध्या मे पूजित अक्षत एव निमंत्रण पत्र घर घर में बांटने का सिलसिला जारी है । वहीं राम मंदिर का साफ सफाई का कार्य युध्स्तर पर जारी है । शनिवार को भगवा तोरण से सड़क को सुसज्जित कराया गया है ।रविवार को हरी कीर्तन ,सोमवार को सोभा यात्रा ,भोग वितरण,सुंदर काण्ड पाठ ,भजन संध्या एव बच्चो के रूप सज्जा का कार्यक्रम मंदिर मे आयोजित की जायगी जिसकी सूचना भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गोविन्द पाठक ने दी है ।अधिक से अधिक लोग सोभा यात्रा से शामिल होने के लिए अपील की गई है ।श्री राम भजन से गुआ नगरी गुंजायमान हैं ।

संपादकीय

# देश में बढ़ती टकराव की हालत

पहले पश्चिम बंगाल और अब केरल ने झंडा उठा लिया है। पिनाराई विजयन ने लंबित जीएसटी बकाया को लेकर केंद्र के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के लिए दिल्ली चलो का आह्वान किया है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की छवि एक सख्त मिजाज व्यक्ति की है। उनकी सरकार ने केंद्र सरकार से अपना कर बकाया पाने के लिए हरसंभव कोशिश की है, जो राज्य की अनदेखी कर रही है। कम्युनिस्ट नेता ने अब 8 फरवरी को वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के सांसदों के साथ जंतर-मंतर पर एक दिवसीय धरना देकर इस लड़ाई को दिल्ली तक ले जाने का फैसला किया है। सरकार लगभग चार लाख लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन देने के लिए धन की कमी महसूस कर रही है। केंद्र पर जीएसटी मुआवजे, राजस्व घाटा अनुदान और अन्य फंड के 57,000 करोड़ रुपये जारी नहीं करने का आरोप लगाया है। जबकि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के सहयोगी दल, कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट ने विरोध प्रदर्शन में शामिल होने से इनकार कर दिया है।



दूसरी तरफ राम मंदिर के उदघाटन समारोह में जाने के इंकार करने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री ने बाद में सपरिवार अयोध्या जाने की बात कही है। यह कोई रहस्य नहीं है कि राजनेता हर कदम पर व्यवसाय से मतलब रखते हैं। एचडी कुमारस्वामी भी अलग नहीं हैं। जनता दल (सेक्युलर) के नेता, जिनके बारे में ऐसी अफवाह थी कि वह अपनी पार्टी को भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल करने के पुरस्कार के रूप में केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल हो सकते हैं, ने इस बात से इनकार किया है कि ऐसी कोई योजना कभी थी और उन्होंने पूरी तरह से ऐसा करने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा, खासकर जब आम चुनाव कुछ ही महीने दूर हैं। कुमारस्वामी ने आगे तर्क दिया कि वह कार्यालय में इतने कम समय में लोगों की सेवा नहीं कर पाएंगे, जिसे मॉडल के बाद और भी छोटा कर दिया जाएगा। फिलहाल, कुमारस्वामी और उनके बेटे निखिल राम मंदिर के अभिषेक में एचडी देवेगौड़ा के साथ जाएंगे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा की उनकी चतुराई के लिए सराहना की जानी चाहिए। पिछले सप्ताह एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए ओडिशा का दौरा करते समय, शर्मा ने विश्वास जताया कि नवीन पटनायक की 23 साल पुरानी सरकार की जगह भाजपा राज्य में सत्ता में आएगी। उन्होंने कहा कि लोगों ने ओडिशा में भाजपा को आशीर्वाद देने का मन बना लिया है। अपने दावे का समर्थन करने के लिए, उन्होंने उल्लेख किया कि ओडिशा में दोनों पार्टियों के वोट शेयर में केवल मामूली अंतर है, इसलिए भाजपा के पास कवर करने के लिए बहुत कुछ नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें यकीन है कि भाजपा सत्ता में आएगी, तो सीएम ने जवाब दिया कि वह शपथ ग्रहण समारोह के लिए ओडिशा आएंगे। उन्होंने भाजपा नेताओं से लोगों को शासन का वैकल्पिक मॉडल देने को भी कहा। जहां उनके समर्थकों ने उनके आत्मविश्वास की सराहना की, वहीं विरोधियों का कहना है कि वह ओडिशा की जमीनी हकीकत से अनभिज्ञ हैं, क्योंकि भाजपा अब तक राज्य में खुद को स्थापित करने में विफल रही है। दूसरी तरफ राहुल गांधी के आरोपों से वह अब बौखलाए हुए हैं। जब जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष और बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने हाल ही में वर्चुअल मीटिंग में भारत के संयोजक के पद को खारिज कर दिया, तो राजनीतिक क्षेत्र में हर कोई अटकलें लगाने लगा। अब मीडिया का एक वर्ग लगातार नीतीश कुमार के फिर से भाजपा के साथ जाने की खबरें प्रसारित कर रहा है। इसके बीच ही भाजपा ने अयोध्या में मंदिर उदघाटन के बहाने की चुनावी प्रचार प्रारंभ कर दिया है। पूरे देश में भगवा पताका लगने का खर्च कौन उठा रहा है, यह आम जनता को पता नहीं है। भाजपा के सारे नेता इसी काम में लगे हुए हैं। यह अलग बात है कि किसी भी मंत्री अथवा सांसद को वहां जाने की इजाजत नहीं है। इससे भाजपा के अंदर भी दूसरे लोगों की औकात का पता चल जाता है। ऐसे में हेमंत सोरेन ने ईडी से अपने ही आवासीय कार्यालय में भेंट की। करीब सात घंटे तक चली पूछताछ का नतीजा क्या निकला, इस बारे में पहली बार ईडी ने अनौपचारिक अथवा औपचारिक तरीके से कोई जानकारी नहीं दी। वरना इससे पहले किसी अज्ञात सूत्र के जरिए यह सूचनाएं बाहर आती थी। दूसरी तरफ अरविंद केजरीवाल ने फिर से ईडी के समन को नजरअंदाज कर दिया है। बंगाल में ईडी के अफसरों पर जानलेवा हमला होने के बाद अब ईडी के अफसरों को भी आंटा दाल के भाव का पता लग गया है. ऐसे में केंद्र और गैर भाजपा शासित राज्यों के साथ बढ़ रहे टकराव के बीच अब सुरक्षा बल भी बंट रहे हैं। इससे पूरा देश ही प्रभावित हो रहा है। यह लोकतांत्रिक देश के लिए शुभ संकेत नहीं है।

# सत्ता व भीतरघातियों से एक साथ जूझती कांग्रेस

इसी वर्ष होने वाले लोकसभा चुनावों के बादल मंडराने लगे हैं। सत्ता और विपक्ष दोनों ही अपने अपने तरीके से मतदाताओं तक अपनी पहुँच बनाने व उन्हें लुभाने का प्रयास करने लगे हैं। चुनावों से पूर्व जहाँ भारतीय जनता पार्टी अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की समय पूर्व प्राण प्रतिष्ठा करवाकर संभवतः आखिरी बार 'राम ' के नाम पर वोट बटोरने की रणनीति अपना रही है वहीँ विपक्ष द्वारा देश के लगभग सभी राष्ट्रीय व क्षेत्रीय विपक्षी दलों को एक नव गठित विपक्षी संगठन I.N.D.I.A के बैनर तले इकठ्ठा कर देश को विपक्ष के एकजुट होने का सन्देश देने की कोशिश की गयी है।

यहां यह बताने की जरुरत नहीं कि भाजपा अनेक धर्मगुरुओं यहाँ तक कि शंकराचार्यों के उच्चस्तरीय विरोध व आपत्ति के बावजूद अपने सभी सहयोगी व संरक्षक संगठनों के साथ व पूरे सरकारी सहयोग से राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को इतना प्रचारित कर रही है ताकि विपक्ष की हर सत्ता विरोधी आवाज ष्नक्कार खाने में तूती की आवाज की तरह दब कर रह जाये।



**तनवीर जाफरी**
पत्रकार

उधर विपक्षी I.N.D.I.A गठबंधन के सबसे बड़े घटक कांग्रेस के नेता राहुल गांधी इसी बीच 14 जनवरी से सुलगते हुये मणिपुर राज्य से अपनी दूसरे दौर की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकाल चुके हैं। इस बार वे मणिपुर से मुंबई तक 6,700 किलोमीटर से ज्यादा की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले हैं। कांग्रेस नेताओं के अनुसार राहुल गाँधी की यह यात्रा लोगों को आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक न्याय दिलाने तथा संविधान व लोकतंत्र पर मंडराते खतरे के प्रति देशवासियों को सचेत करने की यात्रा है। 66 दिनों की यह प्रस्तावित यात्रा 15 राज्यों के 100 लोकसभा क्षेत्र और 337 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी राहुल गांधी ने सितंबर 2022 से लेकर जनवरी 2023 तक कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक 'भारत जोड़ो यात्रा' की थी। राजनैतिक विश्लेषकों का मानना है कि पहली यात्रा से न केवल राहुल गांधी की छवि बेहतर हुई है बल्कि इससे उनका राजनीतिक कद भी बढ़ा था। इसलिए कांग्रेस ने यात्रा का दूसरा चरण शुरू करने का फैसला लिया है। कांग्रेस इन यात्राओं से निश्चित रूप से यह प्रमाणित करना चाहती है कि सत्ता में हो या न हो परन्तु कांग्रेस कल भी देश के सभी धर्मों,भाषाओं,क्षेत्रों व राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टी थी और आज भी है। हालांकि सूत्रों के अनुसार I.N.D.I.A गठबंधन के ही कई वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की इस मणिपुर-मुंबई भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तिथि व समय को लेकर सहमत नहीं हैं। क्योंकि कांग्रेस की वर्तमान भारत जोड़ो न्याय यात्रा ऐसे वक़्त में हो रही है, जब 28 विपक्षी दलों के I.N.D.I.A गठबंधन के नेताओं के बीच सीटों के बँटवारे तथा गठबंधन के चेहरे जैसे अति महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत जारी है। इनका कहना है कि चूँकि I.N.D.I.A गठबंधन इन दिनों 'सीट शेयरिंग ' जैसे नाजुक दौर से गुजर रहा है ऐसे में राहुल गांधी व उनके साथ कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में व्यस्तता चिंता का विषय है।

परन्तु कांग्रेस पार्टी शायद सीट शेयरिंग के लिये होने वाली बैठकों से पूर्व ही कठ.ऊकअ गठबंधन के कई प्रमुख घटकों की इस रणनीति का अंदाजा लगा चुकी है कि सभी छोटे व क्षेत्रीय दल, गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते कांग्रेस पर ही दबाव बनाने की कोशिश करेंगे। इसी लिये कांग्रेस I.N.D.I.A गठबंधन के साथ साथ अपना राष्ट्रीय जनाधार भी पूर्ववत बनाकर रखना चाह रही है।

इधर राहुल गांधी विपरीत मौसम व परिस्थितियों में भी अथाह परिश्रम कर व जोखिम उठाकर कांग्रेस को पुनः उसका खोया हुआ जनाधार वापस दिलाने के लिये कृत संकल्प हैं तो दूसरी तरफ अभी भी कांग्रेस में विश्वासघातियों द्वारा विश्वासघात किये जाने की खबरें आ रही हैं। पिछले दिनों कांग्रेस पार्टी के साथ अपने परिवार के 55 साल पुराने पुश्तैनी रिश्ते को खत्म करते हुये पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवरा ने कांग्रेस पार्टी त्याग दी और वे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना (शामिल ) में शामिल हो गए। इससे पूर्व भी ठीक इसी तरह की भारत जोड़ो यात्रा जब राहुल गाँधी ने 7 सितम्बर 2022 को कन्याकुमारी से कश्मीर के लिये आरम्भ की थी ठीक उसी समय 26 अगस्त 2022 को गुलाम नबी आजाद ने भी कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। और अब भारत जोड़ो न्याय यात्रा पार्ट टू के समय मिलिंद देवरा का पार्टी छोड़ना यह महज एक इत्तेफाक है या कांग्रेस के विरुद्ध रची जाने वाली साजिश ? निःसंदेह इस समय कांग्रेस को जहां सत्ता के हर उस षड्यंत्र से जूझना है जो उसके 'कांग्रेस मुक्त भारत ' अभियान के तहत चलाया जा रहा है। जिसके तहत कांग्रेस में ही चुन चुनकर भीतरघातियों, विश्वासघातियों,लालची,सत्ता के चाहवान, बिकाऊ या भ्रष्ट लोगों को लालच या भय दिखाकर कांग्रेस को कमजोर करने की व्यापक साजिश रची जा रही है। स्वयं गाँधी-नेहरू परिवार के लोगों को किसी न किसी मामले में उलझा कर उन्हें हतोत्साहित करने की कोशिश की जा रही है। साथ ही कठ.ऊकअ गठबंधन के कई सहयोगी दल भी कांग्रेस से बढ़त हासिल करने की चाह में और अपने सत्ता मोह में कांग्रेस पर पूरा भरोसा नहीं कर पा रहे। इन छोटे दलों को भी यह सोचना चाहिये कि संविधान व देश के लोकतान्त्रिक मूल्यों की रक्षा करना केवल कांग्रेस की ही जिम्मेदारी नहीं बल्कि उन सभी राष्ट्रीय व क्षेत्रीय दलों की भी है जो स्वयं को देश के धर्मनिरपेक्ष लोकतान्त्रिक मूल्यों व संविधान का रखवाला बताते हैं।

बहरहाल सत्ता पाने या सत्ता से चिपके रहने के हथकंडे अपनाने वाले नेताओं व दलों की राजनीति से इतर कांग्रेस पार्टी गांधीवादी मूल्यों व सिद्धांतों पर चलने वाली देश की अकेली ऐसे पार्टी है जिसने कभी भी कहीं भी फासीवादी व सम्प्रदायिकतावादी ताकतों से समझौता नहीं किया। अन्य सभी छोटे बड़े दल अपनी सुविधानुसार समय समय पर अपने विचारों की तिलांजलि देकर भी इन्हीं शक्तियों के किसी न किसी रूप में सहयोगी रह चुके हैं जिन्हें सत्ता से हटाना इनके लिये चुनौती बन गया है। ऐसे में बावजूद इसके कि कांग्रेस इस समय सत्ता,सहयोगियों व भीतरघातियों के साथ साथ साथ गंभीर आर्थिक संकट से भी जूझ रही है परन्तु इसमें भी कोई शक नहीं कि गाँधी के देश में साम्प्रदायिक शक्तियों का राष्ट्रीय स्तर पर मुकाबला भी केवल गांधी की कांग्रेस द्वारा ही किया जा सकता है।

नज़रिया

# राम आए हैं तो रामराज का आना भी तो जरूरी है....

*राम राज बैंठें त्रैलोका।*
*हरषित भए गए सब सोका।।*
*बयरु न कर काहू सन कोई।*
*राम प्रताप बिषमता खोई।।*



**सुशील कुमार ' नवीन**
स्तंभकार

आप भी हैरान हो गए होंगे। अपनी हर लेखनी रूपी अक्षय तूणीर से व्यंग्य के तीक्ष्ण तीर छूटने की जगह आज हृदय परिवर्तन कर भक्तिमय वातावरण कैसे बना दिए। आपका सोचना वाजिब है और हमारे चित्त का सुकोमल होना भी वाजिब है। हो भी क्यों न हो,जब सारा देश राम के जयकारे लगाने में लगा हुआ है तो हम पीछे क्यों रहें? हमारी आस्था पर सवाल न उठ जाएंगे।

प्रधान सेवक ने 22 जनवरी को सम्पूर्ण राष्ट्र को राममय बनाने का आह्वान किया है। दिवाली की तरह इस दिन को प्रकाशमय बनाने की कही है। उनकी बात को टालना सहज थोड़े ही है। विरोधी भी इससे अपने आपको दूर नहीं रख सकेंगे। अब इस दिन हमें क्या करना है? क्या-क्या खरीदारी करनी है इस पर शनिवार को विचार मंथन चल ही रहा था, इसी दौरान ज्ञान प्रसाद जी पधार गए। ज्ञान के अपूर्व भंडार ज्ञान प्रसाद जी हमारे मित्रवत तो है ही, इसके साथ गाहे बगाहे हंसी ठिठोली भी इनके साथ कर ही लेते हैं। बंदे में भले ही सौ बुराइयां हो पर हमारी बात का कभी भी बुरा कभी नहीं मानते। औपचारिक आवभगत के बाद आने का प्रयोजन पूछा तो फूट पड़े।

**दिवाली की तरह इस दिन को प्रकाशमय बनाने की कही है। उनकी बात को टालना सहज थोड़े ही है। विरोधी भी इससे अपने आपको दूर नहीं रख सकेंगे।**

बोले - मास्टरजी! एक बात बताओ। यो 22 तारीख आला, कै रोला(मामला) है? सारा देश बावला होया हांडे है। घरवाली मंदिर सजान लाग रही सै। छोरे नै राम दरबार लया कर धर राख्या सै। घी के दीए तैयार सै। 20 किलो लाडवा(लड्डू) का ऑर्डर देन मैं जाण लाग रह्या सूं। मामला मेरी समझ तै दूर सै। राम मंदिर तो भारत में बनदे रहवै सै। कोई नई बात तो है नहीं। अयोध्या में और बण ज्यागा। आप सयाने माणस सो। बेड़ा पार करो।

ज्ञानप्रसाद जी की बात को सुनकर हंसी आ गई तो वो फिर बिदक पड़े। बोले- अजीब आदमी हो। कोई समझदार मान तुमसे बात करने आया है,और तुम उसकी खिल्ली उड़ा रहे हो। नहीं बताना हो तो मत बताओ, हम भी वहीं कर लेंगे जो दुनिया कर रही है। चास (जला)ल्यांगे पांच दीए और बांट द्यांगे लाड्डू। रूठकर उठने लगे तो बमुश्किल उन्हें रोका।


मैं बोला- दादा! आप तो नाराज हो गए। आपकी बात सुन आदतन हंसी आ गई। आप बड़े भोले हो दादा। बात मंदिर बनने की नहीं है। बात हमारी आस्था की है। हमारी भावना की है। एकजुटता की है। राम को हम नहीं मानेंगे तो क्या पाकिस्तान,अफगानिस्तान वाले मानेंगे।

वो बोले - बात तो ठीक है। पर लोग कह रहे हैं कि ये मंदिर के नाम पर राजनीति हो रही है। जो पक्ष में हैं वो इसे उत्सव के रूप में मना रहे हैं। जो विपक्ष में है वो इसे राजनीतिक कार्यक्रम बता रहे है। मैंने कहा - अच्छा,एक बात बताओ। भेड़ चाल के बारे में तो सुना होगा। बोले- सुना क्या, वो तो देखी भी है। झुंड में से जो भेड़ आगे चल पड़ती है,सब भेड़ें उसके पीछे चल पड़ती हैं। आगे वाली भेड़ कुएं में गिर जाएं तो सारी पीछे कुएं में ही गिर जाती है। पर इस बात से 22 तारीख का क्या मामला।

मैंने बोला - आप इस बात का नकारात्मक रूप देख रहे हो। इसका सकारात्मक रूप भी तो अनुभव करो। जरूरी नहीं कि हर अनुकरण आपको गलत दिशा में ले जाए। अनुकरण सही दिशा में हो तो लक्ष्य भी प्राप्त होता है। देवत्व को मानना न मानना इच्छा शक्ति पर निर्भर है। जो राम को मानते हैं वो इसे उत्सव के रूप में मनाएंगे, जो नहीं मानते वो न माने। इस रामोत्सव से दूर रहें तो रहें। ज्ञानप्रसाद जी फिर बोल पड़े। बोले - अच्छा मास्टरजी एक बात और बताओ। राम तो 22 जनवरी को आ जाएंगे। राम के साथ क्या रामराज भी आ जाएगा? इस प्रश्न का जवाब मेरे पास भी नहीं था। फिर भी मैंने इतना ही कहा कि पहले राम को तो आने दो। रामराज भी आ जाएगा। अच्छा जी, मास्टरजी राम राम। यह कहकर ज्ञानप्रसाद मेरे मन मस्तिष्क में रामराज नामक यक्ष प्रश्न छोड़कर निकल गए। बात तो ज्ञानप्रसाद जी की सौ फीसदी सही है। भोलेपन के साथ कही गई इस बात में जो गांभीर्यता है,वो आप सब लोग जानते हो। राम का आना देश के जन जन के लिए तभी सार्थक होगा, जब राम के साथ रामराज का दौर फिर से आ जाए। अब तो मन को इसी बात पर दिलासा दी जा सकती है कि राम आए हैं तो रामराज भी जरूर आएगा।

# बाढ़ और राहत बचाव कार्य....

प्रेरक-प्रसंग



एक बार की बात है, महाराज कृष्णदेव राय के राज्य विजयनगर में बहुत भयानक बाढ़ आई। इस बाढ़ में राज्य के कई गांव डूब गए। इस वजह से राज्य का काफी नुकसान हुआ। इस प्राकृतिक आपदा के बारे में जब महाराज कृष्णदेव राय को पता चला, तो उन्होंने एक मंत्री को फौरन बाढ़ से पीड़ित लोगों की मदद करने का आदेश दिया और कहा, ह्यबाढ़ से हुए नुकसान को पूरा करने के लिए जितने भी धन की जरूरत हो, वह उसे शाही खजाने से निकलवा ले। मगर, जल्द से जल्द सभी पीड़ितों की सहायता की जाए। साथ ही कृष्णदेव ने मंत्री से बाढ़ की वजह से टूटे पुल, सड़क और लोगों के घरों की मरमम्त कराने को भी कहा। महाराज का आदेश पाकर मंत्री ने शाही खजाने से ढेर सारा धन निकाला और लंबे समय के लिए गायब हो गया। काफी समय तक मंत्री के दिखाई न देने पर महाराज और अन्य दरबारियों को लगा कि मंत्री बाढ़ पीड़ितों की मदद करने में जुटा होगा, इस वजह से वह इतने दन से दिखाई नहीं दिया।मगर, तेनालीराम को मंत्री का लंबे समय तक गायब होना हजम नहीं हुआ। इसलिए तेनालीराम ने मंत्री के गायब होने की असल हकीकत जानने का मन बनाया। इसके बाद से तेनालीराम रोज की तरह दिन में दरबार पहुंचता और रात को राज्य में शामिल सभी गांवों में घूमकर किए गए राहत कार्य का मुआयना करता।कुछ हफ्तों के बाद एक दिन मंत्री जी दरबार में हाजिर हुए और गांव में किए गए अपने काम को महाराज कृष्णदेव के सामने बढ़ा-चढ़ा कर बताने लगे। .. .. ..जारी।

जानकारी

# सिंगापुर का इतिहास



एक जापानी अधिकारी के नेतृत्व में लेफ्टिनेंट जनरल आर्थर पेर्सिवल 15 फरवरी 1942 को संघर्ष विराम के झंडे के तहत सिंगापुर में मित्र देशों की सेनाओं की पराजय पर बातचीत के लिए मार्च करते हुए। यह इतिहास में ब्रिटिश नेतृत्व वाली सेनाओं का सबसे बड़ा आत्मसमर्पण था।

जोहोर और सिंगापुर को जोड़ने वाली पक्की सड़क को मित्र देशों की सेनाओं ने जापानी सेना को रोकने के एक प्रयास में उड़ा दिया था। हालांकि जापानी कई दिनों के बाद हवा वाली नावों में बैठकर जोहोर के जलडमरू को पार करने में कामयाब रहे। आगे बढ़ रहे जापानियों के खिलाफ मित्र देशों की सेनाओं और सिंगापुर की आबादी के स्वयंसेवकों द्वारा वीरतापूर्ण लड़ाइयां जैसे कि पसिर पंजांग की लड़ाई इसी अवधि के दौरान हुई थीं। हालांकि, ज्यादातर रक्षा पंक्ति बिखर गयी थी और आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गयी थी, लेफ्टिनेंट-जनरल आर्थर पर्सिवल ने मित्र देशों की सेनाओं के लिए इम्पीरियल जापानी सेना के जनरल तोमोयुकी यामाशिता के सामने चीनी नववर्ष के दिन 15 फरवरी 1942 को सिंगापुर में आत्मसमर्पण कर दिया।

# Realme Note 50 होगा 23 जनवरी को लॉन्च

साइबर दुनिया



नई दिल्ली: Realme Note 50 फिलीपींस में 23 जनवरी को लॉन्च होने के लिए तैयार है। Realme ने पर नए स्मार्टफोन के आने की पुष्टि की। कंपनी ने माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म पर कई पोस्टर भी शेयर किए हैं, जिसमें स्मार्टफोन के डिजाइन, उसकी कीमत और स्पेसिफिकेशन्स का खुलासा किया गया है। साथ ही, हैंडसेट को एक रिटेलर वेबसाइट पर भी लिस्ट कर दिया गया है। Realme Note 50 को 90Hz रिफ्रेश रेट सपोर्ट करने वाले 6.7-इंच HD+ डिस्प्ले के साथ आने के लिए टीज गया है और यह क्ढ54 डस्ट और स्प्लैश रेजिस्टेंस होगा। Realme Note 50, Realme C51 का रीब्रांडेड वर्जन प्रतीत होता है।

चाइनीज स्मार्टफोन ब्रांड एक नए Note स्मार्टफोन लाइनअप को आने वाले मंगलवार, 23 जनवरी को आधिकारिक तौर पर लॉन्च करने वाला है। हालांकि, इसकी कीमत और स्पेसिफिकेशन्स का खुलासा पहले ही कर दिया गया है। कंपनी की ओर से Note सीरीज का यह पहला मॉडल फिलीपींस में PHP 3,599 (लगभग 6,000 रुपये) की कीमत पर लॉन्च किया जाएगा। अघोषित स्मार्टफोन वर्तमान में Shopee पर मिडनाइट ब्लैक और स्काई ब्लू कलर ऑप्शन में लिस्टेड है। शेयर किए गए टीजर के अनुसार, Realme Note 50 में 90Hz रिफ्रेश रेट के साथ 6.7-इंच HD+ डिस्प्ले होगा। इसमें धूल और पानी के प्रतिरोध के लिए IP54-रेटेड बिल्ड होगा। इसकी मोटाई 7.99` है। इसके अलावा, Shopee लिस्टिंग के अनुसार, Realme Note 50 Android 13-आधारित फीं वक ळ वर्जन पर चलता है। हैंडसेट के डिस्प्ले में 180Hz टच सैंपलिंग रेट और 560nits की पीक ब्राइटनेस होगी। स्मार्टफोन Unisoc T612 चिपसेट पर काम करेगा, जिसे 4GB रैम और 64GB इनबिल्ट स्टोरेज के साथ जोड़ा गया है। लिस्टिंग फोन पर एक डुअल रियर कैमरा सेटअप का सुझाव देती है, जिसमें 13-मेगापिक्सल का प्राइमरी शूटर और एक सेकंडरी सेंसर शामिल है।

टॉप ट्वीट



"आपके मुद्दे सुनना और उनके लिए लड़ाई लड़ना ही भारत जोड़ो न्याय यात्रा का लक्ष्य है। मैं जानता हूं कि हमारे कार्यकर्ताओं को धमकाया जाता है, लेकिन आप हमारी विचारधारा के लिए लड़ते हैं। आप हमारे बब्बर शेर हैं। आप सबने इतना प्यार दिया, हमारी मदद की और इसके लिए मैं आपका दिल से धन्यवाद करना चाहता हूं।"

**राहुल गॉंधी**
**कांग्रेस नेता**

"फिल्म 'कलाकंद' में एक ऐसे नवयुवक का किरदार निभा रहे हैं, जो किसी फर्म में नौकरी करता है, लेकिन अचानक उसके पिता की मृत्यु हो जाती है। पिता का सपना था कि उनकी कलाकंद मिठाई की दुकान फिर से चालू हो, उधर उसकी नौकरी भी घर की समस्याओं में उलझे रहने की वजह से छूट जाती है।"

**संतोष मिश्र**
**लेखक एवं निर्देशक**

संपादक के नाम पत्र

### राममन्दिर प्रतिष्ठा के साथ खत्म हो जाएगा इंतजार

महात्मा गांधी और तत्कालीन गणमान्य राष्ट्रनेताओ के विचार के आशादीप उन्ही के साथ बुझ गए।स्वराज तो आया ,मगर सुराज्य नही आया।गांधी के रामराज्य का सपना है राम !है राम! कहते कहते उनकी मृत्यु के साथ ही नष्ट हो गया।लेकिन उनके सपने साकार करने गुजरात के सपूत ने रामराज्य का दृश्य उपस्थित करने की आशा जगाई है।राम भारतीय संस्कृति के महामानव है।सोमवार दोपहर होने वाली प्राणप्रतिष्ठा के लिए मन्दिर रंग बिरंगी रोशनी से सज चुका है।दुनिया के करोडो लोग प्राणप्रतिष्ठा के साक्षी बनेंगे।शहर रंग बिरंगी जालर, तोरण और घरों -प्रतिष्ठानों पर जगमग रोशनी से सजाएं गए है।देश मे एक ही धुन सवार हो रही है राम आएंगे तो अंगना सजायेंगे-राम पर संस्कृति को गर्व रहा है गर्व है।वे आज अयोध्या धाम पधारेंगे।राम दुनिया मे जाज्वल्यमान प्रकाश स्तम्भ है।जिनकी प्रकाश किरणे सम्पूर्ण भारतीय संस्कृति की वैदिक व श्रमण धारा को प्रकाशित कर रही है।भारत सहित दुनिया के करोड़ो नर नारी श्रद्धा के साथ श्रीराम स्मरण करके स्वयं को धन्य समझ रहे है।वह इसलिए कि उनका शासनकाल भारतीयों के लिए स्वर्णिम काल था।मयार्दापुरुषोत्तम श्रीराम की आभा सच का समान और जुठ को रामराज्य में दंड था।सचमुच धन्य धन्य है।हजारो वर्ष का दीर्धकाल बीत जाने के बाद भी चमक और दमक कम नही हुई है। जन जन को सुखी करने वाले राम की कल्पना कर आज अयोध्या में प्रतिष्ठित करने की पूर्ण तैयारी कर चुके है।राम की हर पेड़ी मिठास का अद्भुत स्त्रोत थी।राम का जीवन कितना महान था।आज भारत में तो महिमा है ही।लेकिन दुनिया मे जयश्री राम के जयकारे लग रहे है। अयोध्या की जनता श्रीराम को राज्य सिंहासन पर आरूढ़ करने जा रही है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### दो ट्रैक्टर जप्त

बड़कागांव: बड़कागांव वन विभाग क्षेत्र इंदिरा से गठित वन विभाग के टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी करवाई करते हुए अवैध एक गाड़ी कोयला और एक गाड़ी गिट्टी लदा होआ ट्रैक्टर पकड़कर बड़कागांव वन विभाग परिसर लाया गया। वहीं वन विभाग के द्वारा संलिप्त लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। इसकी जानकारी फॉरेस्टर विभाग के अधिकारी संतु कुमार सिंह ने दिया।

## सिटी अपडेट्स >>

### राम लला महोत्सव को लेकर शोभा यात्रा

**दारू** :दारू प्रखंड के पुनाई पंचायत के जरगा में रविवार को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सरवन उर्फ बबलू कुमार के सौजन्य से राम भक्तो ने भव्य शोभा यात्रा जरगा। शिव मंदिर से मंडप तक महिला पुरुष मिलकर भव्य सौभा यात्रा निकाला गया एवं अयोध्या सेआए पूजित अक्षत को घर घर पहुंचाया गया। कार्यक्रम के बाद सैकडो की संख्या में महिला पुरुष जय श्री राम का जयघोष लगाते हुए मंदिर में पहुंचे। यहां अयोध्या से आए पूजित अक्षत को विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद हाथ में जय श्री राम का झंडा लेकर पूजित अक्षत को गाजे-बाजे के साथ झुमते-नाचते व जय श्री राम का जयकारा लगाते हुए शोभायात्रा निकाली। श्रद्धालुओं में काफी उत्साह रहा जय श्री राम के जयघोष से पुरा गांव गुंज उठा इस .मोके पर बबलू कुमार, ज्ञानी प्रसाद राजेश प्रसाद अशोक प्रसाद गंगो महतो महाबीर महतो टेको महतो जगदीश महतो प्रदीप यादव, प्रदीप प्रसाद, ममता देवी पार बत्ती देवी नीतू देवी सहित सेकड़ो महिला पुरुष शामिल थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### त्रिवेणी सैनिक ने कराया हाफ मैराथन का आयोजन

**हजारीबाग**: झारखंड के हजारीबाग में राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) की खनन परियोजना पकरी बरवाडीह में कार्यरत एनटीपीसी की एमडीओ त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने रविवार को हाफ मैराथन का आयोजन किया। इस मैराथन दौड़ में टीएसएमपीएल के सैकड़ों कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सबसे अहम और खुशी की बात ये देखने को मिला कि मैराथन दौड़ में महिला कर्मी भी पूरे उत्साह के साथ शामिल हुई। मैराथन दौड़ की दूरी 5 किलोमीटर तय की गई थी। इसका उद्देश्य कर्मचारियों के बीच स्वस्थ जीवन और एकता को बढ़ावा देना था। प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाने के लिए कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। और धावकों के साथ साथ उन्होंने भी इस मैराथन दौड़ में शामिल होकर सभी का जोश बढ़ाया।इस दौरान कर्मचारियों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। मैराथन में शामिल हुए प्रतिभागियों ने त्रिवेणी सैनिक प्रबंधन की तारीफ करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से कर्मियों और प्रबंधन के बीच नजदीकियां बढ़ती है जिससे कार्यक्षमता और बेहतर होता है। त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के परियोजना निदेशक संजय कुमार खटोड़ ने झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से हमारी एकता और कार्य करने की क्षमता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में जीतना और हारना महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि ऐसे आयोजन में शामिल होने से ही विचारों में सक्रात्मकता आती है। उन्होंने सभी धावकों को बधाई देते हुए कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन निवास करता है इसलिए ऐसे आयोजन में लोगों को जरूर शामिल होना चाहिए। परियोजना निदेशक संजय खटोड़ ने इस अयोजन के लिए एचआर टीम की तारीफ किया।

**कलाकारी** 15 लाख बेकार प्लास्टिक के ढक्कन से तैयार किया गया राम दरबार का पोर्ट्रेट

# अद्भूत कलाकारी का नमूना : विद्या भूषण

- ऐसी कला अतुलनीय
- जिला का चौथ वर्ल्ड रिकॉर्ड होगा

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के अयोध्या नगरी में भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूरे देश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इसी बीच हजारीबाग जिले में भी विभिन्न कार्यक्रम को आयोजित किया जा रहा है। उन्ही कार्यक्रमों में से एक गिरिडीह निवासी सुमित गुंजन एवं वसुधा कल्याण संस्था के संयुक्त तत्वाधान में प्रभु श्री राम एवं माता सीता राम दरबार का पोर्ट्रेट बनाया गया है यह पोर्ट्रेट खराब बोतल के ढक्कन से बनाया गया है करीब 15 लाख ढक्कन का इस्तेमाल किया गया है। 15 हजार वर्ग फीट में इसे तैयार किया गया है। इसे बनाने में 8 से 10 दिन का समय लगा है। इसको पोट्रेट संत कोलंबस कॉलेज के सामने मैदान में बनाया गया। पोट्रेट के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सदर अनुमंडल पदाधिकारी विद्या भूषण कुमार, समाजसेवी हर्ष अजमेरा,प्रदीप प्रसाद, डीएलएओ निर्भय कुमार,रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित हुए सभी अतिथियों को आयोजक मंडली के द्वारा पौधा देकर सम्मानित किया गया इसके पश्चात सभी अतिथियों ने फीता काटकर राम दरबार का उद्घाटन किया गया। मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी विद्याभूषण कुमार ने कहा कि गुंजन एवं उनकी पूरी टीम को इस कार्य के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी साथ ही उन्होंने कहा कि कलाकार के द्वारा की गई कलाकारी एक अद्भुत है, इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह काम है। इस अवसर पर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने गुंजन एवं वसुधा कल्याण की पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी कला को हजारीबाग की धरती पर उतरना काफी अतुलनीय है। आयोजक मंडली के द्वारा इस कला को जनता के सामने समर्पित करने में काफी परिश्रम किया गया है। हम प्रभु श्री राम से कामना करते हैं कि आयोजक मंडली तथा हजारीबाग वीडियो पर अपनी कृपा बनाए रखें। वही सुमित गुंजन ने बताया कि यह हमारा चौथ वर्ल्ड रिकॉर्ड होगा। इस कला को जनता को समर्पित करने में हमें काफी परिश्रम हुई है तो भी जनता ने हमें भरपूर आशीर्वाद दिया है हम चाहते हैं कि आगे भी उनका आशीर्वाद हमें मिलता रही।



# मातृभाषा का कोई विकल्प नहीं : सुधांश

राष्ट्रीय खबर

**जमशेदपुर:** रविवाार को सुबह 11 बजे पोटका के पड़ाडीहा गांव में माताजी आश्रम हाता की ओर से 11 वा अपुर पाठशाला खोला गया जिसमें प्रति रविवार को सुबह 9 बजे बंगला भाषा सिखाई जायेगी। सुधांशु मिश्रा ने मा सरस्वती की पूजा अर्चना कर के स्कूल का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अबसर पर कहा मातृभाषा का कोई विकल्प नहीं है इसलिए सभी को अपनी मातृभाषा सीखना चाहिए।बंगला भाषा बहुत सरल और मधुर है। मै उड़िया भाषी होते हुए भी बंगला भाषा में शिक्षा ग्रहण की है।इसलिए बंगला भाषी को अपनी मातृभाषा बंगला सीखना चाहिए।सुनील कुमार दे ने मा सरस्वती की संगीत प्रस्तुत की। उन्होंने कहां किसी भाषा के प्रति हमारा विरोध नहीं है लेकिन अपनी मातृभाषा बंगला के प्रति प्रेम और सम्मान भी है इसलिए इस भाषा को बचाने के लिए और प्रचार प्रसार के लिए हम प्रयास रत है। इसलिए हम माताजी आश्रम के माध्यम से गांव गांव में बंगला भाषा शिखाने के लिए अपुर पाठशाला खोल रहे हैं और लोगों को प्रेरित कर रहे हैं।यह हमारा 11 वां अपुर पाठशाला है। इस अबसर पर राजकुमार साहू,मृणाल पाल, बलराम गोप भी बंगला भाषा को बचाने के लिए सभी को अनुरोध और आह्वान किया। इस अबसर पर 30 बच्चे को माताजी आश्रम की ओर से वर्ण परिचय और खाता कलम दिया गया।सुनील कुमार दे ने पहला बंगला क्लास लिया। इसके बाद प्रति रविवार को बेदाना गोप ने बच्चे को बंगला क्लास लेगी।


यह शिक्षा निःशुल्क होगी। अंत में बेदाना गोप ने सभी को धन्यवाद दिया। इस अबसर पर माताजी आश्रम की ओर से सुनील कुमार दे,सुधांशु मिश्र, राजकुमार साहू,मृणाल पाल, बलराम गोप के अलावे पराडीहा गांव के सुषेण सरदार, टाटा गोप, असित गोप, भवेश गोप, रॉबिन गोप, सुकुमार गोप के अलावे गांव के महिलाएं उपस्थित थे।



# मजदूरों ने बिंदेश्वरी दुबे को दी श्रद्धांजलि

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:**आज भी जब उद्योग जगत में मजदूर यूनियन, श्रमिकों की मांग, आदर्शवादी चरित्र और परिपाटी की बात आती है,तब स्वतः ही स्व. बिंदेश्वरी दुबे का वर्णन प्रमुखता से होता है। स्व. दुबे महान पारदर्शी, कुशल प्रशासक, श्रमिकों के हमदर्द, उदारवादी एवं सर्वमान्य विचारक थे। उन्होंने श्रमिकों सहित समाज के दबे कुचले लोगों के लिए सतत संघर्ष किया। श्रमिक आंदोलन से बिहार के मुख्यमंत्री तथा विधि एवं न्याय तथा श्रम मंत्री,भारत सरकार बनने तक का सफर पंडित दुबे जी की दृढ़ इच्छाशक्ति, त्याग एवं ईमानदारी का उपयुक्त उदाहरण है। वे छात्र जीवन में ही महात्मा गांधी और पंडित नेहरू से प्रभावित होकर स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े और इसके पश्चात जन-मानस की सेवा हेतु अपना जीवन समर्पित करते हुए महात्मा गांधी-जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी तथा राजीव गांधी तक का साथ दिया। इस अवसर पर ने स्व दुबे के मजदूर हित में किये गये कार्यों को याद किया गया।



# नल जल योजना की जांच करने गयी मुखिया के साथ दुर्व्यवहार

राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव:** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत तलस्वर पंचायत में नल जल योजना के संवेदक महेंद्र महतो व मुंशी शुभम कुमार ने मुखिया गीता देवी के साथ दूर व्यवहार किया। इस संबंध में बड़का गांव थाना में संवेदक व मुंशी के खिलाफ मुखिया गीता देवी ने आवेदन दिया। आवेदन में कहा गया है कि 20 जनवरी को नल जल योजना का कार्य संवेदक महेंद्र महतो के द्वारा गलत कार्य कराये जाने कि शिकायत ग्रामीणों ने किया। मुखिया गीता देवी ने कार्य की जांच करने पहुंची जांच के दरमियान मुखिया ने अच्छी तरह से कार्य करने बात कही अन्यथा कार्य रोकने को कहा। जिस पर संवेदक महेंद्र महतो व मुंशी ने मुखिया पर भड़क गया। और दूर व्यवहार करने लगा उल्टे धमकी देकर कहा कि जहां आपको जाना है जा सकते हैं। आपके जैसा मुखिया हम बहुत देखे हैं। यह मुखिया का फंड नहीं पीएचडी विभाग का फंड है। आप देखने वाले नहीं होते हैं। आपको जहां जाना है जा सकते हैं। धमकी देते हुए उल्टे पंचायत समिति सदस्य व मुखिया को जेल भेजने का दिया धमकी देने लगे।



# परिसीमन को लेकर समाजसेवियों की बैठक

राष्ट्रीय खबर

**इचाक :** इचाक जीएम कॉलेज के प्रांगण में लोकसभा एवं विधानसभा परिसीमन हेतु इचाक प्रखंड के बुद्धिजीवियों एवं समाजसेवियों की बैठक जयनारायण प्रसाद मेहता की अध्यक्षता में की गई। जिसमें टाटी झरिया दारू को मिलाकर इचाक को अलग विधानसभा बनाने की मांग करना इचाक को हजारीबाग लोकसभा में शामिल करवाना,आने वाले आगामी 2029- 30 के चुनाव में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में आरक्षण का लाभ लेना सहीत कई बिंदुओं पर विचार किया गया। आगामी बैठक 18 फरवरी को किया जाएगा।मौके भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता, कांग्रेस के प्रमंडलीय स्वास्थ्य अध्यक्ष आरसी मेहता ,जिला सांसद प्रतिनिधि सुनील मेहता, युवा नेता गौतम कुमार ,भगवत मेहता, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत मेहता , झामुमो के वरिष्ठ नेता रामचंद्र मेहता, पूर्व मुखिया संतोष प्रसाद मेहता, सुनील मेहता, भुवनेश्वर मेहता, जयप्रकाश मेहता, उमेश मेहता, पंकज कुमार मेहता, पूर्व प्रमुख अयोध्या प्रसाद मेहता, प्रो ब्रजकिशोर मेहता जगदीश राम अजय पासवान नजीर मियां समेत कई बुद्धिजीवी एवं गणमान्य उपस्थित रहे।



**कलश यात्रा** अयोध्या धाम में सोमवार को विराजेंगे प्रभु श्रीराम

# प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली भव्य कलश यात्रा

राष्ट्रीय खबर

**टाटीझरिया :** अयोध्या में राम जन्मभूमि नवनिर्माण व भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में गांव-गांव में शोभा यात्रा निकाली गई । रविवार को टाटीझरिया प्रखंड के झरपो, लोधी कोल्हू मुरूमातु, बडा डहरभंगा, व केसडा गांव में विधिवत पूजन के बाद भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई. इस दौरान महिलाओं,बच्चों, पुरुषों ने बढ़ चढ़ कर कलश शोभा यात्रा में हिस्सा लिया. राम ध्वज लेकर भक्तो ने जमकर जय श्री राम के नारे लगाए इस दौरान पूरे गांव का माहौल रसमय था। लोग डीजे की धुनों पर नाच रहे थे. इस अवसर पर प्रमुख संतोष मंडल, मुखिया शिबु प्रसाद सोनी, उपप्रमुख रवि वर्णवाल, रविन्द्र यादव, कौलेश्वर मिश्रा, दयाल प्रसाद, ज्योतिष पंडा,छोटन कुमार,राजेन्द्र प्रसाद, रामलखन पांडेय, छक्कन पांडेय, बालेश्वर महतो, सरयु प्रसाद, उमेश प्रसाद, सुरेश मिश्रा, भोला राणा, पंकज मंडल, प्रकाश गंझु, जयप्रकाश ठाकुर, सुरेश गंझु, में समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल रहे.मुरूमातु, बडा डहरभंगा केसडा में निकाला गया भव्य कलश शोभायात्रा टाटीझरिया. अयोध्या में राम जन्मभूमि नवनिर्माण व भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में गांव-गांव में शोभा यात्रा निकाली जा रही है. रविवार को टाटीझरिया प्रखंड के कोल्हु, झरपो, मुरूमातु, बडा डहरभंगा, लोधी व केसडा गांव में विधिवत पूजन के बाद भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान महिलाओं, बच्चों, पुरुषों ने बढ़ चढ़ कर कलश शोभा यात्रा में हिस्सा लिया। राम ध्वज लेकर भक्तो ने जमकर जय श्री राम के नारे लगाए इस दौरान पूरे गांव का माहौल रसमय था। लोग डीजे की धुनों पर नाच रहे थे। वही झरपो के महिलाओ ने पांच सौ कलश लेकर पांच हजार की संख्या में महिला पुरुष राम भक्तो ने इस सोभा यात्रा' में भाग लेकर झरपो देवी मंडप से पुर्रे गांव भर्मण कर और मंदिर में पूजा अर्चना किया, इस मोके पर प्रमुख संतोष मंडल, झरपो मुखिया शिबु प्रसाद सोनी, उपप्रमुख रवि वर्णवाल, उमेश प्रसाद छोटन कुमार, सरयू प्रसाद, उपमुखिया राजेंद्र कुमार, दयाल प्रसाद, मिथलेश प्रसाद, किशोरी ठाकुर, राजेश ठाकुर, रामबिलास शर्मा, अनुज कुमार बर्मा बिजय कुमार, अजय कुमार बर्मा, कौलेश्वर मिश्रा, उमेश प्रसाद, ज्योतिष पंडा, छोटन कुमार, राजेन्द्र प्रसाद, रामलखन पांडेय, छक्कन पांडेय, बालेश्वर महतो, सरयु प्रसाद, उमेश प्रसाद, सुरेश मिश्रा, भोला राणा, पंकज मंडल, प्रकाश गंझु, जयप्रकाश ठाकुर, सुरेश गंझु, में समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।'



## न्यूज फटाफट

### विधायक ने किया कंबल का वितरण



**चरही** :चरही रविवार को चुरचू प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत बहेरा के ग्राम मयूर नचवा कजरी में झारखण्ड विधानसभा के सचेतक (विरोधी दल) सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह माण्डू के लोकप्रिय विधायक माननीय जय प्रकाश भाई पटेल जी के पहल से सीएस-आर-मद से अल्पसंख्यक जिला मंत्री सह विधायक प्रतिनिधि आरीफ अंसारी,के हाथों द्वारा गरीबों अहसाय एवं जरूरत मन्द लोगों के बीच कम्बल वितरण किया गया। गौरतलब है की पिछले कुछ दिनों से मौसम ने करवट लिया है और ठंड में भी इजाफा हुआ है। कंबल वितरण से जरूर लाभुकों को इस कड़ाके की ठंड में लाभ मिलेगा। मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि आरीफ अंसारी,समाज सेवी अताउल्लाह अंसारी, जाबिर अंसारी,अलाउद्दीन अंसारी,नसीम अंसारी,सरफराज अंसारी, साने अहमद,सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### रेजिडेंशियल स्कूल में ताइक्वांडो बेल्ट परीक्षा संपन्न



**हजारीबाग**: स्थानीय बाबा पथ हुरहुरू स्थित आरसी मिशन रेजिडेंशियल स्कूल में एकदिवसीय ताइक्वांडो बेल्ट परीक्षा हजारीबाग ताइक्वांडो संघ के द्वारा आयोजन किया गया था जिसमें कुल 30 ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बेल्ट प्राप्त किया परीक्षा प्रमाण पत्र झारखंड ताइक्वांडो संघ के द्वारा दिया जाएगा येलो बेल्ट में सफल रहने वाले खिलाड़ी अनुप्रिया कुमारी रूपाली राज वर्मा आदित्य राज आशीष कुमार रिशु कुमार तनु कुमार राणा देव कुमार अनीश कुमार चंद्रदेव कुमार विराट राज भरत कुमार शिवम राणा श्याम कुमार अभिमन्यु कुमार यादव नैतिक पटेल रूपेश कुमार रोशन गुप्ता सुकेश कुमार सतीश कुमार दीपक कुमार यादव अंशु कुमार रसाल गुप्ता पुरुषोत्तम राज गौरव कुमार सिंह को कलर बेल्ट परीक्षा में सफल रहे। इन खिलाड़ियों को परीक्षा लेने में हजारीबाग ताइक्वांडो संघ के सचिव हेमंत कुमार संयुक्त सचिव रोशन गुप्ता एवं संघ के द्वारा परीक्षक निरंजन यादव के द्वारा संपन्न हुआ मौके पर विद्यालय के प्राचार्य मिंकु कुमार भी उपस्थित हुए और बच्चों को कलर बेल्ट देकर सम्मानित किया।

### अनुबंध आधारित नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा आयोजित



**हजारीबाग**: उपायुक्त नैंसी सहाय ने स्वास्थ्य विभाग के रिक्त पदों पर डीएमएफटी मद से अनुबंध आधारित नियुक्ति कर स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतरी के निमित कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाए है इन्ही कड़ी में आज दिनांक 21.01.2024 को डीएमएफटी , हजारीबाग के अंतर्गत एएनएम/जीएमएन के नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन +2 जिला स्कूल, हजारीबाग एवं बालिका +2 उच्च विद्यालय, हजारीबाग में किया गया। उक्त परीक्षा में एएनएम के कुल 30 अनुबंध आधारित पदों हेतु 206 अभ्यर्थी एवं जीएनएम के कुल 52 अनुबंध आधारित पदों हेतु 126 अभ्यर्थी शामिल हुए। लिखित परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थियों का चयनोपरांत अभ्यर्थियों की सूची जारी की जाएगी। उन चयनित अभ्यर्थियों का पदस्थापन जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु किया जाएगा।

### पंचायत भवन में मुखिया ने किया कंबल का वितरण



**चरही** : चरही रविवार को बहेरा पंचायत भवन में सीसीएल के सीएसआर फंड से हजारीबाग एरिया चरही जीएम के सौजन्य से ग्राम पंचायत बहेरा में ठंड एवं शीतलहरी को देखते हुए गरीब असहाय विकलांग एवं वृद्ध व्यक्तियों को बहेरा के सभी वार्ड के लाभुको के बीच कंबल वितरण किया गया। चुरचू मुखिया संघ के अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो द्वारा लाभुकों के बीच कंबल वितरण किया गया।जिसमें बहेरा पंचायत के उप मुखिया शिवचंद मुर्मू एवं सभी वार्ड सदस्य जिसमें गीता देवी आशामणि देवी बिरसा टुडू ललन पासवान बिरजू राम सबीना हेमब्रॉम्ब प्रियंका मुर्मू राजन महतो एवं अन्य वार्ड सदस्य शामिल हुए।इससे पहले भी सीसीएल के सीएसआर फंड से शनिवार को भी कई गरीब असहाय लोगों के बीच में कंबल वितरण किया गया था जिसमें तापिन साउथ कोलियरी के सीसीएल के कई अधिकारी शामिल हुए थे।

### कुशवाहा महासभा की बैठक लिए कई निर्णय

**हजारीबाग**: हजारीबाग अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की बैठक संत कोलंबस कॉलेज के समीप कुशवाहा समाज के कार्यालय में हुई जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अभय महतो व संचालन व्यवस्थापक कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार उर्फ बबलु कुशवाहा ने की। बैठक में 9 व 10 फरवरी को हजारीबाग के कर्जन ग्राउंड में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की महाधिवेशन अधिवेशन करने पर विचार किया गया। साथ ही सभी प्रखंडों में समाज के प्रबुद्ध लोगों से बैठकर कार्यक्रम को सफल बनाने व कोष संग्रह पर विशेष रूप से चर्चा की गई साथी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अन्य कार्यक्रमों के तैयारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई वही प्रदेश अध्यक्ष अभय कहां की या अधिवेशन कई वर्षों के बाद हजारीबाग में हो रहा है यहां कई राज्य के लोग इस अधिवेशन में शामिल होंगें मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील मेहता जिला अध्यक्ष सूरज कुशवाहा प्रदेश सचिव रेणु कुमारी दिगंबर कुमार मेहता बबलू कुशवाहा कृष्णा कुशवाहा विनोद कुशवाहा महेंद्र कोडरमा जिला अध्यक्ष सोनू वर्मा महेंद्र वर्मा चूड़ामणि कुशवाहा राम जी कुशवाह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## प्रदेश >> अपडेट

### उपायुक्त ने की बैठक

पाकुड़ : गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर शनिवार को उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरनवाल ने अधिकारियों के साथ बैठक कर अब तक हुए कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने तैयारी को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने मुख्य कार्यक्रम स्थल रानी ज्योर्तिमय स्टेडियम में बेहतर तरीके से साफ सफाई का निर्देश दिया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### अयोध्या में राम लला की प्राणप्रतिष्ठा पर एनसीपी हुसैनाबाद में करेगी कार्यक्रम

पलामू : अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा और श्री राम जन्मभूमि मंदिर उद्घाटन की शुभ घड़ी आने में अब मात्र एक दिन का इंतजार है। इस पुनीत उपलक्ष्य पर हुसैनाबाद छठ पोखरा (जेपी चौक) पर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। जिसमें 11 हजार दीए प्रव्वलित किए जाएंगे। साथ ही सरयू का पवित्र जल अर्पण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में काशी के पंडितों के द्वारा पवित्र गंगा आरती भी की जाएगी।कार्यक्रम की तैयारी का रविवार को विधायक कमलेश कुमार सिंह ने जायजा लिया। विधायक श्री सिंह ने कहा कि छठ पोखरा पर दीपोत्सव कार्यक्रम में हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के पांचों प्रखंडों से बड़ी संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्ता पहुंचेंगे। 22 जनवरी को हुसैनाबाद छठ पोखरा (जेपी चौक) पर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम के पूर्व सरयू नदी का पवित्र जल जनसमूह की उपस्थिति में प्रवाहित करेंगे। इसके बाद दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम होगा। इस ऐतिहासिक क्षण के गवाह हुसैनाबाद बनेगा। उन्होंने आम लोगों से इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए हुसैनाबाद के छठ पोखरा पहुंचने का आग्रह किया है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### शोकाकुल परिवारों से मिले राजद के पूर्व सांसद

पलामू : हरिहरगंज झंडा चौक निवासी व्यवसाई शंकर प्रसाद गुप्ता के 26 वर्षीय पुत्र शुभम गुप्ता की बीते दिनों छतरपुर में अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या की घटना को राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव और पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने दुखद बताया है। वे रविवार को हरिहरगंज में पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया । साथ ही दुख की इस घड़ी में राजद की ओर से पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। मौके पर संवेदना जताने वालों में राजद प्रदेश सचिव युवा नेता रवि यादव, बुधन सिंह यादव,अशोक यादव, विकास यादव, अशोक जायसवाल, लखन यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष सतेन्द्र भुईयां,विनय सिंह यादव,आनन्द यदुवंशी, दिपक कुमार, रंजीत पासवान सहित कई राजद समर्थक उपस्थित थे।

### 22 जनवरी को मतदाता सूची का होगा अंतिम प्रकाशन

पाकुड़ :मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के लिए 22 जनवरी को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि निर्धारित है। इसके आलोक में जिले के सभी निर्वाचन क्षेत्र के कार्यालय सूचना पट पर फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। उपायुक्त श्री मृत्युंजय कुमार बरनवाल ने पाकुड़ जिले के मतदाताओं व आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी मतदान केन्द्र अथवा वेबसाइट से यह जांच कर लें कि उनका अथवा अन्य परिवार के सदस्यों का नाम मतदाता सूची में शुद्ध-शुद्ध दर्ज है या नहीं। यदि किसी व्यक्ति अथवा उनके परिवार के सदस्य का नाम मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं हो तो मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए प्रपत्र 6 में आवेदन करवाना सुनिश्चित करेंगे।

---

**चोरी**

### थमने का नाम नहीं ले रहा मंदिर में चोरी की घटना

# दुर्गा मंदिर से उड़ाए लाखों के जेवरात

- मंदिर से चोरी होने की यह तीसरी घटना
- चोरों की हिम्मत या जिम्मेदार की विफलता
- कुल छह बार हो चुकी है मंदिरों से चोरी
- एक का भी उद्भेदन नहीं कर पायी पुलिस



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** पाकुड़ नगर थाना से महज एक किमी की दूरी पर स्थित हरिनडांगा हाई स्कूल के निकट श्याम नगर दुर्गा मंदिर में अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए के सोना चांदी का जेवर और नगद हाथ साफ कर दिया.। चोरी का पता तब चला जब सुबह एक महिला मंदिर में पूजा करने पहुंची और देखा कि दान पेटी के साथ मुख्य द्वार खुला हुआ है तब उनके द्वारा आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी सूचना मिलते ही मौके पर मंदिर समिति के सदस्य पहुंचे और इसकी सूचना थाना को दिया। वहीं थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गई मौके पर थाना प्रभारी मनोज कुमार आसपास के लोगों से पूछताछ करते दिखे। मौके पर मौजूद समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार भगत, सचिव रमन मिश्रा, कोषाध्यक्ष कमलेश महतो समेत अन्य ने बताया कि शनिवार रात्रि 11:00 बजे तक मंदिर में हम लोग मौजूद थे और रात्रि 11:00 बजे के बाद ही हम लोग घर गए हैं संभवत देर रात चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। बताया गया कि 50 ग्राम सोने का जेवर तथा एक केजी चांदी का जेवर के साथ-साथ दान पेटी में रखें लगभग 80 हजार रुपए चोरों के द्वारा चुरा लिए गए हैं। वही मंदिर में लगे सीसीटीवी के साथ भी चोरों के द्वारा छेड़छाड़ किया गया है। यहां बता दे की कुछ दिन पूर्व शहर के कालीबाड़ी मंदिर में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था और उसका भी खुलासा आज तक नहीं हो पाया है उसका फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। चोरी की खबर सुनकर भाजपा नेता और पूर्व जिप अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू ने चोरी की घटना पर नाराजगी जताई है। कहा कि पुलिस प्रशासन को नियमित रूप मंदिर के इलाके में पेट्रोलिंग करने की जरूरत है।

## समाज को विकास के लिए संगठित होना जरूरी: कृष्णा



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** हुसैनाबाद देवारी रोड में गैस गोदाम के बगल में यादव कांप्लेक्स में रविवार कों प्रबुद्ध की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता महुदंड पंचायत के पूर्व मुखिया विजय प्रसाद यादव ने की जबकि संचालन हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा के द्वारा किया गया।बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सामाजिक संगठन का गठन करना ।उपस्थित प्रबुद्ध लोगों ने सर्व सहमति से राष्ट्रीय सामाजिक जनकल्याण संगठन का गठन किया गया ।संगठन को गति देने के लिए संयोजक श्री विजय प्रसाद यादव अध्यक्ष कृष्णा बैठा एवं उपस्थित सभी सम्मानित प्रबुद्ध जनों को संयोजक मंडल का सदस्य सर्व सहमति से मनोनित किया गया ।मौके पर ,भोला सिंह,राजेश्वर यादव ,राजेश यादव , पूर्व मुखिया अरविंद पासवान ,श्रवण बैठा ,जनेश्वर बैठा ,धनेश यादव ,सतेंद्र यादव ,संतोष यादव,महेंद्र यादव ,अजय यादव ,गुडु रजक ,सुरेंद्र यादव ,कमलेश यादव ,सुभाष सिंह ,धनजय कुमार साव उपस्थित थे।

## शहर में निकाली गई रामलला की शोभायात्रा



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** नगर के रामभक्तों ने शहर में रथ पर सवार रामलाल की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान महिला और बच्चों ने शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर रामभक्तों का अभिनंदन किया। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति सहित सनातनी रामभक्त शामिल हुए।शोभायात्रा कलिकापुर दुर्गा मंदिर से निकलकर धुलियान रोड होते हुए संकट मोचन महावीर मंदिर रेलवे स्टेशन परिसर पहुंची जहां से राम दरबार एवं हनुमान जी देवाधिदेव महादेव की पूजा अर्चना के बाद उक्त शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए मुख्यमार्ग होते हुए हरिणडंगा बाजार, अम्बेडकर चौक, हाटपाड़ा होते हुए भगत पाड़ा मंदिर के लिए प्रस्थान कर गई। संपूर्ण नगर में रामभक्त ने भगवा झंडा से सजा रखा था। विभिन्न मंदिरों में विशेष कर बजरंगबली मंदिर में सुंदर कांड हनुमान चालीसा पाठ अखंड रामधुन कीर्तन और विभिन्न अनुष्ठान का आयोजन आयोजित की गई है। शोभायात्रा में रामभक्तों ने संपूर्ण नगर में जय श्री राम जय सियाराम सियावर रामचंद्र की जय और बजरंगबली की जय के नारों से भक्तिमय कर डाला। संपूर्ण देश में राम नाम की गूंज के साथ पाकुड़ नगर भी राम गुंजायमान हो रहा था। बता दे की 22 जनवरी को अयोध्या धाम में भगवान रामलला की भव्य प्राण प्रतिष्ठा होनी है,जिसके मुख्य जजमान भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी हैं।

## सांसद ने किया भारत संकल्प यात्रा का उद्घाटन



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने गढ़वा जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत संग्रहे खुर्द एवं तिलदाग पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर एवं आयुष्मान कार्ड बनाने सहित अन्य योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था। साथ ही संग्रहे पंचायत में खरछढर के सखी मंडलों के बीच 21 लाख एवं तिलदाग पंचायत में 23 लाख (कुल 44 लाख रुपए) का चेक प्रदान एवं किसानों के बीच सॉयल हेल्थ कार्ड वितरण किया। महिलाओं एवं बच्चों के बीच गोदभराई एवं मुहजूठी का कार्यक्रम के साथ ही स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पोषण अभियान, जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना इत्यादि योजनाओं की समुचित जानकारी जनता को दी जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी को पहुंचाना और उनके बीच केन्द्र सरकार की योजनाओं को लेकर प्रचार-प्रसार के माध्यम से जागरूकता पैदा करना तथा उन्हें उपरोक्त सभी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करना। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडेय, जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे,ओमकार तिवारी, अंजनी तिवारी, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, मुकेश चौबे, मुरली श्याम तिवारी,राम सरिख चन्द्रा, राम उदार पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि मिथलेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष शिवनारायण चंद्रा, कामेश्वर सिंह, सीताराम चौधरी सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## हंसडीहा में युवा कांग्रेस मिलन सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित




राष्ट्रीय खबर

**गोड्डा:** आज हंसडीहा में गोड्डा लोकसभा स्तरीय युवा कांग्रेस मिलन सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित की गयी जिसमे विभिन्न पंचायत गाव विधानसभा से लोग गोड्डा दुमका देवघर से हजारों की संख्या में मोटरसाइकिल चार पहिया वाहन गाजे बाजे के साथ बुलंद नारे लगते हुए साथ निकले जहां युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री निवास बी भी ,प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज,ओझा जी युवा सचिव जिला जिला अध्यक्ष मंत्री आलमगीर आलम मंत्री बादल पत्र लेख एवं देवघर जिला अध्यक्ष दुमका जिला अध्यक्ष गोड्डा जिला अध्यक्ष विधायक प्रदीप यादव जिला अध्यक्ष दिनेश यादव पोड़ैयाहाट विधानसभा प्रदेश सचिव विकाश सिंह गोड्डा विधानसभा अध्यक्ष सुशील मोदी पड़ैयाहाट विधानसभा अध्यक्ष निरंजन यादव युवा जिला अध्यक्ष शशि यादव प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार सोशल मीडिया प्रभारी सभी सामिल हुए एवं आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर दिशा निर्देश सुने ओर सभी ने एकमत होकर चुनाव में कांग्रेस को जीत दिलाने का एलान किया।

**उत्सव**

### राम उत्सव में शहर की सड़कें काफी आकर्षक दिख रहा है

# अयोध्या की तर्ज पर सज रहा शहर

- चारों ओर सिर्फ और सिर्फ भगवान श्रीराम नाम की ही गूंज है
- अपने तरीके से इस खास दिन को त्योहार की तरह मनाए



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** अयोध्या नगरी में 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर के राम प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान समारोह को लेकर मेदिनीनगर शहर में भी जश्न का माहौल है। चारों ओर सिर्फ और सिर्फ भगवान श्रीराम नाम की ही गूंज है। पूरा वातावरण राममय हो गई है।पुलिस लाइन मेजर मोड़ से लेकर शहर के बाजार क्षेत्र भगवा झंडों से पट गया है। राम उत्सव में शहर की सड़कें भी काफी आकर्षक दिख रहा है। अयोध्या में होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोग अपने-अपने तरीके से इस खास दिन को त्योहार की तरह मनाएंगे।रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में न सिर्फ हिंदू समुदाय के लोग, बल्कि मुस्लिम समाज के लोग भी बढ़-चढ़कर भूमिका निभा रहे हैं। शहर के बाजारों में मिलने वाले भगवा झंडों को मुस्लिम समाज के लोगों ने तैयार किया है, जिसे भारी संख्या में लोग खरीद रहे हैं और उसे अपने घरों पर लगा रहे हैं। 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर घरों को सजाने-संवारने का काम भी तेज हो गया है। इसे लेकर लोगों में खासा उत्साह दिख रहा है। युवाओं ने शहर के चौक-चौराहों को भगवा पताका व झंडों से पाटने का काम शुरू कर दिया है। अयोध्या की तर्ज पर शहर को भगवामय बनाने की तैयारी तेज हो गई है। हर घर पर भगवा झंडा फहराया जा रहा है। इसके साथ ही घरों को झालरों से सजाया गया है। जगह-जगह भंडारे के साथ भजन-कीर्तन का कार्यक्रम चल रहा है। लोग इसमें उत्साह के साथ जुड़ रहे हैं।अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को हो रही है। इसको लेकर शहर को भगवामय बनाया जा रहा है। हर घर पर भगवा झंडा के साथ ही पताका फहराया जा रहा है। इसके साथ ही शहर में भगवा झंडे की दुकानों पर बिक्री तेज हो गई है। शहर के कई घरों को झालरों से सजाया जा चुका है।

---

## न्यूज फटाफट

### वोटर लिस्ट का हुआ प्रकाशन

पलामू : मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 सम्पन्न होने के बाद आगामी 22 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया जाना है। सूची का प्रकाशन के उपरान्त पहली बार मतदाता बने युवाओं में उत्साहवर्धन हेतु इस अवसर को एक उत्साह पूर्ण वातावरण में बदलने के लिए विभाग स्तर से प्राप्त निदेशानुसार सोशल मीडिया पर अभियान दिनांक 22 जनवरी को सुबह 11.00 बजे से चलाया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने उक्त अभियान को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया है कि सभी स्तर से यह प्रयास किया जाय कि त्रुटिपूर्ण विलोपन प्रविष्टियों के सुधार तथा मतदाता सूची में निबंधन हेतु छुटे हुये योग्य व्यक्तियों का निबंधन ससमय कराया जा सके। उपायुक्त ने इस अभियान के तहत अधिकतम भागीदारी हो, इसे लेकर समाज के विभिन्न वर्गों 18 - 19 वर्ष के छात्र छात्राओं, 20-25 वर्ष के आयु के युवा मतदाताओं, सामाजिक कार्यकताओं, जन प्रतिनिधियों, राजनीतिक व गैर राजनीतिक संगठनों सोशल मीडिया इन्फ्लूइंशर्स, मीडिया कर्मियों आदि सहित समाज के उन सभी वर्ग के लोगों से इस अभियान का हिस्सा बनने की अपील की है।

### बीएलओ को उपलब्ध कराया गया वोटर लिस्ट



पलामू : भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 की गतिविधियां शुरू हो गई है। इसे लेकर रविवार को हरिहरगंज प्रखंड से अंचल कार्यालय में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी स सीओ यामुन रविदास ने क्षेत्र के सभी बीएलओ को वोटर लिस्ट उपलब्ध करा दिया। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। इसे लेकर उन्होंने निर्धारित अवधि में सभी बीएलओ को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया। साथ ही निधार्रीत कार्य दिवस में बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं का नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आवेदन भी लेंगे। मौके पर मधु कुमारी,नेहा कुमारी,विमला कुमारी ,पुनम देवी,रेखा कुमारी कंप्यूटर ऑपरेटर सोनू कुमार,रमेश कुमार,राजेश कुमार,जितेन्द्र कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



हरिहरगंज : श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद और चौकस है। क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहे इसे लेकर रविवार को फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च थाना से निकलकर एनएच 98 होते हुए अररूआ खुर्द, बेलौदर मोड़ सहित पूरे बाजार क्षेत्र का भ्रमण किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की । इसके पहले छतरपुर डीएसपी अजय कुमार, सीओ यामुन रविदास, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।डीएसपी अजय कुमार ने कहा कि 22 जनवरी को नवनिर्मित अयोध्या मंदिर के लोकार्पण व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन है । इस दौरान क्षेत्र में शांति और सौहार्द के लिए सभी को मिलकर सार्थक प्रयास करने की जरूरत है। कोई भी व्यक्ति ऐसा कार्य नहीं करेंगे जिससे समाज की शांति भंग हो। सीओ यामुन रविदास ने कहा कि सभी लोग एक दूसरे के धार्मिक त्योहार और उत्सवों का सम्मान करते हुए सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखेंगे। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर गलत अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बलू बलराम, सन्नी गुप्ता,कमलेश यादव,चंदन जायसवाल अतहर हुसैन,इरफान शाहिद,महताब साहिल,दिलीप स्वर्णकार,भीमसेन शर्मा,रिशु गुप्ता,जफर औरंगाबादी सहित दोनों समुदाय के लोग शामिल थे।

### सांसद 10 वर्षों में ना एक ट्रेन खुलवा सके ना किसी मेल एक्सप्रेस का ठहराव दिला सके : आलमगीर

पाकुड़ :आजसू जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम ने राजमहल लोकसभा के सांसद विजय हांसदा के पाकुड़ साहिबगंज से कोयला एवं पत्थर उठाव बंद कर देंगे के बात पर एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर टिप्पणी करते हुए कहा है कि सोशल मीडिया पर आया कि रेलवे से संबंधित जनहित में जो मांग मेरे द्वारा रखी गई है वो मांग रेल मंत्रालय द्वारा पूरा नहीं किया गया तो आगामी महीने में पत्थर और कोयले की ढोलाई अपने संसदीय क्षेत्र में बाधित कर देंगे। श्री आलम ने इस बात पर टिप्पणी करते हुए कहा कि बीते 10 वर्षों में एक सांसद के रूप में इस क्षेत्र को सुबिधा देने हेतु कहा तक संघर्ष किया। राजमहल सांसद विजय हांसदा जी पहले रेल रोको आंदोलन कर जनता को सुबिधा दिलाने की मांग करते। मांगे पूरी ना होने पर पत्थर व कोयले की ढोलाई बाधित करने की बात कहना चाहिए। रेल मंत्रालय आपका मांग पूरी नहीं कि तो आप रेलवे के खिलाफ धरना-प्रदर्शन क्यों नहीं किया ? अब जब चुनाव सामने है तो जनता के हित का ख्याल आ गया। जनत को आप बेकूफ नहीं बना पाएंगे। जनता सब समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि विगत 5 वर्षों में कोयला और पत्थर की कारोबार प्रभावित होने से व्यापारियों एवं मजदूर वर्गों में कैसी दयनीय स्थिति हो गई थी। कोयले तथा पत्थर की ढोलाई बाधित किये जाने के समाचार से सभी लोगो मे बेचैनी है । लोग आपके दिलो में रहते हो या ना रहते हो ये जरूरी नहीं आपको अपने काम से जनता के दिलो में रहना जरूरी है। आजसू जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम ने कहा कि राजमहल सांसद विजय हांसदा जी कोई नई ट्रेन दिलाना तो दूर की बात जो पुरानी ट्रेन थी उसे भी चालू नहीं कर सके, इस क्षेत्र से गुजरने वाली एक्सप्रेस / मेल ट्रेनों को 10 वर्षो में एक भी ट्रेन रुकवा भी नहीं सके। आखिर 10 वर्षों तक जनता का ख्याल नहीं आया। अभी जब चुनाव सर पर है तो इस तरह का बयान बाजी समझ से परे है।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा 20 सूत्री कार्यालय का कर रहा है दुरुपयोग : अमृत पांडे

पाकुड़ : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी पूछताछ कर रही है। इसके विरोध में झारखंड मुक्ति मोर्चा पाकुड़ में धरना प्रदर्शन किया। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अमृत पांडे ने बताते हुए कहा कि लोकतंत्र में हर दल को संवैधानिक रूप से विरोध करने का अधिकार है। किंतु यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि पिछले बार की तरह इस बार भी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 20 सूत्री कार्यालय परिसर में अपने पार्टी के द्वारा न केवल धरना-प्रदर्शन किया बल्कि 20 सूत्री कार्यालय के कुर्सियों में पार्टी का झंडा लेकर कार्यालय का दुरुपयोग किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा 20 सूत्री कार्यालय का दुरुपयोग करने की भारतीय जनता पार्टी निंदा करती है और जल्द ही उपायुक्त महोदय, पाकुड़ से इस मामले की जांच की मांग करेगी।

## शहर >> अपडेट

### शोक संतप्त परिवार से मिले धीरज साहू

कुडू :कूडू प्रखंड निवासी पूर्व मुखिया एवं कांग्रेसी नेता स्वर्गीय अवधेश नारायण सिंह की आकस्मिक निधन की सूचना पाकर राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू उनके आवास पहुंच कर परिवार जनों से मिलकर शोक जताया और कहा इस दु:ख की घड़ी में शोकित परिवार के साथ हैं,वे कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता थे और हंसमुख एवं मिलनसार प्रवृत्ति के थे ,उन्होंने पार्टी के लिए समर्पित रूप से कार्य किया, उनके आकस्मिक निधन से पार्टी को अपूर्णीय क्षति हुई है।इस मौके पर कुडू प्रखंड कोंग्रेस पार्टी अध्यक्ष तनवीर गौहर, अतीक सिंह,अजित सिंह उपस्थित थे।

## सिटी अपडेट्स >>

### उपायुक्त ने किया फ्लैग मार्च



लोहरदगा :उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के नेतृत्व में आज रविवार को लोहरदगा शहरी व सदर प्रखंड क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया और मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। साथ में पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमा, अनुमंडल पदाधिकारी और बड़ी संख्या में सुरक्षा बल शामिल हुई। यह फ्लैग मार्च लोहरदगा थाना से प्रारंभ हुई जो अपर बाजार, निंगनी रोड,पावरगंज, मैना बगीचा, बाबा मठ,न्यू रोड,होते हुए बक्सी डीपा समेत अन्य प्रमुख स्थानों से होते हुए सम्पन्न हुई।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### डीसी मेघा भारद्वाज की पहल



कोडरमा : जिले के सतगावां प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोठियार के सुदूरवर्ती गांव सेठवा में पानी की समस्या के समाधान हेतु ग्राम पंचायत के मुखिया, राजस्व उप निरीक्षक, ग्राम रोजगार सेवक एवं पेयजल स्वच्छता विभाग के कर्मी द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि वहां के लोगों को पानी की समस्या है। गांव के लोगों द्वारा बताया गया कि वे लोग पहले अपने पैतृक गांव कनीकेंद्र में रहते थे लेकिन अब ग्कुछ माह पूर्व वे लोग अपने रैयती जमीन पर आकर रहने लगे। ग्रामीणों ने बताया कि पानी के लिए चुआं खोदना पड़ता है, तब जाकर पानी निकलता है। साथ ही सेठवा गांव बेचिरागी होने के कारण वहां कुआं या चापानल की व्यवस्था नहीं थी। मामले को संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को निर्देश दिया और कहा कि कोठियार पंचायत के सेठवा गांव में बोरवेल की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। बोरवेल की व्यवस्था होने से सुदूरवर्ती गांव के लोगों को शुद्ध पानी की किल्लत से निजात मिलेगा। अब ग्रामीणों को पानी के लिए चूआं खोदना नहीं पड़ेगा। दरअसल सतगावां प्रखंड के कोठियार पंचायत के सेठवा गांव के बेचिरागी होने के कारण वहां शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं थी। परन्तु कुछ समय अंतराल के बाद लोग वहां बसना शुरू हो गये। अब बोरवेल की व्यवस्था होने से इस सुदूरवर्ती गांव के लोगों को शुद्ध पानी की किल्लत से निजात मिलेगा। ज्ञात हो कि उपायुक्त को विभिन्न माध्यमों से तथा जनप्रतिनिधियों के द्वारा पेयजल की समस्याओं से अवगत कराया गया था।

**सेवा** मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा और पुण्य का कार्य है इसे बरकरार रखा जाएगा: निशीथ जायसवाल

# लाचार और जरूरतमंदों की सेवा करना ही गौरव:ऐनुल अंसारी

**आम जनता को राहत पहुंचाना सबसे बड़ी पूजा**

**ठंढ़ से जीवन अस्त -व्यस्त**



राष्ट्रीय खबर

**लोहरदगा:** इन दिनों लोहरदगा जिला में मौसम शुष्क रहने से ठंढ का तेजी बढ़ना आम अवाम को बड़ी परेशानियों में डाल दिया है। इससे बचाव और राहत पहुंचाने को लेकर लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल एवं कुडू प्रखंड के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी के द्वारा लोहरदगा जिला के कुडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चीरी के गरीब असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच दो सौ कंबल वितरित कर राहत कार्य पहुंचाने का सराहनीय कार्य कर दिखाया है। इधर कंबल वितरण कार्यक्रम के उपरांत विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा कि मानव सेवा सर्वोपरी है इसे भविष्य में भी बरकरार रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि लोहरदगा विधायक सह राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव का क्षेत्र वासियों के प्रति अपनापन काफी बेहतर पहल है। उन्होंने कहा कि इस बढ़ते ठंढ से आम जनता को राहत पहुंचाना सबसे बड़ी पूण्य का कार्य है जो लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव इसपर शत-प्रतिशत खरा उतरते हुए आम अवाम को कंपकंपा देने वाली ठंढ से राहत पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाने का कार्य कर दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोहरदगा जिला में अचानक ठंढ का प्रकोप तेजी से बढ़ने से लोगों के समक्ष बड़ी चुनौती साबित हो रही थी। जिसे ध्यान में रखते हुए मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने बढ़ चढ़कर लोगों को ठंढ से राहत पहुंचाने में जुटे हुए हैं। विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा कि जनता को ठंढ से राहत मिले इसे लेकर हमेशा कृतसंकल्पित रहेंगे। उन्होंने कहा कि ठंढ से राहत पहुंचाने को लेकर चीरी पंचायत में दो सौ कंबल वितरित कर राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया है आगे भी बढ़ चढ़कर मानव सेवा करने का प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि बढ़ते ठंढ से जहां आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है वहीं कंबल प्राप्त कर असहाय एवं जरूरतमंद परिवारों को काफी राहत मिलेगी। वहीं कंबल वितरण कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कुडू प्रखंड उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की जनता को हर परेशानियों से निजात दिलाने हेतु हमेशा कृतसंकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि इस बढ़ते हुए ठंढ से निजात दिलाने को लेकर विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव बढ़ चढ़कर लोगों को राहत पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाने का कार्य कर दिखा रहे हैं। मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे इस मौके पर उप मुखिया मुनेजा खातून वार्ड सदस्य पूनम लकड़ा, गायत्री देवी,प्रदीप उरांव,सुषमा कुमारी, गुलशन खातून, आरिफ आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मंदिरों में उत्साह का माहौल



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:**जी हां 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा आयोजन को लेकर कोडरमा जिले के कई स्थानों मंदिरों में पूजा समेत अन्य आयोजन की तैयारी चल रही है । लोग भक्ति भाव से इसमें जुटे हैं । झुमरी तिलैया शहर के स्टेशन रोड स्थित माँ काली मंदिर और श्री बजरंगबली मंदिर में कल की पूजा को लेकर तैयारी की जा रही है । माँ काली मंदिर के प्रमुख पुजारी विजय कान्त उपाध्याय ने बताया की कल पूर्वाह्न 11 बजे से मंदिर में विशेष पूजा भजन आरती और दूसरे कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे । मंदिर को फूलों से सजाया जायेगा । उन्होने बताया की पूजा समाप्ति के बाद एक बजे से प्रसाद वितरण किया जायेगा । बजरंगबली मंदिर में भी कई कार्यक्रम किए जाने की जानकारी मिली है । करमा स्थित उमानाथ शिव मंदिर में भी विशेष पूजा की तैयारी की जा रही है । सामन्ता पेट्रोल पंप के निकट बजरंगबली के पूजा स्थल पर कल विशेष पूजा के आयोजन की तैयारी की जा रही है । पूजा की तैयारी में जुटे समाजसेवी हरजीत सिंह लाम्बा संतोष सिंह हरप्रित सिंह सन्नी कुमार सुजीत कुमार ने बताया की पूजा की तैयारी की जा रही है । पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया जायेगा ।उत्साह और उमंग देखा जा रहा है वजह प्रभु श्री राम आयेंगे ।

## जैन समाज ने ली कुली वर्ग की सुध बांटे स्वेटर



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:**जैन समाज एवं मूलचंद जैन छाबड़ा स्मृति फाउंडेशन के द्वारा आज स्टेशन परिसर में 25 कुली भाइयों को लाल स्वेटर एवं लाल टोपी का वितरण किया गया ।पार्षद पिंकी जैन के प्रयास से यह कार्य किया गया । उन्होने कहा कि इस कड़ाके की ठंड में भी हमारे कुली भाई ट्रेन से आने जाने वाले यात्रियों की सेवा में सजग रहते हैं उनका ध्यान रखना और सेवा करना भी हमारा कर्तव्य होता है । जैन समाज हमेशा मानवता की सेवा के लिए आगे बढ़कर काम करती है । मूलचंद छाबड़ा स्मृति फाउंडेशन के द्वारा गरीब जरूरतमंदों के लिए समय-समय पर सेवा के कई कार्य किए जाते हैं। रेलवे स्टेशन के आरपीएफ निरीक्षक जवाहरलाल जी स्टेशन अधीक्षक रविंद्र कुमार वाणिज्य निरीक्षक बच्चा सिंह मुख्य पार्सल अधीक्षक मनोहर राय ,आरपीएफ उप निरीक्षक अंकुर कुमार, जीआरपी थाना प्रभारी उपेंद्र पासवान इस मौके पर मौजूद थे । पिंकी जैन ने कहा कि स्टेशन मास्टर एवं आरपीएफ के जवाहरलाल जी और उनकी टीम स्टेशन पर हमेशा यात्रियों की सुरक्षा के लिए चाक चौबंद रहती है । उनके द्वारा यात्रियों के जान माल एवं सामान के रक्षा की सुविधा प्रदान की जाती है । जैन समाज के पदाधिकारी के द्वारा स्टेशन प्रबंधक एवं आरपीएफ निरीक्षक एवं अन्य सभी लोगों को माला दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया । समाजसेवी सुशील छाबड़ा ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा से बेहतर कोई कार्य नहीं है हम सभी का कर्तव्य है कि समाज के बीच जरूरतमंदों की सेवा में अपना योगदान दे । इस मौके पर जैन समाज के सह मंत्री राज छाबड़ा ललित सेठी कमल सेठी सुशील छाबड़ा सुरेश सेठी सुनील छाबड़ा पदम सेठी दिलीप बाकलीवाल विवेक सेठी प्रवीण पाटनी संजय छाबड़ा लड्डू लाला प्रदीप सोगानी टुन्नू अजमेरा रोटरी क्लब के सेक्रेटरी नवीन जैन मौजूद थे ।

## 125 रोगियों के आंखों की हुई जांच




राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:**रोटरी क्लब कोडरमा के द्वारा सपही राजकीय मध्य विद्यालय पारहो में निशुल्क आंख जांच शिविर का कैंप लगाया गया जिसमें 125 लोगों ने अपनी आंखों को दिखाया । डॉ संगीता प्रसाद ने सभी मरीजों की आंख का का जांच किया जिसमें 33 लोगों का मोतियाबिंद निकला जिनका निशुल्क ऑपरेशन रोटरी आई हॉस्पिटल झुमरी तिलैया में होगा । मरीज को रोटरी क्लब के द्वारा निशुल्क दवाई भी दी गई। सर्वप्रथम आज के कार्यक्रम का मंच संचालन रोटेरियन अमित कुमार ने किया स्वागत भाषण अध्यक्ष विकास सेठ ने दिया । रोटेरियन महेश दारूका रोटेरियन संगीता शर्मा रोटेरियन नवीन पांड या परियोजना निदेशक कमल सेठी ने अपना संबोधन दिया रोटरी क्लब कोडरमा के द्वारा आज का यह शिविर डॉ संगीता प्रसाद के पति स्वर्गीय आरके सिन्हा की पुण्य स्मृति में किया गया डॉ संगीता प्रसाद ने वहां पर मौजूद मरीज को अपने संबोधन में आंख से संबंधित कई जानकारियां दी। आज के कार्यक्रम में पारो पंचायत के मुखिया दिनेश यादव जौनपुर प्रखंड के मुखिया मंसूर मियां ने अपने संबोधन में रोटरी क्लब कोडरमा के सेवा के कार्यों की सराहना की । सवैयाटांड़ के मुखिया नारायण सिंह रमेश यादव त्रिवेणी यादव कैलाश राजू यादव सोनू पांडे स्थानीय सभी निवासी ने अपना सहयोग प्रदान किया । धन्यवाद ज्ञापन रोटरी सचिव नवीन जैन ने किया। मौके पर रोटेरियन सुरेश संतोष सिन्हा विनोद कुमार प्रकाश गिरी सोनू शर्मा शकील अंसारी सीमा कुमारी संजय पांडे विजय कुमार ब्रह्मेश्वर तिवारी आदि लोग मौजूद थे।

## अधिकारियों का बैठक



राष्ट्रीय खबर

**कुडू:**आज दिनांक 21 जनवरी 2024 को ग्राम बड़की चांपी में दीपक अग्रवाल के अध्यक्षता में परी किराना स्टोर के पास अमूल डेयरी के अधिकारियों के द्वारा एक आवश्यक बैठक रखा गया। जिसमें अध्यक्ष केदार महतो सचिव राजू अग्रवाल को चुना गया ।अमूल डेयरी के अधिकारियों के द्वारा किसानों को जानकारी दिया गया की अमूल दूध का न्यूनतम मुल्य 34.76 से 123 रुपया तक खरीदा जाएगा और सभी किसानो को दूध देने पर वार्षिक मे 13 प्रतिशत बोनस कंपनी के द्वारा किसानों भाईयों- बहनों को दिया जाएगा। साथ में दूध उत्पादन का सही जानकारी दी जाएगी। यह सेंटर फरवरी माह से राजू अग्रवाल का घर मे शुरू किया जाएगा।इस मौके पर मौजूद अश्विनी अग्रवाल , रिशु अग्रवाल, दीपक अग्रवाल , जगेश्वर यादव ,केदार महतो, सुबोध अग्रवाल, आदि मौजूद थेसभी किसानो ने कहा कि दूध संग्रहन केंद्र खुलने से सभी किसानों को लाभ मिलेगा।

**अभियान** शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देश पर चला स्वच्छ तीर्थ अभियान

# नगर परिषद टीम की पहल स्वच्छ अभियान

- बेहतर सफाई के लिए हुआ टीम का गठन
- सफाई हमारी प्राथमिकता
- मंदिरो के अलावा आसपास भी की गई सफाई



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत केंद्र सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देश पर प्रदेश के सभी नगर निकाय में 'स्वच्छ तीर्थ अभियान' चलाया जा रहा है। इसके तहत झुमरीतिलैया नगर परिषद क्षेत्र के सभी धार्मिक स्थलों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों की गहन सफाई की गई। स्थानीय धार्मिक व सामाजिक समितियों के साथ बैठक कर मंदिरों में सफाई व्यवस्था की तैयारी पर चर्चा की गई। साथ ही सफाई कर्मियों की दो टीमों का गठन किया गया।नगर प्रशासक श्री हर्षवर्धन ने बताया कि सभी मंदिरों व शहर की सफाई को लेकर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। बेहतर सफाई व्यवस्था के लिए कई टीमें बनाई गई हैं। पिछले तीन दिनों से नगर परिषद क्षेत्र के सभी मंदिरों की सफाई की जा रही है। रविवार को सभी मंदिरों की सफाई का कार्य पूरा कर लिया गया। मंदिरों के अलावा उसके आसपास क्षेत्र में भी सफाई की गई। सोमवार को भी सफाई कर्मियों की मंदिरों के आसपास सफाई के लिए लगाया जाएगा। वहीं नोडल पदाधिकारी डा. अरविंद कुमार मोदी ने बताया कि कोडरमा स्टेशन के पास काली मंदिर, डाक्टर गली हनुमान मंदिर, सामंतो काली मंदिर, श्रीसंकटमोचन मंदिर महाराणा प्रताप चौक, श्रीराम मंदिर सीएच स्कूल रोड, श्री सत्यनारायण मंदिर खुदरापट्टी, जैन मंदिर रजगढ़िया रोड, गायत्री शक्तिपीठ बाईपास रोड, गुरुद्वारा डाक्टर गली, बेलाटांड मंदिर, दुर्गा मंदिर गुमो आदि की सफाई की गई। स्वच्छता निरीक्षक राजू राम की निगरानी में सफाई कर्मियों ने सभी मंदिरों की सफाई की। इस दौरान सहायक श्री अनिल कुमार, फील्ड सुपरवाइजर श्री बलराम कुशवाहा, श्री मुकेश राणा व श्री उमेश कुमार, सफाई जमादार श्री दिनेश यादव व श्री मिथिलेश भुइयां आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फटाफट

### नि:शुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन



**पेटरवार :** पेटरवार मारवाड़ी युवा मंच पेटरवार शाखा के तत्वावधान में रविवार को पेटरवार बाजार टांड़ में नि:शुल्क मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में पैथ काइंड लैब्स के माध्यम से लोगों का शुगर, कोलेस्ट्रॉल, हेमोग्लोबिन, कैल्शियम तथा ब्लड प्रेशर की जांच युवा मंच की ओर से करवाई गई। इस कैंप के दौरान आसपास गांव के एक सौ लोगों का निशुल्क जांच किया गया। वहीं युवा माड़वारी शाखा के अध्यक्ष स्नेह कुमार मोर ने बताया की इस तरह का जाँच गाँव गाँव मे जाकर की जाएगी। वही मोर ने यह भी बताया की आँख जाँच का भी शिविर का योजना शाखा के द्वारा की जाएगी। इसकी शुभारंभ विधालय से किया जायेगा आज के परिवेश मे बच्चे ज्यदा आँख से परेशान हो रहे है जिसका मुख्य कारण मोबाईल बताया जा रहा है। इसके पहले भी कई जगहों पर निशुल्क जाँच शिविर का आयोजन शाखा के द्वारा किया गया है। इस मौके पर मुख्य रूप से मारवाड़ी युवा मंच पेटरवार शाखा के अध्यक्ष स्नेह कुमार मोर, उपाध्यक्ष पीयूष बुधिया, सचिव अमित कुमार बंसल, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, मीडिया प्रभारी कुमार सौरभ मोर सहित मंच के सभी कार्यकारिणी सदस्य और ग्रामीण मौजूद रहे।

### कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य गरीब असहाय की मदद: तनवीर गौहर



**कुडू :** कुडू प्रखंड के पंडरा, जिलिंग, माराडीह एवं चेटर गांव में कुडू प्रखंड कोंग्रेस अध्यक्ष तनवीर गौहर के नेतृत्व में राज्यसभा सांसद माननीय धीरज प्रसाद साहु के सौजन्य से लगातार गिरते तापमान, ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए गरीब, असहाय, वृद्ध-वृद्धाओं के बीच कम्बल का वितरण किया गया। कांग्रेस पार्टी के द्वारा पुरे प्रखंड क्षेत्र में कम्बल का वितरण किया जा रहा है। वितरण कार्यक्रम के दौरान तनवीर गौहर ने कहा कि किसी भी कार्य के लिए गरीब, असहाय ,वृद्ध -वृद्धाओं का मदद करना ही कांग्रेस पार्टी का मुख्य उद्देश्य है। साथ ही कहा कि कड़ाके की ठंढ और शीतलहरी को देखते हुए ठंढ से बचाव हेतु वैसे लोगो के बीच कंबल वितरण किया जा रहा है जो असहाय व लाचार तथा आर्थिक संकट से जूझ रहें है। गरीबों की सेवा करना ही सच्ची सेवा है। समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों की हर संभव मदद की जायेगी। कम्बल वितरण के मौके पर कुडू प्रखंड कोंग्रेस अध्यक्ष तनवीर गौहर, जिला कोंग्रेस सचिव कुर्बान मिंया, मंडल कोंग्रेस उपाध्यक्ष शाहिल अहमद उर्फ बॉबी, प्रखंड कोंग्रेस उपाध्यक्ष इरसाद अंसारी, प्रखंड महासचिव जुल्फिकार अली भुट्टो सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### विधायक जवान के परिजनों से मिले



जयनगर : प्रखंड के ग्राम सांथ निवासी गृह रक्षा वाहिनी के जवान रंजीत कुमार का देहांत सदर अस्पताल कोडरमा में हुआ था। इस खबर को सुनकर विधायक अमित कुमार यादव ने मृतक के पत्नी माता-पिता से मिलकर सांत्वना दिया और कहा कि जहां तक होगा आपको सरकारी लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मृतक का पुत्र गृह रक्षा वाहिनी जवान का फॉर्म भरे, मेरा भी प्रयास होगा कि मृतक के पुत्र को गृह रक्षा वाहिनी में नौकरी दिया जाए। मौके पर जयनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी, विजय यादव, मुकेश पांडेय, सुनील सिंह, राम लखन गुप्ता, राजू साव, अशोक राणा, बिनोद गुप्ता, बाबूलाल साव, त्रिभुवन राम, नारायण शर्मा, अवधेश सिंह, संतोष राणा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर भव्य शोभा व कलश यात्रा



**चंदवारा :** अयोध्या धाम में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर चंदवारा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत थाम में भव्य शोभा यात्रा व कलश यात्रा निकाली गई। जिप सदस्य नीतू यादव, मुखिया पुष्पा देवी, पंचायत समिति सदस्य अनिता सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर शोभायात्रा यात्रा की शुरूआत की गई। शोभायात्रा में सैंकड़ों लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। जय श्री राम के नारों और भगवान राम के गीतों के साथ पूरा थाम राममय हो गया। राम- लक्ष्मण की झांकी शोभा यात्रा मुख्य आकर्षण रहा। शोभा यात्रा में ग्रामीणों में भारी जोश था। ग्रामीणों का कहना है कि 500 वर्षो के के तप,त्याग और वलिदान के बाद आज हम सबको अपनी आंखों के सामने श्री राम लला के मंदिर की स्थापना का कार्यक्रम देखने का सुअवसर मिलेगा। मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव, समाजसेवी सम्राट सिंह, बिनय राणा, अंटोनी सिंह, प्रदीप साव, पवन गुप्ता, बिनोद शर्मा, नरेश यादव, संजय वर्णवाल, बीरेंद्र यादव, नरेश मोदी, उमाशंकर वर्णवाल समेत कई लोग मौजूद रहे। वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसआई मनोज सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## न्यूज फटाफट

### जोकोविच, मन्नारिनो को हराकर क्वार्टर फाइनल में



**मेलबर्न :** सर्बिया के नोवाक जोकोविच पुरुष एकल मुकाबले में आज एड्रियन मन्नारिनो को 6-0, 6-0, 6-3 से हराकर 14वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये है। इस जीत के साथ ही जोकोविच ने मन्नारिनो के खिलाफ अपने अजेय रिकॉर्ड को 5-0 कर दिया। यह मेलबर्न पार्क में बाएं हाथ के खिलाड़ियों के खिलाफ अपने अपराजित रिकॉर्ड में एक और का इजाफा करते हुए 11-0 कर दिया है और यह उनकी लगातार 32वीं ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीत है। इस जीत के साथ वह अपने 58वां ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में पहुंच गये। जोकोविच ने 20वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसीसी खिलाड़ी को हराकर दुनिया के नंबर वन खिलाड़ी रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। सातवीं वरीयता प्राप्त यूनान के स्टेफानोस सितसिपास और 12वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज के बीच होने वाले मैच के विजेता से जोकोविच का मुकाबला होगा।

### अंतर्राष्ट्रीय इंग्लिश ओलंपियाड के प्रतिभागी सम्मानित



**रांची:** एसओएफ अंतर्राष्ट्रीय इंग्लिश ओलंपियाड में एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल, पुंदाग के प्रतिभागियों का प्रदर्शन शानदार रहा। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उनमें से कक्षा पंचम की साक्षी कुमारी को, कक्षा षष्ठ की शानवी सारा, विशाल आदित्य लखियार, लावण्या गुप्ता को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया, जबकि अदिति जैन को डिस्टिंशन के साथ स्वर्ण पदक से नवाजा गया। कक्षा नवम की आर्या अंबास्टा तथा कक्षा दशम की दीपशिखा एवं आदित्य कुमार झा को भी स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। प्राचार्य एसके मिश्र ने सभी विजेताओं को बधाई तथा शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय रहना चाहिए। तभी उनका चहुमुखी विकास होगा तथा वे अपने लक्ष्य तक पहुंच सकेंगे।

### यूथ खेल के तकनीकी अधिकारी के रुप में भुपेंद्र कुमार तिवारी आमंत्रित

**रांची:** यूथ राष्ट्रीय खेल 2024 जो तामिलनाडु में आयोजित हो रहा है इससे तकनीकी अधिकारी के रुप में भुपेंद्र कुमार तिवारी को आमंत्रित किया गया है इस उपलब्धि पर झारखंड तैराकी संघ की अध्यक्षा श्रीमती बरखा सिन्हा, चेयरमैन श्री राम बालक सिंह,वरीय उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार तिवारी,अर्चित आंनद शैलेश सहाय,सचिव उपेन्द्र कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष अमर सिंह, सुरजीत सिंह मक्कड़, राकेश पाठक,राजेश यादव, रंधीर कुमार, श्रवण जालान, आतीस सिंह एवं साथ साथ संघ के सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी

जीत

पांचवें और आखिरी टी-20 मुकाबले में

# पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को 42 रनों से हराकर बचाई अपनी साख

एजेंसियां



**क्राइस्टचर्च :** इफ्तिखार अहमद के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने आज पांचवें और आखिरी टी-20 में मुकाबले में न्यूजीलैंड को 42 रन से हराकर श्रृंखला में क्लीन स्वीप होने से स्वयं को बचा लिया है। न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला 4-1 से अपने नाम कर ली। आखिरी मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 134 रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम को पाकिस्तान ने 17.2 ओवर में 92 रन समेट कर मुकाबला जीत लिया। पाकिस्तान की इस जीत में स्पिनरों द्वारा झटके गये छह विकेटों अहम योगदान रहा। इफ्तिखार अहमद को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। वहीं फिन एलेन को प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। 135 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत भी खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज रचिन रवींद्र एक रन का विकेट गंवा दिया। पांचवें ओवर में फिन एलेन 22 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। उन्हें जमान खान ने हसीबुल्लाह खान हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद लगातार न्यूजीलैंड के विकेट गिरते रहे। टिम साइफर्ट 19 रन, विल यंग 12 रन, ग्लेन फिलिप्स ने 26 रन, और कप्तान मिचेल सैंटनर चार रन बनाकर आउट हुए। मैट हेनरी एक रन, ईश सोढ़ी एक रन और लोकी फर्ग्यूसून बिना खाता खोले आउट हुए। टिम साउदी चार रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड के सात खिलाड़ी दहाई अंक के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके और पूरी टीम 17.2 ओवर में 92 के स्कोर पर सिमट गई। पाकिस्तान की ओर से इफ्तिखार अहमद ने तीन विकेट मिले। कप्तान शाहीन और नवाज ने दो-दो विकेट लिए। जमान खान और मीर को एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और सलामी बल्लेबाज हसीबुल्लाह खान बिना कोई रन बनाये पहले ही ओवर में आउट हो गए। इसके बाद रिजवान ने बाबर आजम के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी की। रिजवान 38 रन और बाबर 13 रन बनाकर आउट हुए। फखर जमान ने 16 गेंद में एक चौका और चार छक्के की मदद से 33 रन बनाये। मोहम्मद नवाज एक रन, इफ्तिखार अहमद पांच रन, शाहिबजादा फरहान 19 रन, शाहीन अफरीदी एक रन बनाकर पवेलियन लौट गये। अब्बास अफरीदी 14 रन और उसामा मीर एक रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से टिम साउदी, मैट हेनरी, लोकी फर्ग्यूसन और ईश सोढ़ी को दो-दो विकेट बल्लेबाजों को आउट किया।


## रवि दहिया ने फ्रांस में जीता कांस्य पदक

एजेंसियां



**नीस :** टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता रवि कुमार दहिया ने ग्रैंड प्रिक्स डी फ्रांस हेनरी डेग्लेन 2024 कुश्ती टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता है। शनिवार को फ्रांस के नीस में पुरुषों के 61 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में भारत के स्टार पहलवान रवि दहिया ने कजाकिस्तान के कैरात अमिरतायेव के खिलाफ 10-4 से जीत दर्ज की। हालांकि दहिया पहले मिनट में 2-4 से पिछड़ गए लेकिन उन्होंने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए मुकाबला जीत लिया। इससे पहले दहिया ने 16वें राउंड में तकनीकी श्रेष्ठता (13-2) के आधार पर जर्मनी के जूलियन ज़न्सिर को हराया, उसके बाद क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान के जंगार काबिलबेकोव को 12-6 से हराया। हालाँकि, भारतीय पहलवान को सेमीफाइनल में फ्रांस के अरमान एलॉयन के खिलाफ 6-3 से हार का सामना करना पड़ा और वह कांस्य पदक मुकाबले में पहुँच गए। उल्लेखनीय है कि रवि कुमार दहिया ने आखिरी बार अंतरराष्ट्रीय मंच पर 2022 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा की थी। फरवरी में अभ्यास के दौरान उनके दाहिने घुटने में चोट लगने के बाद उन्हें अप्रैल 2023 में एशियाई चैंपियनशिप से बाहर कर दिया गया था। जुलाई 2023 में एशियाई खेलों के लिए राष्ट्रीय ट्रायल के दौरान रवि कुमार दहिया की चोट बढ़ गई और उन्हें शेष वर्ष अभियान से बाहर होना पड़ा। वह बेलग्रेड में हुई पेरिस ओलंपिक के क्वालीफाइंग विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाये थे। आगामी अभियानों में रवि कुमार दहिया के 61 किग्रा से 57 किग्रा भार वर्ग में आने की उम्मीद है। वह अप्रैल में किर्गिस्तान में एशियाई ओलंपिक गेम्स क्वालीफायर और मई में तुर्की में विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में प्रतिस्पर्धा कर सकते है।

## कोको, मैग्डेलेना को हराकर पहुंची क्वार्टर फाइनल में



एजेंसियां

**मेलबर्न :** अमेरिकी टेनिस स्टार कोको गॉफ रविवार को महिला एकल मुकाबले में मैग्डेलेना फ्रेच को सीधे सेटों में 6-1, 6-2 से हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है आज यहां खेले गये मुकाबले में कोको ने बेहतर तकनीक और जोश का शानदार मुजाहिरा करते हुए एक घंटे तीन मिनट में मैग्डेलेना को 6-1, 6-2 से हराया। कोको का अगला मुकाबला पहली बार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनलिस्ट यूक्रेन की मार्टा कोस्तयुक से होगा। कोस्त्युक ने रविवार को किआ एरेना में क्वालीफायर मारिया टिमोफीवा को 6-2, 6-1 से हराकर अंतिम आठ में पहुंची है। इसके साथ ही कोको ने सत्र में अपनी जीत के क्रम को जारी रखा है। अमेरिकी खिलाड़ी ने वर्ष के पहले सप्ताह में अपने ऑकलैंड खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया और अब 2024 में अब तक 9-0 शुरुआत को बरकरार रखा है।

## खेल जगत अपडेट्स

### 'एसआईपी प्रॉडिजी 2024' का आयोजन



**रांची:** राँची, लोहरदगा,जमशेदपुर, रामगढ़, हजारीबाग, झुमरी तलैया, बोकारो, चास, धनबाद, डाल्टनगंज, चक्रधरपुर, खूंटी, देवघर, मधुपुर का प्रतिनिधित्व करने वाले 74 एसआईपी लर्निंग सेंटरों से 2,050 प्रतिभागियों ने अबेकस, ब्रेन जिम और मानसिक अंकगणितीय कौशल पर प्रतिस्पर्धा की। एसआईपी एकेडमी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने अखिल झारखंड राज्य 'एसआईपी प्रोडिजी 2024' का सफल आयोजन किया। 'एसआईपी प्रोडिजी प्रतियोगिता चार बार लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हो चुकी है। एसआईपी अकादमी इंडिया झारखंड राज्य में 18वीं बार एवं भारत और विदेशों में 19 अंतर्राष्ट्रीय अबैकस और मानसिक अंकगणितीय प्रतियोगिताओं का आयोजन करने वाली एकमात्र भारतीय अबैकस कंपनी है।छात्रों को उनकी एकाग्रता, आत्मविश्वास, बुद्धि, गति और सटीकता पर परीक्षण किया गया था। एसआईपी एकेडमी इंडिया के प्रबंध निदेशक दिनेश विक्टर ने इस आयोजन पर बोलते हुए कहा, ≀यह देखकर खुशी हो रही है कि एसआईपी अबेकस के कई पूर्व छात्र शिक्षा और करियर में बहुत अच्छा कर रहे हैं। इस प्रतियोगिता में अबेकस के कुल 11500 बच्चों में से 2050 चनिन्दा बच्चो ने भाग लिया था, जिसमे से कुल 16 चैंपियन एवं 434 बच्चे विजेता रहे जिन्हें प्रतियोगिता के उपरान्त सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के प्रतियोगियों ने पाँच मिनट में सौ से दो सौ तक गणित के सवाल हल किये। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीबी शेखर, शुभजीत मलिक, प्रमुख फ्रेंचाइजी और कौशल विकास संजीव मेनन,अरुण रामचंद्रन थे।

## सितारे जमीन पर की शूटिंग फरवरी में



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान अपनी आने वाली फिल्म 'सितारे जमीन पर' की शूटिंग फरवरी में शुरू कर सकते हैं। आमिर खान ने फिल्म लाल सिंह चड्ढा की फ्लॉप के बाद से फिल्मों से दूरी बना ली थी। आमिर बहुत जल्द फिल्मों में वापसी करने जा रहे हैं। बेटी आइरा खान की शादी के बाद अब आमिर खान पूरी तरह से अपने करियर की तरफ ध्यान देने वाले हैं। चर्चा कि आमिर 02 फरवरी से फिल्म सितारे जमीन पर की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। इस फिल्म के लिए आमिर खान ने अपना लुक भी तय कर लिया है। कहा जा रहा है कि फिल्म सितारे जमीन पर की अधिकांश शूटिंग आमिर खान दिल्ली में करने वाले हैं। आमिर खान बतौर निर्माता फिल्म लाहौर 1947 बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म के काम की शुरुआत भी आमिर अगले महीने से कर सकते हैं। राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनने वाली लाहौर 1947 में सन्नी देओल की मुख्य भूमिका होगी।

## आयरा की शादी के बाद काम पर लौटे आमिर खान



एजेंसियां

**मुम्बई :** मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान बीते कई दिनों से बेटी आयरा खान की शादी के चलते सुर्खियों में बने हुए थे। अब शादी से फुर्सत पाते ही आमिर खान काम पर लौटने के लिए तैयार हैं। आमिर शादी खत्म होते ही अगले महीने से अपनी कमबैक फिल्म सितारे जमीं पर की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। इसके अलावा आमिर के पास लाहौर 1947 और चैंपियन भी हैं, जिनकी शूटिंग्स भी जल्द शुरू होंगी। हाल ही में आई पिंकविला की रिपोर्ट के अनसुार आमिर खान की फिल्म सितारे जमीं पर की शूटिंग फरवरी से शुरू होने वाली है। आमिर खान इस फिल्म की शूटिंग के लिए 3 फरवरी को दिल्ली रवाना हो सकते हैं। इस फिल्म में अहम किरदार निभाने के साथ-साथ, आमिर खान इसे प्रोड्यूस भी करेंगे। ये फिल्म तारे जमीन पर की सीक्वल फिल्म होगी। उसी थीम पर बनी ये फिल्म पिछली फिल्म से 10 गुना ज्यादा बड़ी होगी। आमिर खान और राजकुमार संतोषी ने भी फिल्म लाहौर 1947 के लिए हाथ मिलाया है। अनाउंसमेंट के बाद अब इस फिल्म की शूटिंग भी जल्द शुरू हो सकती है। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार आमिर खान अगले महीने से फिल्म चैंपियन की शूटिंग शुरू करेंगे। इस फिल्म को आमिर खान खुद प्रोड्यूस कर रहे हैं।

## निरहुआ और आम्रपाली की फिल्म 'कलाकंद' यूट्यूब पर रिलीज

एजेंसियां



**मुंबई :** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता दिनेशलाल यादव निरहुआ और अभिनेत्री आम्रपाली दुबे की फिल्म 'कलाकंद' यूट्यूब पर रिलीज हो गयी है। फिल्म 'कलाकंद' वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज की गई है। फिल्म 'कलाकंद' में दिनेशलाल यादव निरहुआ एक ऐसे नवयुवक का किरदार निभा रहे हैं, जो किसी फर्म में नौकरी करता है, लेकिन अचानक उसके पिता की मृत्यु हो जाती है। पिता का सपना था कि उनकी कलाकंद मिठाई की दुकान फिर से चालू हो, लेकिन दुकान, खेत और घर पर लाखों का कर्ज है, जिसे बिना चुकाये दुकान नही खोल सकता है, उधर उसकी नौकरी भी घर की समस्याओं में उलझे रहने की वजह से छूट जाती है। उसकी शहरी प्रेमिका भी साथ छोड़ देती है। अब उस नवयुवक के पास कोई रास्ता नहीं बचता है सिवाय आत्महत्या करने का...वह रेलवे ट्रैक पर चला भी जाता है कि अचानक फाइनेंस कंपनी में काम करने वाली अनजान लड़की आम्रपाली दुबे का कॉल आता है और प्रेम मोहब्बत भरी बातें कर-के आत्महत्या ना करने का सलाह देती है। वर्ल्डवाइड चैनल और जितेंद्र गुलाटी के बैनर तले बनी फिल्म 'कलाकंद' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। सह-निर्माता कुलदीप श्रीवास्तव हैं। वही कलाकंद' के लेखक एवं निर्देशक संतोष मिश्रा हैं। संगीतकार आर्या शर्मा, डीओपी माही शेरला हैं। फिल्म कलाकंद के मुख्य कलाकार दिनेश लाल यादव निरहुआ, आम्रपाली दुबे, नीलम गिरी, सुशील सिंह, संजय पांडेय, रीना रानी, संजीव मिश्रा, रचना यादव, अखिलेश शुक्ला, सन्नी शर्मा और संतोष पहलवान हैं।

## विक्की कौशल ने की 12वीं फेल की तारीफ

एजेंसियां



**मुम्बई:** विक्रांत मैसी और मेधा शंकर स्टारर फिल्म 12वीं फेल रिलीज के इतने दिनों बाद भी सुर्खियों में है। आए दिन बॉलीवुड सेलेब्रिटी फिल्म की तारीफ कर रहे हैं। इसी बीच विक्की कौशल ने भी फिल्म की तारीफ की। उन्होंने एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा-निःशब्द हूं! बहुत रोया पर दिल खुश हो गया। सबसे अच्छी फिल्म, सबसे अच्छी परफार्मेंस और साल की सबसे अच्छी कहानी। क्या सिनेमेटोग्राफी है। उन्होंने आगे विक्रांत मैसी की एक्टिंग की प्रशंसा की और लिखा- जल्द ही आपसे मिलकर गले लगना है। क्या इंस्पायरिंग परफार्मेंस दी है। एक्टर ने मेधा शंकर और पूरी टीम की भी प्रशंसा करते हुए लिखा- मेधा शंकर बहुत ही शानदार! फिल्म के सभी कलाकारों और सभी टेक्नीशियन को भी मेरा सलाम! क्या फिल्म है। 12वीं फेल की अब तक कई सेलिब्रिटीज तारीफ कर चुके हैं। वहीं हाल ही में, उर्मिला मातोंडकर ने एक्स (ट्विटर) पर लिखा- उफ्फ ये फिल्म..इसमें सराहना करने, उत्साह बढ़ाने और प्यार करने के लिए बहुत सारी चीजें हैं। केवल विधु चोपड़ा ही इस तरह की कहानी बना सकते हैं! सभी की बेहतरीन परफार्मेंस...विक्रांत मैसी और ये फिल्म दोनों ही राष्ट्रीय पुरस्कार के हकदार हैं। बता दें उर्मिला मातोंडकर रंगीला, जुदाई, कौन और सत्या जैसी फिल्मों के लिए काफी फेमस हैं।

## फाइटर ने कमाए 2 करोड़

एजेंसियां

**मुम्बई :** ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म फाइटर 25 जनवरी को थिएटर्स में रिलीज होनी है। शनिवार को इस फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हुई। इंडस्ट्री ट्रैकर रूंल्ख'' की मानें तो एडवांस बुकिंग के पहले दिन इसने 60 हजार टिकट्स बेचकर लगभग 2 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। वहीं पिंकविला की एक रिपोर्ट की मानें तो फाइटर के साथ अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का टीजर रिलीज होगा। यह टीजर 1 मिनट 41 सेकेंड का होगा जिसमें एक्शन का जबरदस्त डोज देखने को मिलेगा। बड़े मियां छोटे मियां इस साल अप्रैल में ईद के मौके पर रिलीज होगी। इसके अलावा अजय देवगन स्टारर शैतान का टीजर और शाहिद-कृति स्टारर ह्यतेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का ट्रेलर भी इस फिल्म के साथ देखने को मिल सकता है। फाइटर का निर्देशन पठान फेम डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद ने किया है। खास बात यह है कि सिद्धार्थ इस फिल्म को पठान की फर्स्ट एनिवर्सरी पर ही रिलीज कर रहे हैं। पठान 25 जनवरी 2023 में रिलीज हुई थी।

## रश्मिका का डीपफेक बनाने वाला गिरफ्तार

एजेंसियां



**मुम्बई:** एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के डीपफेक वीडियो के मामले में दिल्ली पुलिस ने इसके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली पुलिस की साइबर क्राइम यूनिट ने आंध्र प्रदेश से 24 साल के इंजीनियर ईमानी नवीन को गिरफ्तार किया है। बता दें दिल्ली पुलिस ने 10 नवंबर 2023 को इस केस दर्ज की थी। पुलिस को लंबे समय से इस आरोपी की तलाश थी। रश्मिका का डीपफेक इसी शख्स ने बनाया था। शिकायत पर 10 नवंबर, 2023 को केस दर्ज किया था। जिसके बाद वीडियो की तकनीकी जांच में काफी मेहनत की गई। पहली बार ये वीडियो ब्रिटिश इंडियन लड़की ने इंस्टाग्राम पर 9 अक्टूबर, 2023 में अपलोड किया था। जिसमें डीप फेक के जरिये रश्मिका का चेहरा लगाकर 13 अक्टूबर, 2023 को अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर पोस्ट शेयर किया गया था। जांच के दौरान 500 से ज्यादा सोशल मीडिया के अकाउंट खंगाले गए। जो पहली लीड मिली, वो हैंडल डिलीट कर दिया गया था। आखिरकार ई नवीन को आंध्र प्रदेश के गुंटूर से गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ईमानी नवीन रश्मिका मंदाना का फैन पेज चलाता था। लेकिन डेढ़ साल रश्मिका मंदाना का फैन पेज चलाने के बाद भी उस पर सिर्फ 90 हजार फॉलोअर थे, जो वीडियो अपलोड करने के बाद 1 लाख 8 हजार हो गए। ये रश्मिका का फैन है। इसका डीप फेक वीडियो बनाने का मकसद एक्ट्रेस को हानि पहुंचाना नहीं था।

## प्रदेश >> अपडेट

### जौनपुर :सड़क दुर्घटना में माता-पुत्र की मौत

**जौनपुर:** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के सरायखाजा थाना क्षेत्र में शाहगंज रोड़ पर स्थित जपटापुर बाजार में सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार कार ने मां और बेटे को कुचल दिया जिससे मौके पर दोनों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार जिले में सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जपटापुर निवासी चंदा देवी (50) अपने पुत्र अमित (12) के साथ आज सुबह साढ़े सात बजे सड़क पर कर रही थी ।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### हिसार में घुसा तेंदुआ, सात घंटे के बाद किया गया काबू

**हिसार:** हरियाणा में हिसार शहर के ऋषि नगर इलाके में रविवार सुबह एक तेंदुआ घुस आया, जिसे वन विभाग की टीम ने सात घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू किया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह ऋषि नगर के श्मशान घाट के पास सुबह करीब साढ़े छह बजे एक तेंदुए को एक अखबार विक्रेता कश्मीरी ने देखा। उन्होंने इसकी जानकारी एरिया के लोगों को दी और पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने इलाके में मुनादी करवा दी है। साथ ही मौके पर वन्य विभाग की टीम व पुलिस अमला पहुंचा। इसके साथ ही जाल आदि की मदद से तेंदुए को पकड़ने के प्रयास शुरू किए गए। इस दौरान तेंदुए ने एक पुलिस कर्मचारी पर भी हमला कर दिया। हालांकि पुलिस कर्मचारी बाल बाल बच गया। उधर, तेंदुए को देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस कर्मी बार-बार लोगों से भीड़ न लगाने की अपील करते रहे। रिहायशी एरिया होने के कारण भी तेंदुए को पकड़ने में काफी मुश्किल आई। तेंदुआ वन विभाग की टीम से अपने आप को बचाते हुए एक मकान में भी घुस गया। आखिरकार टीम को तेंदुए को पकड़ने और उसे बेहोशी के इंजेक्शन देने में सफलता मिली।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं 23 व 24 जनवरी को

**अजमेर :** राजस्थान में अजमेर संभाग के महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय की अंतरमहाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं 23 एवं 24 जनवरी को आयोजित होगी। विश्वविद्यालय अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. शिव प्रसाद ने बताया कि उक्त आयोजन 'विकसित भारत-2047' थीम पर विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होगा। इन प्रतियोगिताओं में महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर से संबद्ध महाविद्यालयों के छात्र एवं छात्राएं सहभागिता करेंगे। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भारतीय संगीत कला जिसमें गायन वादन के साथ-साथ पाश्चात्य संगीत प्रतियोगिताओं के भी आयोजन होंगे जिसमें सामूहिक गायन, लोक संगीत तथा नृत्य सेक्शन में लोकनृत्य, जनजातीय नृत्य एवं शास्त्रीय नृत्य पर छात्र अपनी प्रस्तुति देंगे।

### वैष्णो देवी पहाड़ियों में आग लगी

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले और रियासी जिले के माता वैष्णो देवी मंदिर की पहाड़ियों में आग लगने की बड़ी घटनाएं सामने आई है। पुलिस ने रविवार को बताया कि रामबन के उखराल इलाके में शनिवार रात आग लग गई। उन्होंने कहा कि आग से कुछ दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं। इसके बाद पुलिस और अग्निशमन दल मौके पर पहुंचे और समय पर आग पर काबू पा लिया। आग से हालाँकि, किसी के घायल होने या जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। इस बीच एक अलग घटना में, वैष्णो देवी मंदिर के पास त्रिकुटा पहाड़ियों पर आग लग गई। श्राइन बोर्ड के अग्निशमन कर्मियों , वन विभाग कर्मियों और पुलिस ने आग पर काबू पा लिया।

**सबूत** कमसे कम सोलह ऐसे पवित्र स्थानों की खुदाई के सबूत मौजूद है

# हमास की तलाश में कब्रिस्तानों को खोदा है

राष्ट्रीय खबर




**तेल अवीव:** इजरायली सेना पर आरोप है कि उसने गाजा में कम से कम 16 कब्रिस्तानों को अपवित्र कर दिया है। सेना ने गाजा में अपने जमीनी हमले में कम से कम 16 कब्रिस्तानों को अपवित्र कर दिया है, जिससे कब्रें बर्बाद हो गई हैं, मिट्टी उलट गई है और कुछ मामलों में शव भी खोदे गए हैं। दक्षिणी गाजा में खान यूनिस में, जहां इस हफ्ते की शुरूआत में लड़ाई बढ़ गई थी, इजरायली बलों ने एक कब्रिस्तान को नष्ट कर दिया, शवों को हटा दिया, इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बताया कि यह अक्टूबर के दौरान हमास द्वारा जब्त किए गए बंधकों के अवशेषों की खोज का हिस्सा था। आईडीएफ के साथ यात्रा करते मीडिया टीम को इसे प्रत्यक्ष रूप से देखा गया है। साक्ष्य मिलकर एक प्रणालीगत अभ्यास का खुलासा करते हैं जहां इजरायली जमीनी सेना गाजा पट्टी के पार आगे बढ़ी है। कब्रिस्तान जैसे धार्मिक स्थलों को जानबूझकर नष्ट करना अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है, सिवाय उस स्थल के सैन्य उद्देश्य बनने से संबंधित संकीर्ण परिस्थितियों को छोड़कर, और कानूनी विशेषज्ञों ने सीएनएन को बताया कि इजराइल के कृत्यों को युद्ध अपराध की श्रेणी में लाया जा सकता है। आईडीएफ के एक प्रवक्ता उन 16 कब्रिस्तानों के विनाश का कारण नहीं बता सके। लेकिन कहा कि सेना के पास कभी-कभी उन कब्रिस्तानों को निशाना बनाने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं होता है, जिसका दावा है कि हमास सैन्य उद्देश्यों के लिए उपयोग करता है। आईडीएफ ने कहा कि बंधकों को बचाना और उनके शवों को ढूंढना और वापस करना गाजा में उसके प्रमुख मिशनों में से एक है, यही वजह है कि कुछ कब्रगाहों से शव हटा दिए गए हैं। आईडीएफ के एक प्रवक्ता ने बताया, एक सुरक्षित और वैकल्पिक स्थान पर आयोजित बंधक की पहचान प्रक्रिया, मृतक के लिए इष्टतम पेशेवर स्थिति और सम्मान सुनिश्चित करती है। उन्होंने यह भी कहा कि जो शव बंधकों के नहीं हैं, उन्हें सम्मान और सम्मान के साथ लौटाया जाता है।

लेकिन अन्य मामलों में, ऐसा प्रतीत होता है कि इजरायली सेना ने कब्रिस्तानों का उपयोग सैन्य चौकियों के रूप में किया है। विश्लेषण से पता चला है कि इजरायली बुलडोजरों ने कई कब्रिस्तानों को स्टेजिंग ग्राउंड में बदल दिया, बड़े पैमाने पर भूमि को समतल किया और अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए बरम खड़ा किया। गाजा शहर के पड़ोस में, इजरायली सैन्य वाहनों को वहां देखा जा सकता था जहां एक बार कब्रिस्तान था, जिसके चारों ओर से घिरे हुए थे। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, शाजैया कब्रिस्तान के मध्य भाग को युद्ध से पहले साफ कर दिया गया था। लेकिन सैटेलाइट इमेजरी से पता चला कि अन्य हिस्सों को हाल ही में बुलडोजर से ढहा दिया गया था, और 10 दिसंबर से आईडीएफ की उपस्थिति दिखाई दे रही थी। 18 दिसंबर को, आईडीएफ ने शाजैया कब्रिस्तान के मैदान पर हमास रॉकेट लॉन्चर की एक अदिनांकित तस्वीर प्रकाशित की।

## 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' नये भविष्य का निर्माण करेगी: सिन्हा

राष्ट्रीय खबर



**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को 'आवाम की आवाज' कार्यक्रम का 34वां संस्करण प्रदेश के नागरिकों को 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में उनकी ऐतिहासिक भागीदारी के लिए समर्पित करते हुए कहा कि यह यात्रा विकसित भारत के लिए नया भविष्य बनाएगी। उपराज्यपाल ने कहा,''समाज के कमजोर वर्ग तक पहुंचने के लिए एक शक्तिशाली जन-अभियान,'विकसित भारत संकल्प यात्रा', विकसित भारत के लिए एक नया भविष्य बनाएगी।'' उन्होंने कहा कि इस यात्रा में अब तक जम्मू कश्मीर के 40 लाख नागरिकों की भागीदारी ने केंद्र शासित प्रदेश के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में प्रगति की मजबूत नींव रखी है। उन्होंने कहा,''मुझे विश्वास है कि जनभागीदारी और जिलों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश की असाधारण यात्रा को समृद्धि और समावेशी विकास के पथ पर आगे ले जाती रहेगी।'' नागरिकों की प्रेरणादायक सफलता की कहानियों को साझा करते हुए श्री सिन्हा ने अपने गांव के लोगों को खेती के नए तरीके सिखाने के लिए कठुआ के झंकार गांव के बिक्रम सिंह के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा,''वह एकीकृत खेती पर एक जीवित विश्वकोश हैं और उन लोगों की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं जो विविधीकरण के लाभों को सुरक्षित करना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा कि बडगाम के चंबूरा गांव के गुलाम हसन शेख दृढ़ निश्चय से भरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि उनके पेशेवर करियर में रणनीतिक विस्तार या व्यवसाय विविधीकरण जैसे कि 'कालीन से लेकर कश्मीरी लाल मिर्च' तक का व्यवसाय संभालना अन्य उद्यमियों को प्रेरित कर रहा है।

## जो राम का नहीं वह किसी काम का नहीं: दया शंकर सिंह

राष्ट्रीय खबर



**देवरिया:** प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने रविवार को यहां समाजवादी पार्टी(सपा) पर तंज कसते हुए कहा कि जो राम का नहीं, वह किसी काम नहीं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को सलाह दिया कि वह अयोध्या में भगवान श्रीराम का दर्शन कर जीवन को धन्य बनायें। देवरिया जिला के प्रभारी मंत्री श्री सिंह आज यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि शायद विपक्षी पार्टियों के लोग भगवान राम के नहीं हैं,तभी तो अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण पत्र मिलने के बाद वोट राजनीति के डर से अयोध्या में आने से कन्नी काट रहे हैं। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव कहते थे कि अगर निमंत्रण मिलेगा तो श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में जाएंगे और निमंत्रण पत्र मिलने के बाद अब कह रहे हैं कि 22 जनवरी के बाद श्रीराम के दर्शन करने जायेंगे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जो राम का नहीं, वह किसी काम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम सभी राम भक्तों के सुगम यात्रा के लिये प्रतिबद्ध है,सभी बसों में राम आएगे का धुन बज रहा है।कुछ नई बसे राम रथ के नाम से आज चलाई जाएगी,आज से इन बसों का शुभारंभ किया जाएगा।

## मोदी प्रधानमंत्री न होते तो राम मंदिर नहीं बन पाता: प्रमोद कृष्णम

राष्ट्रीय खबर




**अयोध्या:** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद कृष्णम ने रविवार को कहा कि श्रीरामजन्मभूमि स्थल पर भव्य राममंदिर के निर्माण का पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया जाना चाहिये। श्री कृष्णम ने कहा कि यह सच है कि मंदिर का निर्माण उच्चतम न्यायालय के फैसले से हुआ है और श्रीरामजन्मभूमि पर मंदिर का निर्माण शुरु हुआ और सोमवार को उसकी प्राण प्रतिष्ठा है मगर यह भी सत्य है कि यदि श्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री न होते और उनकी जगह कोई अन्य प्रधानमंत्री होता तो संभवतः न्यायालय का फैसला न हो पाता और न ही जन्मभूमि स्थल पर राम मंदिर का निर्माण हो पाता। यह श्री मोदी की इच्छाशक्ति का परिणाम है कि इतने कम समय में भव्य राम मंदिर का निर्माण संभव हो सका है। इसलिये मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा के शुभ दिन का सर्वाधिक श्रेय वह श्री नरेन्द्र मोदी को देना पसंद करेंगे। उन्होने कहा कि श्रीरामजन्मभूमि आंदोलन के दौरान कितनी सरकारें आयीं और गयीं। विश्व हिन्दू परिषद (विहिप), आरएसएस,बजरंग दल,संत महात्माओं का संघर्ष और बलिदान इस आंदोलन में है मगर यदि श्री मोदी देश के प्रधानमंत्री नहीं होते तो यह मंदिर नहीं बन पाता।

## टिहरी में 121 किलो का घिंजा बनाकर किया राम मंदिर को समर्पित

राष्ट्रीय खबर



**नयी दिल्ली/टिहरी:** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह देशवासियों पर इस कदर पर छाया है कि उत्तराखंड में टिहरी में मोटे अनाज तथा चावल का 121 किलोग्राम का घिंजा बना कर भगवान राम को समर्पित किया गया। यह करिश्मा सीमांत जिला उत्तरकाशी की सीमा से लगे टिहरी के हेरालगांव में बुमराह धाम में स्थानीय घेंजा त्योहार पर आयोजित उत्सव में हुआ। माना जाता है कि पुराने समय में ससुराल में कष्ट झेलने वाली युवतियों के लिए मायके आने के अवसर के तौर पर सदियों पहले यह त्यौहार शुरु हुआ और अब तक चल रहा है। घिंजा स्थानीय मोटे अनाज झिंगोरा, कौणी, चीणा, मक्की और चावल पीसकर डिगची में पानी के ऊपर धान की पराली और फिर नींबू के पत्तों पर कच्चे घिंजा को भाप पर पकाया जाता है। पकने के बाद यह इडली की तरह दिखता है लेकन स्वाद मोटे अनाज के इस्तेमाल के कारण अलग होता है और यह अत्यधिक पौष्टिक होता है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता है कि यह लंबे समय तक खराब नहीं होता। इलाके के दुरूह और अभावग्रस्त क्षेत्र में हर साल पौष माह में मनाए जाने वाले इस त्यौहार को बड़ा रूप देने के लिए इस बार ग्रीन स्कूलों के प्रणेता शिक्षाविद वीरेंद्र सिंह रावत ने घिंजा उत्सव आयोजित किया। स्थानीय गृहणियों की घिंजा बनाने की कला को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने के लिए क्षेत्र में पहली बार आयोजित इस उत्सव में 434 प्रतियोगी महिलाओं ने हिस्सा लिया। बुमराह धाम में टिहरी और उत्तरकाशी की महिलाएं सज धज कर प्रतियोगिता में हिस्सा लेने आई और अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में पहला स्थान ज्ञानसू उत्तरकाशी की श्रीमती रमा डोभाल ने हसिल किया जबकि हेरवालगाँव की श्रीमती सकला देवी रावत ने दूसरा और ओनाल गाँव की जगतम्बा देवी ने तीसरा स्थान मिला।

**उपलब्धि** अति शक्तिशाली रूसी टी 90 एम को भी ध्वस्त किया यूक्रेन ने

# ब्रैडली दल के सदस्यों ने इस घटना की जानकारी दी

राष्ट्रीय खबर



**कियेब:** यूक्रेनी ब्रैडली चालक दल के सदस्यों ने दिल थाम देने वाली लड़ाई का वर्णन किया जिसमें उन्होंने एक शक्तिशाली रूसी टी-90एम टैंक को परास्त कर दिया। एक नए साक्षात्कार में, एक यूक्रेनी ब्रैडली चालक दल ने युद्ध में एक रूसी टी-90एम को हराने का जिक्र किया। झड़प के वीडियो हाल ही में वायरल हुए थे, जिसमें अमेरिका द्वारा आपूर्ति किए गए वाहन ने टैंक को कुचल दिया था। चालक दल के सदस्यों ने खुलासा किया कि कैसे उन्होंने उस टैंक को हराया जिसे पुतिन ने एक बार दुनिया का सबसे अच्छा टैंक बताया था। यूक्रेन की 47वीं मैकेनाइज्ड ब्रिगेड के दो चालक दल के सदस्यों को दिखाया गया है कि कैसे उन्होंने अमेरिका द्वारा आपूर्ति किए गए ब्रैडली लड़ाकू वाहन का उपयोग करके एक रूसी टी-90एम टैंक को ध्वस्त कर दिया।

हाल ही में लड़ाई के विभिन्न कोणों को दिखाने वाले दो वीडियो वायरल हुए, जिनके बारे में यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह घटना पूर्वोत्तर यूक्रेन में अवदीवका के बाहर एक गांव स्टेपोव में हुई थी। वीडियो में टी 90 एम को ब्रैडली की 25 मिमी चेन गन से भारी गोलाबारी करते हुए दिखाया गया है। एक यूक्रेनी टीवी चैनल ने ब्रैडली क्रू के दो सदस्यों, कमांडर और गनर सेरही और ड्राइवर ऑलेक्जेंडर का साक्षात्कार लिया, जो एक साथ अपने दूसरे मिशन पर थे। सेरही ने साक्षात्कार में कहा, हमने अपनी पूरी ताकत से गोलीबारी की।

दूसरी तरफ रूसियों ने 19-20 जनवरी की रात को सात शहीद-136/131 हमले वाले यूएवी के साथ यूक्रेन पर हमला किया, जिनमें से चार को वायु रक्षा इकाइयों ने मार गिराया, जबकि बाकी अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंचे। वायु सेना ने निर्दिष्ट किया कि हमला ड्रोन रूस में प्रिमोर्स्को-अख्तरस्क से कब्जाधारियों द्वारा लॉन्च किए गए थे, और उन्होंने लुहान्स्क ओब्लास्ट के कब्जे वाले हिस्से से लॉन्च की गई तीन एस-300 एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइलों के साथ डोनेट्स्क ओब्लास्ट पर भी हमला किया। वायु रक्षा संपत्तियां और कर्मी ओडेसा, मायकोलाइव, चकार्सी और खमेलनित्सकी क्षेत्रों में हमले का जवाब दे रहे थे।

## न्यूज फटाफट

### इराक में अमेरिकी वायुसैनिक अड्डे पर मिसाइल हमला

**बगदाद:** इराक के पश्चिमी प्रांत अनबर में अमेरिकी वायुसैनिक अड्डे 'ऐन अल-असद' पर मिसाइल से हमला किया गया और हवाईअड्डे के पास पांच रॉकेट गिरे है। इराकी समाचार एजेंसी शफाक ने एक सुरक्षा सूत्र के हवाले से शनिवार को यह खबर दी। सूत्र ने बताया कि मिसाइलों को इराकी शहर अल बगदादी से दागा गया था, हालांकि उसने इस संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं दी। इराकी सशस्त्र बलों के प्रमुख्य के प्रवक्ता या'। रसूल ने इराकी समाचार एजेंसी को बताया कि बमबारी में एक इराकी सैनिक घायल हो गया और संपत्ति की क्षति हुई है। उन्होंने कहा, "इराकी ऐन अल-असद हवाईअड्डे के भीतर अल-जजीरा ऑपरेशंस कमांड से संबद्ध सातवीं डिवीजन की 29वीं ब्रिगेड के मुख्यालय के पास कई मिसाइलें गिरीं, जिससे एक सैनिक घायल हो गया और मुख्यालय को भी नुकसान पहुंचा।" फिलिस्तीनी-इज़रायल संघर्ष के बढ़ने की शुरुआत के बाद से, इराक में अमेरिका के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय गठबंधन के ठिकानों के साथ-साथ सीरिया में अमेरिकी सैनिकों पर नियमित हमले हो रहे हैं। हमलों की जिम्मेदारी इराक में सक्रिय सशस्त्र शिया समूह ले रहे हैं।

### ईरान ने की सीरिया पर इजरायली मिसाइल हमले की निंदा

**तेहरान:** ईरान ने सीरिया की राजधानी दमिश्क पर इजरायल के मिसाइल हमले की निंदा की है, जिसमें कथित तौर पर कुद्स फोर्स के खुफिया प्रमुख सहित ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के पांच सलाहकार मारे गये। ईरानी विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने हमले की निंदा की है। ईरानी मीडिया ने बताया कि दमिश्क पर इजरायल के हवाई हमले में कुद्स फोर्स की खुफिया सेवा के कमांडर सहित आईआरजीसी के पांच सैन्य सलाहकार मारे गये। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हमले में कई आम नागरिक भी मारे गये और कई अन्य घायल हो गए। श्री कनानी ने दमिश्क के माजेह जिले पर शनिवार सुबह इजरायल द्वारा किए गए जानलेवा और आक्रामक हमले की कड़ी निंदा की है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सीरिया की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का बार-बार उल्लंघन तथा आपराधिक और बच्चों के हत्यारे इजरायली शासन द्वारा देश में विभिन्न लक्ष्यों पर आक्रामक और उत्तेजक हमलों में वृद्धि गाजा और वेस्ट बैंक में प्रतिरोध बलों के खिलाफ युद्ध के मैदान में तेल अवीव की असहायता को दर्शाती है।

### ब्राज़ील के तारौआका में भूकंप के झटके

**ब्रासीलिया:** ब्राजील के तारौआका से 123 किमी उत्तर-पश्चिम में भूकंप के झटके महसूस किए गए है।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि शनिवार को 2131 ग्रीनविच मीन टाइम (जीएमटी) पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.5 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 7.32 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 71.51 डिग्री पश्चिम देशांतर पर 628.8 किमी की गहराई पर निर्धारित था।

### साओ पाउलो में तूफ़ान से तीन लोगों की मौत

**साओ पाउलो:** दक्षिणपूर्व ब्राजील के साओ पाउलो राज्य में भीषण तूफान के कारण पिछले 24 घंटों में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई है। नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। ब्राज़ील की आधिकारिक समाचार एजेंसी एजेंसिया ब्रासील के अनुसार, हताहतों में दो महिलाएं शामिल हैं जो लिमीरा शहर में अचानक आई बाढ़ में बह गईं। नवंबर के बाद से, तेज़ हवाओं के साथ तूफ़ान दक्षिणी और दक्षिणपूर्वी ब्राज़ील को प्रभावित कर रहा है, जिससे भौतिक क्षति और जीवन की हानि हो रही है। राज्य की राजधानी से लगभग 100 किमी दूर सोरोकाबा में दो सार्वजनिक अस्पतालों में पानी भर जाने के बाद शनिवार को आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई।

### फिदान एवं हानियेह ने बंधकों की रिहाई, युद्धविराम पर चर्चा की

**अंकारा:** तुर्की के विदेश मंत्री हकन फिदान ने फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के राजनीतिक ब्यूरो के अध्यक्ष इस्माइल हानियेह के साथ बैठक की है। इस दौरान दोनों पक्षों ने बंधकों की रिहाई, युद्धविराम के महत्व और गाजा पट्टी को मानवीय सहायता पहुंचाने पर चर्चा की। तुर्की राजनयिक सूत्र ने यह जानकारी दी है। सूत्र ने कहा "विदेश मंत्री फिदान ने हमास के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख हानियेह से मुलाकात की। बैठक के दौरान शीघ्र युद्धविराम, मानवीय सहायता की आपूर्ति में वृद्धि, बंधकों की रिहाई और दीर्घकालिक शांति सुनिश्चित करने के लिए दो-राज्य समाधान जैसे विषयों पर चर्चा की गई।"

### गाजा में इजरायली हमले में चार लोगों की मौत

**गाजा:** गाजा पट्टी में जबालिया शरणार्थी शिविर के पूर्व में इजरायली गोलाबारी में चार लोगों की मौत हो गयी और 21 अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी (पीआरसीएस) ने शनिवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, उत्तरी गाजा के जबालिया में पीआरसीएस मेडिकल पोस्ट पर आज जबालिया शिविर के पूर्व में इजरायली गोलाबारी के कारण चार लोगों की मौत हो गय और 21 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि सात अक्टूबर, 2023 को फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने गाजा पट्टी से इज़रायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और उसके लड़ाकों ने सीमा का उल्लंघन कर सेना और नागरिकों पर गोलीबारी की। इस कारण इज़रायल में 1,200 से अधिक लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया। इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए और गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया तथा हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी घुसपैठ शुरू की।

### अमेरिका में तूफान से मरने वालों की संख्या 61 हुइ

**वाशिंगटन :** अमेरिका में पिछले सप्ताह आये आर्कटिक चक्रवात के कारण मरने वालों की संख्या 61 पहुंच गयी है। एनबीसी न्यूज ने शनिवार को यह जानकारी दी। चैनल ने शुक्रवार को बताया था कि चक्रवात से 12 जनवरी से अब तक 47 लोगों की सर्दी और उससे संबंधित स्थितियों के कारण मौत हो गयी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आपदा पीड़ितों की सबसे बड़ी संख्या टेनेसी और ओरेगॉन राज्यों में दर्ज की गई।


## आज का इतिहास

- 1892: भारत की आज़ादी के लिए संघर्ष करने वाले क्रांतिकारियों में से एक ठाकुर रोशन सिंह का जन्म।
- 1905: रूस के सेंट पीट्सबर्ग में मजदूरों पर गोलियां चलाई गयी जिसमें 500 से ज्यादा लोग मरे।
- 1924: रैमसे मैकडोनाल्ड ब्रिटेन में लेबर पार्टी के पहले प्रधानमंत्री बने।
- 1963: देहरादून में दृष्टिहीनों के लिए राष्ट्रीय पुस्तकालय की स्थापना हुई।
- 1970: बोइंग 747 का न्यूयॉर्क एवं लंदन के बीच पहली व्यावसायिक उड़ान शुरु हुई।
- 1976: कर्नाटक संगीत शैली के प्रसिद्ध गायक तथा मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त टी. एम. कृष्णा का जन्म।
- 1981: रोनाल्ड रीगन का अमेरिका के 40वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण।
- 1993: इंडियन एयरलाइंस का विमान औरंगाबाद मे दुर्घटनाग्रस्त, 61 यात्रियों की मौत।
- 1996: कैलीफ़ोर्निया विश्वविद्यालय की वेधशाला के वैज्ञानिकों ने पृथ्वी से लगभग 3,50,000 प्रकाश वर्ष की दूरी पर दो नये ग्रहों की खोज की।
- 1998: अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन पर मोनिका लेविंस्की ने अवैध शारीरिक संबंध स्थापित करने का आरोप लगाया।
- 2002: फिलिस्तीनी शहर तुल्कोरम पर इजरायल का कब्ज़ा।
- 2006: श्रीलंका के राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे ने विद्रोही संगठन लिट्टे से बातचीत की पेशकश की।
- 2008: राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने लोकसभा में विपक्ष के नेता लालकृष्ण आडवाणी को आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान भावी प्रधानमंत्री के रूप में पेश करने के प्रस्ताव का समर्थन किया।
- 2009: फ़िल्म स्लमडॉग मिलेनियर का ऑस्कर के लिए नामांकन हुआ।
- 2014: भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध तेलुगु फ़िल्म अभिनेता और फ़िल्म निर्माता ए. नागेश्वर राव का निधन।
- 2015: यूक्रेन के दोनेत्स्क में हुए विस्फोट में 13 लोगों की मौत।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र



# ..........सरयू मना रही दिवाली......




अवध नगरिया में लगेला
बजरिया
ओहि बजरिया से नारियल
बेसाहेब
उठ हे सुरज देव लेहू न
अरगिया
ओही बजरिया से सेंदुर
मंगाएब
उठ हे सुरुज देव लेहु न
अरगिया
छठ महापर्व के गीत
कब से न जाने
छठ के घाटों पर गूंजे हैं
अवध नगरिया अयोध्या पावन
छठ गीतों में बहती आई
छठ गीतों में बसती आई
तान व्रती की दूर तलक
अंतरिक्ष को भेद चुकी
छठ मईया से अपनी मांगें
गिन गिन अरज लगाती हैं
मांगे के मांगिला अवध
सिंधौरवा
जनम जनम अहिबात छठी
मईया
दरसन देहु अपार
अवध सिंधोरा अवध सिंधोरा
मानों रक्षाकवच सुहाग का
दृढ़ विश्वास अडिग भारोसा
होगी सुहाग की रखवाली
यही अवध की पुण्यभूमि
राम जन्म की नगरी है
छठ गीतों में राजा राम
रच रच बसते राजा राम
सब जन का अमिट भारोसा
वही सुनेंगे व्यथा कथा
छठ के सूपों पर उकेर
सूरज को पीले सिन्दूर से
सजते फल संग ठेकुआ
दीप जलाकर दऊरा पर
एक नजर भी देखे कोई
कुत्सित विचार मिट जाते हैं
भाक्ति दिव्य जागृत होती
वही अयोध्या अवधपुरी
गीतों में धड़कन लाती
प्रकट देव साक्षात शक्ति
सूर्य शक्ति का प्रखर तेज
बढ़कर उससे भी सत्य प्रण
हरिश्चंद्र ने अमर किया
वही रीत प्यारा राघव
वनवास झेल इतिहास रचा
इसी अवध में बहती सरयू
सरयू जल में हुए विलीन
देह त्याग चारों भााई
राम लखन भारत शत्रुघ्न
दिव्य एक से एक
क्रंदन अब भी सुनती सरयू
अवधवासियों का रुदन
राम गमन का दुख अपार
लहरें सरयू सरिता की
कर रही प्रतीक्षा रघुबर की
राम लला के मंदिर की
माटी सींचेगी सरयू ही
पुलकित हर्षित है आनंदित
सरयू बलिहारी बलिहारी
सुबह शाम लहरें इसकी
मंत्रजाप कर रही अभी
रटती स्वागत गीत अभी
राम लला के आने का
नृत्य करेंगी लहरें
छप छुप घुंघरू बाजेंगे
शंखनाद होगा तट से
अभिषेक करेंगी सब
बूंदें
दीप जलेंगे सीढ़ी
पर
दीपों
की कतार
उज्ज्वल




अगणित आंखें खोल रहीं
लहरें सरयू की शनै: शनै

**जड़ पर प्रश्न !.**
अगर सकारो तो भी राम
अगर नकारो तो भाी राम
सब रस में बस राम राम
राम राम सब उद्गारों में
मिलते हो तो राम राम
बिछड़ रहे तो राम राम
कूड़े की दुर्गंध लगे तो
घृणा भााव में राम राम
जन्मे तो सोहर में राम
ब्याह गीत में राम राम
मृत्यु हुई तो राम नाम
भाारत की इस माटी पर
कुछ न चलेगा राम बिना
प्रश्न उठाते राम पर जो
सवाल अस्तित्व पर
सवाल राम के होने पर
जरा कहें वे खुद हैं कौन
प्रश्न उन्हीं के होने पर
अपना स्रोत अगर ढूंढें
आदि बिंदु पर राम मिलेंगे
जैसे गंगा सागर का स्रोत
गंगोत्री तक लेकर जाती
वैसे भाारत की माटी पर
जीवन का स्रोत बिंदु हैं राम
करोगे क्या तुम सवाल
पिता के अस्तित्व पर
माता के औचित्य पर
क्या प्रश्न कभी करोगे
तुम स्वयं हो या ना हो
प्रवाह मानवता का
अनवरत जो बह रहा
खेवनहार राम ही जानो
सृजन ब्रम्हा का
पालन विष्णु का
अवतार उन्हीं के राम
पोषक पालक रक्षक राम
अन्न के पहले दाने से
हुआ उदर का परिचय जब
तृप्ति भााव का स्वर था राम
और तभी से विश्व पटल पर
राम नाम उच्चार हुआ
रामचरित के पन्नों के
हर अक्षर ज्यों दिव्य दीप
इनका प्रकाश जब राहों में
सारे संशय धुल जाते
मिट जाती दुविधा सारी
मूल्यों की सीढ़ी का
सोपान उच्चतम मानस
बस एक ध्येय मानस का
न्याय मिले सम्मान मिले
बानर हो या रहे गिलहरी
अहंकार को दण्ड मिले
दुराचार को अंत
त्रिजटा जैसी राक्षसी
राम चरण में लीन अगर
देवी का संबोधन
सीता से वह पाती
अमृत राम कथा का
पान करोगे तब जानोगे
राम राम रटता क्यों कोई
राम राम भाजता क्यों कोई
भाारत के जन जीवन की
जड़ हैं राम
धड़ हैं राम
शाखाएं पत्र हैं राम
पुष्प और फल राम
मेरुदंड जीवन का राम
आत्मा और चेतना राम
जो कुछ उनको करो समर्पित
हो जाता वाह राममय
अन्न समर्पित बने प्रसाद
जल बन जाता चरणामृत
दुग्ध बने पंचामृत
बस संसर्ग रहे राम से
शर्त यही शुचिता की
बात कही इसीलिए
ना प्रश्न करो
अपने होने का
राम शाश्वत राम निरंतर
भाूत वर्तमान भाविष्य
संपूर्ण काल का केंद्र राम
प्रश्नों से परे राम
शिव पर्वत गंगा प्रवाह
गंगा प्रवाह में राम राम

## पत्थर नहीं राम विग्रह




उम्र पांच
से गर हो
कम
नहीं सजा
का प्रावधान
कहता कानून यही
आदेश यही न्यायालय का
मगर सजा दी रामलला को
निरपराध राम लल्ला को
जन्मे थे जो राजमहल में
स्वर्ण हिंडोले पर झूले
दशरथ के आंखों के तारे
कौशल्या के राजदुलारे
जेलों की दीवारें भी
बनती हैं ईंटों से
मगर हमारे रमलला को
फटी टाट में मिली जगह
सोचा था क्या विग्रह यह
पत्थर की बस मूरत है
वैसे तो कण कण में राम
व्याप्त सर्वत्र जगत में
फिर भी विग्रह का अपमान?
लीला ही तो किया राम ने
दैव्य शक्ति को गौण रखा
अगर चाहते वध रावण का
पल भार में। कर सकते थे
मगर नहीं सोचा ऐसा
आदर्श बताना था उनको
तपकर अपने जीवन में
मानवता सिखलानी थी
मयार्दा के सभी रूप
खुद जीकर समझाना था
प्रतीक उन्हीं का रामलला
मानस देकर तुलसी ने
किया राम मय भाारत को
लाल रंग के कपड़े में
लपेट रख दिया मानस को
बिसर गए अक्षर पन्नों के
भााव मिटे धीरे धीरे
काला जादू करके
पश्चिम वाले चले गए
भीषण था इतना जादू
मार गया चेतनता को
बिदके कदम समाज के
अपना विचार रीत
धर्म संस्कृति सभयता
नाश छिन्न भिान्न
अपने बाबा दादी पहले
रामायण की कथा सुनाते
कंबल ओढ़ पोपले मुख से
राम जीवनी गाते थे
अब तो मोबाइल में
बूढ़े से बच्चे गुम हैं
कथा सुनेंगे क्या अब बच्चे
हैरी पॉटर ही जानेंगे
मगर कहीं थी चिंगारी
थोड़ी थोड़ी जली हुई
किसी दिशा से हवा चले
लपटें उठें उजाला हो
रामलला का कैद हटे
खेले कूदे स्वच्छंद राम
देखा जिसने भी
रामलला को टाट में
थोड़ा विचलित तो होगा
धूल भारी गर्म लू में
कनकनी पूस में
सावन भाादो की बौछारों में
नन्हे से रामजी कैद रहे
कोई मुरौवत न सालों से
हर रोज धूप की कुछ सुगंध
सांसों में जब जाती
कुछ तो शेष अभी भी है
राम लला को लगता
अजब तमाशा देखा जग ने
मुक्तिदाता ही मुक्ति हेतु
अवलंबित थे इस जग पर
यह भी लीला ही समझें हम
लांघी नहीं राम लला ने
मयार्दा कानून की
अधीन रहे न्यायालय के
कलियुग में भी सिखा रहे
नियमों की मयार्दा हो
जैसे अंधियारे गर्भा भीतर
नाभि देती खुराक शिशु को
वैसे ही भाूख आत्मा की
मंदिर जाकर होगी शांत
विचलित मन देख टाट को
शर्मिंदा था जगत सनातन
सोचो कैसा लगता मोगा
अपने अवध में राम लला को
अपने ही घर से निष्कासित
फटी टाट में राम लला
लाख आंखों वाले से
बेहतर संत राम भाद्राचार्य
बने गवाह राम लला के
मशाल तुलसी के मानस का
धिक है आंखों वालों को
बहुत हो गया वैमनस्य
बदले समाज संसार
कुछ सीखें प्रेम सौहार्द
क्षमा दया करुणा सीखें
शौर्य बल साहस संकल्प
मानवता का निर्माण
राम लला करने आए
विग्रह राम लला का
पाषाण परिपक्व
स्थिर अटल अडिग
कठोर दृढ़ संकल्प
सत्यम शिवम सुंदरम जिससे
करुणा का प्रवाह
जो गंगा कहलाती
करुणा प्रभाु की सदा प्रवाहित
डुबकी ले लें तो तर जाएं
राम लला को न्याय मिला
छिना हुआ घर हाथ
लगा



हनुमान खड़े
सरयू तीरे
पभु राम
जहां
धीरे धीरे
सरयू
लहरों में
समा गए
अविरल
आंसू ढलक
रहे थे
प्रभाु को जाते देख रहे थे
बिलख रहे हनुमान
छोड़ मुझे क्यों जाते हो
हे प्रभाु राम कहां जाते हो
रोई थी संपूर्ण अयोध्या
अवध त्याग गए जब राम
करना था जो कर गुजरे वह
कंटक सा जीवन जीकर
धराधाम को त्याग दिया
हनुमान नहीं जा पाए
प्रभाु ने ही था रोक दिया
अपनी छाया छोड़ गए
बजरंग बली के कंधों पर
मानवता की रक्षा का भाार
जहां रामधुन बजता
करतल ध्वनि हनुमान की
हनुमान गढ़ी में हैं हनुमान
बाट जोहते राम की
बेजान अवध को देख
जाने कब से तड़प रहे
कब आएंगे राम
कब आएंगे राम
हर वर्ष पर्व राम जन्म का
मनाते हैं हनुमान
जयकारा हनुमान
ध्वजा पर अंकित जय श्रीराम
लाठी तलवार कटारों का
विराट प्रदर्शन होता है
पर नहीं उभारती हिंसा
धारें तलवारों की
हो जाती है कोमल
शौर्य पराक्रम राम का
घोषित हनुमान के मुख से
राम जन्म का उत्सव
हनुमान मनातेहैं खुद से
पावन तिथि राम नवमी
अवतार राम का स्मरण
हनुमान वेश में मानव
कितना प्रसन्न लगता
प्रिय लगता वानर रूप
यही राम की माया
राम लला की रखवाली में
सदियों से हनुमान खड़े
प्रभाु का बाल न बांका हो
यही तपस्या जारी है
कलियुग की काली करतूतें
देख देख विचलित होकर
राम राम रटते रटते
राम के लिए रोते
जाने कितना समय बिताया
हिसाब लगाएं तो कैसे
प्रतीक्षा में बेचैन
हर एक सांस में आवाहन
प्रभाु। राम एक ाबार फिर आएं
सूर्पनखा की भाीड़ है
मारीच उगे है जहां तहां
लगातार हरण नारी का
कहने में आती शर्म
शब्द है बलात्कार
स्वर्ण मृगों का मोहजाल
लील गया मनुज को
जीवों पर दया विलुप्त हुई
स्वार्थ घटाएं छाई हैं
लोभा असत्य ईर्ष्या कटुता
कपट छल की बूंदें
बरस रही है जार जार
सुनो अरज हनुमान की
हे प्रभाु फिर से आओ
अवतरित हो धरती पर
रावण तो था एक
अब जो आओगे
अनगिनत तीर तरकश में लाना
धरती का भाार हटाना है
पहले के अस्त्र और शस्त्र
काम न कर पाएंगे राम
कुछ नए आयुध गर लाओगे
बात बने तब ही कुछ
वह आयुध जो शुद्ध करे
मानव मन की विकृतियां
विचार उगाए कमल सरीखे
नस में बहता रक्त शुद्ध हो
निर्मल हो आंखों की दृष्टि
करुणा दया संवेदना
उपजाए कुछ तो जतन करो
मैं सदा तुम्हारे साथ प्रभाु
फिर भी सहज चपल हूं
तुम बैठो मेरे कंधे पर
मेरे तन में बल भारना
मैं सदा अधूरा तेरे बिन
तुम मेरे प्राण राम
सारे भाारत में उत्साह
उमंग उमड़कर आया है
मेरा विश्वास करो प्रभाु
तेरे आने की खबर लगी
सबसे ज्यादा खुश हनुमान
तेरा ही सेवक हनुमान
अंधकार में तेरा नाम
कौंध रहा है बिजली सा
काले बादल छंट जाएंगे
उजियारा तेरे नाम से

**........राम के लखन.......**



अदभाुत है
तस्वीर
लखन की
शक्ति पुंज
सदा
जागृत
यौवन की
बिखेर
ऊर्जा
जैसे
सतर्क फन नाग के
लक्ष्मण भाी सतर्क सदा
अवतार शेषनाग का
धारण करें धरा को
आधार राम के
छत्र राम के
राम सेवा राम की भाक्ति
नहीं काज कोई दूजा
नसों में धधकती ज्वाला
रग रग से टपकता शौर्य
गौर रंग उज्ज्वल ऐसा
हुआ सूर्य को भ्राम
है गगन में
या लक्ष्मण के मुखमंडल पर
राम मेघ तो गर्जन लखन
सागर राम ,,तूफान लखन
क्षीण सी आहट हो
फुफकार खड़ा होता नाग
वैसे अडिग खड़े लखन
उठे बात की जब
वीर विहीन मही मैं जानी
कहा जनक ने जब ऐसा
: हुंकार भारा लक्ष्मण ने
सहन न था क्षत्रिय अपमान
भौया राम जहां आसीन
वीर विहीन भाूमि कैसे
कांपे लखन क्रोध से
सिहर गए थे तीनों लोक
परशुराम की क्रोधाग्नि
जनक सभाा में धधक रही
किसने किया धनुष भांग
लपक लिया ऋषि का क्रोध
जैसे गेंद लपकता बालक
पूछा परशुराम से
खेल खेल में कई धनुष
नित नित तोड़ा हमने
कैसी प्रीत इस धनुष से
बौखलाए किस कारण
अग्नि में पड़ गया घृत
और बिगड़े परशुराम
बोले लखन
समझा क्या कुम्हड़े की
भाातिया
विरोध था या चेतावनी
जानें लखन राम जानें
वनवास नही था लखन हेतु
पर राम जहां हों लखन वहीं
महल हो या जंगल
नभा हो या पाताल
रक्षा भौया भााभी की
वन में करता कौन
बस लक्ष्मण ही कर सकते
न सोए लक्ष्मण चौदह वर्ष
झपकी न पलक
आई तो होगी याद उर्मिला
विरह अग्नि में छोड़ दिया
जलती गलती रही
उर्मिला एकाकी लक्ष्मण की
शीत लहर हो आग लू की
कौन धनुर्धर जाग रहा
पर्णकुटी के बाहर
निशा घनेरी छाई
भााभी का सम्मान अलौकिक
सीता ने पुष्पक विमान से
जेवर जो गिरा दिए
पहचानें लखन कैसे
चरणों को ही देखा था
कर्णफूल पहचानें कैसे
देखा नहीं मुख सीता का
सब रिश्तों का श्रेष्ठ रूप
मानस ही सिखलाता
राम के प्यारे
दुलारे हनुमान के
कंधों पर सवार
जग निहाल
रोए राम बिलख बिलख
लगा बाण लखन को
संजीवनी ले आए हनुमान
आई जान में जान
भााई भााई में कटुता
आज धरा पर है छाई
क्या सीखेगा समाज
भााई भााई का प्रेम अटल

**राम लला के स्वागत में शब्दों की आज की भावमाला**

**राजलक्ष्मी सहाय**

पायो जी मैंने
राम



रतन
धन
पायो.....
झूम झूम गाया मीरा ने
राम रतन धन पायो
सोना चांदी हीरा मोती से
काया नहीं सजाया
पाया गुरु से राम रतन
चमक अलौकिक पाया
कहां खान है राम रतन की
किस कुदाल से कहां खुदाई
अलंकार कौन सा होगा
ध्वनि गूंजेगी कैसी
कहां छिपाकर कौन पोटली
कौन रखेगा कहां रखेगा
अबुझ पहेली सी लगती है
कहां मिलेगी मीराबाई
उत्तर दे जो इन प्रश्नों का
कौन रतन यह राम रतन
जिसकी खातिर मीराबाई
महल त्यागकर गलियों गलियों
रही भाटकती जीवन भार
विष का प्याला गटक गई
मरती क्या वह अमर हो गई
विष में छवि आराध्य की
आनंदित हो पान किया
जीवन भार फिर मीरा ने
राम रतन धन गान किया
ना धरती ना पाताल
ना सागर ना आकाश
ना पर्वत ना ही जंगल
राम रतन धन पाना हो तो
रेत रेत में कण कण में
हर तृण तरु लता वृक्ष में
चेतनता किसने डाली
ढूंढो खोजो उसे रिझाओ
भाूलो खुद को देखो उसको
फिर कुछ याद न रह पाएगा
राम रतन मिल जाएगा
प्राण रूप में राम चेतना
हर लेगी घोर वेदना
अभाय मंत्र है राम रतन
राम रतन अनंत प्रकाश
दिव्य ध्वनि ओंकार
और न कुछ सुन पाओगे
राम नाम सांसों में
राम प्रवाह धमनियों में
पलकों में नयन ज्योत में
हाथो की करतल ध्वनि में
आंसू बनकर राम रतन
ढलकता गालों पर
दीनों के प्रति करुणा जल
राम रतन ही बरसाता
भाूखे प्यासे की तृप्ति
राम रतन ही अन्न जल
गति भाी और स्थिरता भाी
भाोर और सांझ बेला
प्रचंड शक्ति दुपहरिया की
पतझड़ हरियाली दोनों
हास्य रुदन सब राम रतन
राम निरंतर है प्रवाह
सूर्य चंद्र तारे गवाह
विवेक भाक्ति की कुदाल से
खनन करो निज स्वरूप का
स्वयं हृदय में बसते राम
पाओगे तुम राम रतन
उसकी चमक आंख में तेरी
उसकी ध्वनि ही कानों में
भाुजाओं में बल उसका
जिह्वा पर वाणी
ज्ञान उसी का
गति पैरों में
प्राण और मुक्ति वही
अंतर्मन की चकाचौंध में
बाह्य जगत विस्मृत होगा
तुझमें प्रकाश
प्रकाश में तुम
राम रतन पा जाओगे
भोद सभी मिट जाएंगे
मीठा अधिक शबरी का जूठा
भील निषाद गले का हार
राम रतन का यह प्रसाद
अखंड अहरनिश रामोच्चार
रटते रटते स्वयं तुम्हीं
राम रतन बन जाओगे
राम बहेंगे नस नस में
राम नाम की आंच जले
ऊष्मा में सब तापें हाथ
होगा सुख कल्पना से परे
क्यों करते संग्रह कचरे का
राम रतन ही श्रेष्ठ संपदा
इसीलिए मीरा ने गाया
पायो जी मैंने राम रतन धन
पायो ।

**साहित्यकार राजलक्ष्मी सहाय ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर चौदह वर्षों के वनवास पर लगातार चौदह कविताएं लिखी हैं। इनमें से सात आज प्रकाशित हो रहे हैं। शेष कल के अंक में प्रकाशित होंगे।**

**सम्पादक**